MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

जीवदया का लाभ लीजिऐ...
Spl. 9 days Scheme ₹ 1125/- Daily 1 Packet (50 Rotis)
"पहली रोटी गाय की"
गायों के लिए दान अवश्य करें। क्योंकि इससे सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।
7842223545
UPI : 7842223545@centralbank
पेमेंट करने के बाद स्क्रीन शॉट जरूर शेर करे।
9395508877 / 9493366772
Scan QR Code & Join WhatsApp Group for latest updates

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । मंगलवार, 10 सितंबर, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-6 । अंक-252

### कोलकाता डॉक्टर दुष्कर्म-हत्या मामले में आंदोलनकारी डॉक्टरों को सुप्रीम चेतावनी

# आज शाम पांच बजे तक काम पर नहीं लौटे तो होगी कार्रवाई



**सीआईएसएफ जवानों को आवास सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए राज्य सरकार**

**एफआईआर में 14 घंटे की देरी हुई, कुछ जरूरी दस्तावेज भी गायब, मामला गड़बड़ लगता है**

**शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को गायब डॉक्यूमेंट कोर्ट में पेश करने का दिया आदेश**

**नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार से कोलकता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ ही आंदोलनकारी डॉक्टरों से मंगलवार शाम पांच बजे तक अपने-अपने काम पर लौटने का सोमवार को निर्देश दिया। वहीं शीर्ष कोर्ट ने सीआईएसएफ जवानों की सुविधाओं पर कोर्ट ने राज्य के गृह सचिव को आदेश दिया कि सभी जवानों को रहने के लिए घर मुहैया कराया जाए। ये जवान अस्पताल की सुरक्षा के लिए आए हैं। उनको अतिरिक्त सुरक्षा उपकरण भी दिए जाएं। इस दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले की जांच को लेकर स्टेटस रिपोर्ट पेश की। बंगाल सरकार ने भी कोर्ट को स्थिति रिपोर्ट सौंपी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। इसमें बताया गया है कि जब डॉक्टर काम नहीं कर रहे थे, तब 23 लोगों की मौत हो गई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सीबीआई से नई स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने जांच एजेंसी को एक हफ्ते का समय दिया है। इसके बाद कोर्ट ने मामले पर सुनवाई 17 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी।

सीबीआई की स्टेटस रिपोर्ट में कई बातें सामने आईं। कोर्ट ने कहा कि, एफआईआर में 14 घंटे की देरी हुई है। वहीं कुछ जरूरी दस्तावेज भी गायब हैं। ऐसे में मामला गड़बड़ लगता है। कोर्ट ने राज्य सरकार को मिसिंग डॉक्यूमेंट कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने नौ अगस्त को उस कॉलेज की 31 वर्षीया एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में जांच प्रगति विवरण और अन्य पहलुओं पर विचार करने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने कथित दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ एक माह से लगातार हड़ताल, धरना, प्रदर्शन कर रहे पश्चिम बंगाल के डॉक्टरों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे कल शाम 5 बजे तक अपनी-अपनी ड्यूटी पर लौट आएं, नहीं तो राज्य सरकार उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि डॉक्टरों का विरोध उनकी ड्यूटी की कीमत पर नहीं हो सकता।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हमने दो दिन का समय दिया है। युवा डॉक्टरों को अब अपने अपने काम पर वापस लौटना चाहिए। हम जानते हैं कि जमीनी स्तर पर क्या हो रहा है। पहले काम पर लौटें। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। आपको अब काम पर लौटना होगा। यदि आप काम पर नहीं आते हैं, तो आपके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए किसी को जिम्मेदार न ठहराएं। पीठ ने इस चेतावनी के साथ ही हड़ताली डॉक्टरों को यह भी आश्वासन दिया ▶10 पर

### मुश्किलों में फंसीं मुख्यमंत्री ममता का बेहूदा बयान

## दुर्गा पूजा समीप इसलिए पुलिस कमिश्नर को मैंने इस्तीफा देने से रोका

**कोलकाता, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले को सोमवार को पूरा एक महीना बीत गया है। पूरे देश में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। आरजी कर अस्पताल में हुई दरिंदगी के बाद से लगातार पुलिस कमिश्नर के इस्तीफे की मांग उठ रही है। अब इस मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा खुलासा किया है। उनका कहना है कि पिछले हफ्ते कोलकाता पुलिस कमिश्नर खुद उनके पास इस्तीफा देने आए थे। मगर दुर्गा पूजा का समय पास में है। ऐसे में किसी को कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में पता होना चाहिए। इसलिए उन्हें इस्तीफा देने से रोक दिया।

ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य सचिवालय में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान हम सभी को सतर्क रहना होगा। धर्म व्यक्तिगत है लेकिन त्यौहार सभी का है। दुर्गा पूजा हमारा सबसे बड़ा त्यौहार है और बंगाल को बदनाम करने की कोई साजिश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ टीवी चैनल सिर्फ टीआरपी के लिए लोगों को भड़का रहे हैं। कुछ लोग बंगाल में आग लगाना चाहते हैं।सीएम ने कहा कि कुछ चैनल लगातार बंगाल को बदनाम करने के लिए उकसा रहे हैं। वे बंगाल के लोगों का अपमान करने की कोशिश कर रहे हैं। वे भूल गए हैं कि बंगाल के लोग साल भर इस सबसे बड़े त्यौहार का इंतजार करते हैं। यह बड़े व्यवसाय का समय है।

लेकिन कुछ लोग आर्थिक विनाश चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते कोलकाता पुलिस कमिश्नर खुद मेरे पास आकर इस्तीफा देने की इच्छा जता रहे थे। लेकिन हमारे पास दुर्गा पूजा नजदीक है लेकिन किसी को कानून एवं व्यवस्था की स्थिति के बारे में पता होना चाहिए। इसलिए हमने उन्हें रोक दिया।



***धर्म व्यक्तिगत है लेकिन त्यौहार सभी का है, यह बड़े व्यवसाय का समय है***

***कुछ लोग बंगाल को आग में झोंकना और उसका आर्थिक विनाश चाहते हैं***

***वे बंगाल के लोगों का अपमान करने की कोशिश कर रहे***

### सेना और वायु सेना ने जीएसवी के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

## प्रभावी लॉजिस्टिक प्रणाली तैयार करने में मदद मिलेगी : राजनाथ



**नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** सेना और वायु सेना के कर्मियों के कौशल और क्षमता को बढ़ाने के लिए सोमवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी), वडोदरा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गये।

समझौता ज्ञापन दोनों सेनाओं को लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में उच्च विशेषज्ञता हासिल करने में सक्षम बनाएगा। यह लॉजिस्टिक्स संचालन के विभिन्न पहलुओं पर आन्तरिक विशेषज्ञता का विकास सुनिश्चित करेगा और राष्ट्रीय विकास योजनाओं पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान 2021 तथा राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति 2022 में प्रभावी ढंग से योगदान देगा। रक्षा मंत्री ने इस सहयोग को सशस्त्र बलों की लॉजिस्टिक्स प्रणाली को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साझेदारी के रूप में वर्णित किया और साथ ही इसे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक्स अब केवल सशस्त्र बलों का सहायक कार्य नहीं है बल्कि सैन्य अभियानों और राष्ट्रीय सुरक्षा में ▶10 पर

## रक्षा मंत्रालय ने सुखोई के इंजन के लिए एचएएल के साथ 26 हजार करोड़ का अनुबंध किया

नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्रालय ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से सुखोई -30 विमानों के लिए 26,000 करोड़ रुपए की लागत से 240 ए एल -31 एफ पी एयरो इंजन की खरीद के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और एच ए एल के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

इन एयरो इंजन का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन में किया जाएगा ▶10 पर

### सुप्रीम कोर्ट से अभिषेक और रुजिरा बनर्जी को झटका

## ईडी के समन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज



**नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल नौकरी घोटाले को लेकर नई दिल्ली में पूछताछ के लिए भेजे गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी रुजिरा की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिकाकर्ता बनर्जी दंपत्ति की अपील खारिज करते हुए उन्हें आवश्यकता अनुसार ईडी के समक्ष पेश होने को कहा। ईडी ने याचिकाकर्ताओं को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अपने समक्ष पेश होने के लिए कहा था, जिसे चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था उनका मूल निवास स्थान कोलकाता है। इसी आधार पर उन्होंने ईडी के समन को चुनौती दी थी। ▶10 पर

## भारत और यूएई के बीच पांच बड़े समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

### अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन जायद अल नाहयान दो दिवसीय भारत दौरे पर

**नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन जायद अल नाहयान दो दिवसीय भारत दौरे पर हैं। क्राउन प्रिंस के दौरे के बीच भारत और अबू धाबी के बीच पांच समझौते हुए हैं। इनमें अधिकांश समझौते परमाणु ऊर्जा और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को लेकर हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इन समझौतों से भारत-यूएई के संबंध मजबूत होंगे।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक एमिरेट्स न्यूक्लियर एनर्जी कंपनी (ईएनईसी) और न्यूक्लियर पावर कोऑपरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीस-ीआईएल) के बीच बराख परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन और रखरखाव को लेकर समझौता हुआ है। इसके अलावा अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच लंबे समय तक एलएनजी (तरल प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति के लिए समझौता हुआ। साथ ही एडीएनओसी और इंडिया स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड के बीच एमओयू साइन किया गया। इसके अलावा ऊर्जा भारत और एडीएनओसी के बीच अबू धाबी ओमशोर ब्लॉक एक के लिए उत्पादन रियायत समझौता हुआ है। वहीं भारत में फूड पार्क के लिए विकास पर गुजरात सरकार और अबू धाबी विकास होल्डिंग कंपनी पीजेएससी के बीच समझौता हुआ।



क्राउन प्रिंस के रूप में अल नाहयान का यह पहला आधिकारिक भारत दौरा है। 10 सितंबर को अल नाहयान मुंबई के लिए रवाना होंगे। मुंबई में वह एक बिजनेस फोरम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में दोनों देशों के कई बिजनेस लीडर भी शामिल होंगे। मंत्रालय ने बताया कि भारत और अबू धाबी के बीच ऐतिहासिक रूप से करीब और मित्रवत संबंध रहे हैं। हाल के वर्षों में कई क्षेत्रों में भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी गहरी हुई है। जिनमें व्यापार, निवेश, राजनीतिक, संपर्क, ऊर्जा, तकनीक, शिक्षा और संस्कृति शामिल हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल फरवरी में अबू धाबी का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने अबू धाबी के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की थी।

## जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सुरक्षाबलों ने मारे 2 आतंकी

**राजौरी, 09 सितंबर (ब्यूरो)।** सेना ने सोमवार को राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर के लाम इलाके में घुसपैठ रोधी अभियान में दो आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर लिखा कि, संभावित घुसपैठ के बारे में खुफिया एजेंसियों और जम्मू कश्मीर पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर, भारतीय सेना ने 08-09 सितंबर

***भारी तादाद में हथियार बरामद***

24 की रात को नौशेरा के लाम क्षेत्र में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया। सेना ने कहा कि दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है और दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध सामग्री बरामद की गई है। तलाशी अभियान जारी है। सेना ने दावा किया कि जम्मू क्षेत्र के नौशेरा सेक्टर के लाम इलाके में घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान मारे गए दो आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में ▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 26°
न्यूनतम : 23°

### अमेरिका में राहुल ने देश के प्रति फिर उगला जहर, कहा-

## सब कुछ मेड इन चाइना है इसलिए भारत में रोजगार की दिक्कत

**टेक्सास, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** राहुल गांधी विपक्ष के नेता के तौर पर पहली बार विदेश दौरे पर हैं। वे रविवार को अमेरिका के टेक्सास राज्य पहुंचे। यहां उन्होंने 2 कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। पहले उन्होंने डलास में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के छात्रों से भारतीय राजनीति, इकोनॉमी और भारत जोड़ो यात्रा समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। राहुल ने कहा, भारत में सब मेड इन चाइना है। चीन ने प्रोडक्शन पर ध्यान दिया है इसलिए चीन में रोजगार की दिक्कतें नहीं हैं। कार्यक्रम में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा, राहुल गांधी पप्पू नहीं है, वे पढ़े-लिखे हैं और किसी भी मुद्दे पर गहरी सोच रखने वाले स्ट्रैटजिस्ट हैं। कार्यक्रम में राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के तौर पर जिम्मेदारी, भारत के आर्थिक हालात, रोजगार समेत 6 मुद्दों पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा विपक्ष के नेता के तौर पर मेरा रोल संसद में सरकार के खिलाफ बोलना और उन्हें तानाशाह बनने से रोकने तक सीमित नहीं है। मुझे लगता है कि मेरा रोल भारत की राजनीति में प्यार, सम्मान और विनम्रता लाना है। ▶10 पर



**पित्रोदा बोले- राहुल के पास विजन, वो पप्पू नहीं**

**मोहब्बत की दुकान से थोक में बांटी जा रही नफरत**

### अमेरिका में राहुल के बयान पर भड़की भाजपा

## चीन के पैसों पर पल रहे कांग्रेसी नेता :गिरिराज

**नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर हैं, जहां उन्होंने डलास के टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों से बातचीत की। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत में रोजगार की समस्या है। वहीं राहुल गांधी के इस बयान पर भाजपा नेताओं की तरफ से जमकर निशाना साधा गया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे भारत की तारीफ करने की बजाय वो विदेश जाकर भारत को गाली दे रहे हैं और चीन की तारीफ कर रहे हैं, दुश्मन देश की तारीफ कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि वो चीन के पैसों पर पल रहे हैं और विदेश जाकर चीन की ब्रांडिंग कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए जो भारत से बाहर जाकर भारत की आलोचना करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने आरएसएस पर राहुल गांधी की टिप्पणी पर कहा, कि अगर उनकी दादी के पास जाकर ▶10 पर

TIBCON CAPACITORS
It's all about SAVING ENERGY AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59



# पाकिस्तान के कुर्रम जिले में अफगानिस्तान तालिबान के दो कमांडर ढेर

**पेशावर, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

**पाकिस्तान में कुर्रम जिले के पास अफगानिस्तान सीमा पर मुल्क के सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच झड़प में दो प्रमुख कमांडरों सहित आठ अफगान सैनिकों की मौत हो गई और कम से कम 16 घायल हो गए।**

सूत्रों के हवाले से खबर अपनी वेबसाइट पर आज जारी की है। अफगान तालिबान ने सैनिकों की मदद से शनिवार सुबह पाकिस्तान-अफगान सीमा पर पालोसिन इलाके में पाकिस्तान की एक चेक पोस्ट पर घातक हथियारों से हमला किया।

इस बाद दोनों पक्षों में झड़प हुई। इस झड़प में आठ अफगान तालिबान मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए।मारे गए प्रमुख कमांडर के नाम खलील और जान मोहम्मद हैं।

इस घटना पर इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब अफगान सैनिकों ने सीमा पर तैनात पाकिस्तान सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की है।

पहले भी पाकिस्तान ऐसी घटनाओं पर काबुल के साथ अपनी चिंता साझा कर चुका है। अफगान तालिबान पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के अलावा अब अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बलों पर खुलेआम हमला कर रहा है।

तनावपूर्ण सुरक्षा स्थिति के कारण सप्ताहांत में दोनों देशों के बीच व्यापार निलंबित रहा। रविवार को भी सीमा पर रुक-रुक कर गोलीबारी हुई।

इस बीच रविवार को सेंट्रल कुर्रम के मार्घन इलाके में किए गए हमले में एफसी का एक अधिकारी शहीद हो गया और तीन कर्मी घायल हो गए।

## न्यूज ब्रीफ

### इटली के आशिक मिजाज संस्कृति मंत्री ने गर्लफ्रेंड को दे दिया बड़ा पद



**रोम।** इटली के आशिक मिजाज संस्कृति मंत्री जेननारो सांग्युलियानो ने प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी। यह पूरा मामला मंत्री जी द्वारा अपनी गर्लफ्रेंड को सलाहकार बनाने से जुड़ा है। दरअसल, खुद को फैशन इंटरप्रेन्योर करने वाली मंत्री की गर्लफ्रेंड मारिया रोसारिया बोकिया ने पिछले महीने ने कहा कि उन्हें प्रमुख आयोजनों के लिए मंत्री का सलाहकार नामित किया था। शुरुआत में संस्कृति मंत्री ने ऐसी नियुक्ति से इनकार किया, लेकिन बाद में उन्होंने यह स्पष्ट किया कि उन्होंने ऐसा करने के लिए सहमति दे दी थी। बाद में हितों के टकराव के कारण उन्होंने अपना विचार बदल लिया था। मामले ने तूल पकड़ा तो शुक्रवार को मंत्री ने प्रधानमंत्री मिलोनी को अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा, मैं संस्थानों और अपने लिए अपना इस्तीफा सौंपना आवश्यक समझता हूं। पहले से शादीशुदा संस्कृति मंत्री जेननारो सांग्युलियानो ने अपनी इस हरकत को पहले टीवी चैनल पर स्वीकारा और बाद में अपनी पत्नी से माफी भी मांगी। वो इस वक्त पीएम मेलोनी को अपना इस्तीफा सौंप चुके हैं। संस्कृति मंत्री रहे सांग्युलियानो ने टीवी इंटरव्यू में यह स्वीकार किया कि उनका बोकिया के साथ संबंध था। उन्होंने अपनी पत्नी और पीएम मिलोनी से इसके लिए माफी भी मांगी। मंत्री ने यह भी कहा कि मेलोनी ने उनके इस्तीफे के पहले प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। इंटरव्यू के तुरंत बाद यह मामला पीएम के लिए जी का जंजाल बन गया। सभी प्रमुख अखबरों के फ्रंट पेज पर यह खबर छाई रही। इस मामले की तुलना पिछले सेक्स-और-राजनीति घोटालों से की गई, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी द्वारा आयोजित बंगा बुंगा पार्टियाँ भी शामिल थीं ।

### शारजाह से ढाका जा रहे विमान में यात्री की तबीयत बिगड़ी, कराची में कराई गई आपात लैंडिंग, नहीं बच सकी जान



**कराची।** पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची में आज एक अंतरराष्ट्रीय विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। दरअसल बीच हवा में एक यात्री की तबीयत खराब होने की वजह से यह फैसला करना पड़ा। शारजाह से ढाका जा रहे इस विमान के कराची में उतरते ही यात्री की सांस थम चुकी थी। खबर के अनुसार, इस विमान की आपात लैंडिंग कराची के जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर राई गई। यह विमान शारजाह से ढाका जा रहा था, तभी यात्री की तबीयत बिगड़ गई। पायलट ने एटीसी से कराची एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत मांगी। क्लीयरेंस मिलने के बाद विमान की आपात लैंडिंग कराई गई। इसके बाद नागरिक उड्डयन प्राधिकरण की मेडिकल टीम ने यात्री की जांच की। इसमें साफ हुआ कि आपात लैंडिंग से पहले ही यात्री मर चुका था ।

### लड़के ने डेटिंग के लिए लगाई अर्जी महफिल लूट ले गया कंपनी का जवाब



**बैंकॉक ।** आज बात एक ऐसे कर्मचारी की, जिसने बिना किसी लाग-लपेट के अपने मैनेजर से गर्लफ्रेंड के साथ डेट पर जाने के लिए लीव मांग ली। वैसे छुट्टी मांगने का स्ट्रगल तो हर कर्मचारी का होता है लेकिन समझदार और अच्छे बॉस हों तो कर्मचारी को छुट्टी से लिए ज्यादा सोचना नहीं पड़े। लीव मांगना दफ्तर में सबसे मुश्किल काम होता है। हालांकि आज बात एक ऐसी कंपनी की, जो कर्मचारी की पर्सनल प्रॉब्लम को भी इतने सही तरीके से डील कर रही है कि आप हैरान रह जाएंगे। कर्मचारी ने बॉस ने डेट पर जाने के लिए छुट्टी मांग ली। ये मामला थाईलैंड का है। यहां की मार्केटिंग एजेंसी व्हाइटलाइन ग्रुप के एक कर्मचारी ने अपनी कंपनी को शिकायत की थी कि उसे डेटिंग पर जाना है, पर काम इतना ज्यादा है कि इसके लिए वक्त नहीं मिल पा रहा। मैनेजर ने इस मामले में अलग की लेवल का एक्शन लिया। बात कंपनी तक पहुंची और इसके सॉल्यूशन के तौर पर शुरू कर दी गई- 'टिंडर लीव'। ये अनोखी छुट्टी कंपनी में जुलाई से दिसंबर तक चलने वाली है, जिसमें कर्मचारी कभी भी डेटिंग के लिए छुट्टी ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें एक हफ्ते पहले नोटिस देना होगा और उनके पैसे भी इसके लिए नहीं कटेंगे।

# ट्रंप ने दी धमकी बोले-आप डॉलर छोड़ रहे हैं तो अमेरिकी व्यापार भूल जाइए,भारत को झटका

**वॉशिंगटन, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव लड़ रहे डोनाल्ड ट्रंप अपने प्रतिद्वंदियों पर आरोपों की बौछार करते करते दुनिया के तमाम देशों को भी धमकाने लगे हैं। उन्होंने विस्कॉन्सिन राज्य में एक रैली के दौरान तमाम देशों को धमकाते हुए कहा कि यदि आप डॉलर छोड़ रहे हैं तो अमेरिका के साथ व्यापार को भूल जाइए। क्योंकि हम आपके ऊपर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप का यह बयान ब्रिक्स देशों के ऊपर हमला समझा जा रहा है, जो डॉलर की जगह किसी और मुद्रा को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनाना चाहते हैं। ब्रिक्स देशों के अलावा कई और देश हैं जो कि आपसी व्यापार के समय डॉलर को बायपास करने का सोचते हैं। डोनाल्ड ट्रंप को एक भारत समर्थक राष्ट्रपति के रूप में देखा जाता है। हालांकि ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान लागू की गई संरक्षणवादी नीतियों से भारत को भी घाटा हुआ था।

टैरिफ की सीधी लड़ाई भले ही चीन और अमेरिका के बीच में हुई हो लेकिन इसमें भारत की कंपनियों को भी नुकसान हुआ था। भारत ब्रिक्स समूह का हिस्सा है, जो कि डी-डॉलरीकरण की बात करता है। भारत भी लगातार अपने व्यापार को डॉलर से अलग करके अपने रुपए में करने की इच्छा रखता है। यूक्रेन युद्ध के समय भारत ने रूस से जितना भी व्यापार किया है वह मुद्रा विनिमय या फिर किसी और मुद्रा के रूप में किया है। इसके अलावा भारत कच्चे तेल का बहुत बड़ा आयातक देश है, हमनें सऊदी समेत कई देशों के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाया है और उन देशों के साथ अपनी मुद्रा में व्यापार को आगे बढ़ाया है। इसके अलावा भारत का रिजर्व बैंक भी भारतीय यूपीआई को अमेरिका पेमेंट सिस्टम स्विफ्ट की जगह स्थापित करना चाहता है। इसलिए ट्रंप की इस धमकी को भारत से भी जोड़ कर देखा जा रहा है, क्योंकि अगर ट्रंप यह करते हैं तो भारत के व्यापार पर इसका असर पड़ना तय है। भारत के अलावा अन्य देश भी डॉलर पर अपनी निर्भरता को खत्म करना चाहते हैं, सऊदी अरब, चीन और रूस इसमें सबसे बड़े खिलाड़ी साबित हुऐ हैं।

अपने पिछले कार्यकाल के दौर में अमेरिका फर्स्ट की नीति लेकर संरक्षणवादी रवैया रखने वाले ट्रंप ने रैली के दौरान कहा कि पिछले आठ सालों में डॉलर लगातार एक बड़ी घेराबंदी का शिकार हुआ है, पिछले



साल एक समूह के सम्मेलन में डी-डॉलरीकरण को लेकर भी चर्चा हुई। ट्रंप ने कहा कि मैं चाहता हूं कि डॉलर दुनिया की आरक्षित मुद्रा बनी रहे और इस काम के लिए में कुछ भी करने को तैयार हूं। आईएमएफ के अनुसार, 2024 की पहली तिमाही में अमेरिकी मुद्रा अभी भी विदेशी मुद्रा भंडार का 59 प्रतिशत है, जबकि यूरो लगभग 20 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है।दरअसल, डॉलर के खिलाफ दुनियाभर में बढ़ती विरोध की आवाज ने अमेरिका को परेशान कर रखा है। ट्रंप ने अपने आर्थिक सलाहकारों से चर्चा के बाद ही यह बयान दिया है। ट्रंप या कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉलर के प्रभुत्व को दुनिया पर से कम नहीं होने देना चाहेगा, क्योंकि अगर ऐसा हुआ तो दुनिया पर से उनका प्रभाव कम हो जाएगा। अमेरिका की अर्थव्यवस्था को डॉलर के वैश्विक मुद्रा होने का बहुत फायदा होता है। इससे अमेरिका को मिलने वाले लोन में आसानी होती है। अमेरिका हर साल अपने बॉन्ड जारी करता है और लोगों से करेंसी उठाता है। इससे अमेरिका का अर्थव्यवस्था को लगातार बढ़ते रहने में आसानी होती है। जापान ने अमेरिका के करीब 1 ट्रिलियन डॉलर के बॉन्ड खरीद रखे हैं तो वहीं चीन ने करीब 750 बिलियन डॉलर के, लेकिन पिछले कुछ सालों से अमेरिका की आर्थिक हालत को देखते लोग डॉलर की जगह किसी और मुद्रा को नई अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा बनाना चाहते हैं। चीन का युआन इस दौड़ में सबसे आगे हैं।

## प्याज के अर्क से ब्लड शुगर को 50 प्रतिशत तक कर सकते हैं कम, ताजा रिसर्च के बाद वैज्ञानिकों ने किया यह दावा

**लंदन ।** ताजा रिसर्च में ब्लड शुगर कंट्रोल करने का एक अनोखा तरीका सामने आया है, जिसके जरिए आप घर बैठकर महज कुछ रुपए में इस परेशानी से काफी हद तक राहत पा सकते हैं। ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए प्याज का सेवन सबसे सस्ता और कारगर तरीका है। प्याज के अर्क से ब्लड शुगर को 50 पप्याज के अर्क से ब्लड शुगर को 50 प्रतिशत तक कर सकते हैं कम, ताजा रिसर्च के बाद वैज्ञानिकों ने किया यह दावप्रतिशत तक कम किया जा सकता है। प्याज का अर्क, एलियम सेपा और मेटाफॉर्मिन से डायबिटीज को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। यह बात अमेरिका में प्रजेंट किए गए एक रिसर्च पेपर में सामने आई है। मेटाफॉर्मिन डायबिटीज को कंट्रोल करने वाली दवा है, जिसे सबसे ज्यादा यूज किया जाता है। इस रिसर्च के लीड इन्वेस्टिगेटर का कहना है कि डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए प्याज सबसे सस्ता और आसानी से उपलब्ध सामान है। रिसर्च के दौरान शोधकर्ताओं ने डायबिटिक चूहों को 400 मिलीग्राम और 600 मिलीग्राम प्याज का अर्क दिया था, जिससे उनके ब्लड शुगर लेवल में 50प्रतिशत और 35प्रतिशत कमी देखने को मिली। इतना ही नहीं प्याज से हाई कोलेस्ट्रॉल के लेवल में भी काफी कमी दर्ज की गई। जिन चूहों को डायबिटीज नहीं थी, उन चूहों का इसकी वजह से वजन बढ़ गया, जबकि डायबिटिक चूहों के वजन में कोई बदलाव नहीं हुआ। शोधकर्ताओं का कहना है कि प्याज में हाई कैलोरी नहीं होती और मेटाबॉलिक रेट बढ़ जाता है। इसकी वजह से भूख बढ़ जाती है और लोग ज्यादा खाना खाना शुरू कर देते हैं। इन दिनों डायबिटीज की समस्या बेहद तेजी से बढ़ रही है। कम उम्र के लोग भी डायबिटीज की चपेट में आते जा रहे हैं और इसकी वजह से हार्ट डिजीज का खतरा भी बढ़ रहा है। पिछले दिनों एक रिसर्च सामने आई थी जिसमें खुलासा हुआ था कि अगले 20 सालों में दुनियाभर में डायबिटीज के मामलों की संख्या करोड़ों में हो जाएगी। इस रिसर्च ने सभी की नींद उड़ा दी है। डायबिटीज एक महामारी की तरह लोगों को अपनी चपेट में ले रही है।

# बांग्लादेश के मशहूर चित्रकार मुस्तफा मोनवार जीवन रक्षक प्रणाली पर



**ढाका, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

**बांग्लादेश के मशहूर चित्रकार, मूर्तिकार और सांस्कृतिक व्यक्तित्व मुस्तफा मोनवार को ढाका के एक निजी अस्पताल में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। उन्हें प्यार से बांग्लादेश के कठपुतली पुरुष के रूप में जाना जाता है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, वह लंबे समय से विभिन्न शारीरिक समस्याओं से पीड़ित हैं। इनमें निमोनिया और प्रोस्टेट कैंसर प्रमुख हैं।**

ढाका से छपने वाले अखबार ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, उनकी शनिवार को अचानक हालत बिगड़ गई। परिवार ने उन्हें स्क्वायर अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। मुस्तफा मोनवार को कुछ दिन पहले इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया था। वहां से प्रोस्टेट कैंसर का इलाज कराने के बाद वह घर लौटे और स्वस्थ थे।

उनका लोकप्रिय टेलीविजन कठपुतली शो मोनेर कोथा 12 वर्षों तक बीटीवी पर चला। यह बेहद लोकप्रिय हुआ। इसे 90 के दशक में बच्चों ने सबसे ज्यादा पसंद किया। एकुशी पदक विजेता इस कलाकार ने ईस्ट पाकिस्तान कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स में व्याख्याता के रूप में अपना करियर शुरू किया। बाद में, वह पीटीवी (अब बांग्लादेश टेलीविजन) की पूर्वी पाकिस्तान शाखा के महानिदेशक बने।

मुस्तफा मोनवार ने बांग्लादेश शिल्पकला अकादमी और राष्ट्रीय मीडिया संस्थान के महानिदेशक के रूप में भी काम किया। वह बांग्लादेश फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक और बांग्लादेश शिशु अकादमी के अध्यक्ष भी रहे। एक सितंबर को उन्होंने अपना 89वां जन्मदिन मनाया। उनका जन्म 1935 में जेसोर में प्रख्यात कवि गोलम मोस्टोफा के घर हुआ था।

# दक्षिण वजीरिस्तान में पोलियो टीम को ले जा रहे पुलिस वाहन पर हमला



**इस्लामाबाद, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान में पोलियो उन्मूलन अभियान से जुड़े लोगों पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। पोलियो का सबसे ज्यादा प्रकोप वजीरिस्तान में है और यहीं सबसे ज्यादा हमले हो रहे हैं। अब दक्षिण वजीरिस्तान से ऐसी ही घटना सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण वजीरिस्तान में पोलियो टीम को ले जा रहे पुलिस वाहन पर हमले में कम से कम दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह घटना वाना में हुई। पुलिस वाहन पोलियो टीम के साथ ड्यूटी पर था। अचानक भीड़ ने हमला कर दिया। हमले में दो पुलिसकर्मियों सहित तीन घायल हो गए।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कल देश से पोलियो के पूर्ण उन्मूलन को सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष पोलियो विरोधी अभियान शुरू किया है। इसमें 115 जिलों को शामिल किया गया है। इस अभियान के तहत पांच साल से कम उम्र के 30 मिलियन बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। 15 सितंबर तक करीब 286,000 पोलियो कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाएंगे।

# नाइजीरिया में पेट्रोल टैंकर में विस्फोट 48 से ज्यादा लोगों की मौत

**नाइजर, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

**नाइजीरिया में कल दोपहर एक पेट्रोल टैंकर में हुए विस्फोट में 48 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। नाइजीरिया के समाचार पत्र के मुताबिक, यह हादसा उत्तर-मध्य राज्य नाइजर में बिदा-अगाई-लापाई राजमार्ग पर दोपहर लगभग 12:30 हुआ। नाइजर इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी के महानिदेशक अब्दुल्ला-बाबा-अरा ने इसकी पुष्टि की।**



उन्होंने कहा कि आपदा स्थल राज्य के एगेई स्थानीय सरकारी क्षेत्र में डेंडो समुदाय से दो किलोमीटर दूर है। अब्दुल्ला-बाबा-अरा ने कहा कि यह हादसा तब हुआ जब लागोस के रास्ते में कानो राज्य के बुडिल से यात्रियों और मवेशियों से भरे एक ट्रेलर ट्रक से पेट्रोल से भरा एक टैंकर टकरा गया।

इसकी चपेट में एक क्रेन और एक पिकअप वैन भी आ गए। उन्होंने कहा कि 48 से अधिक लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। 50 से अधिक गायें जिंदा जल गईं। महानिदेशक ने कहा कि एजेंसी की रैपिड रिस्पॉन्ड टीम और अन्य स्थानीय आपातकालीन प्रबंधन समितियां (एलजीईएमसी) घटनास्थल पर पहुंचीं। अभी भी शव ट्रकों के अंदर फंसे हुए हैं।

# बच्चों को विदेश में गोद लेने की मंजूरी देने की प्रथा बंद करेगा चीन

**पिछले 30 साल में लगभग 150,000 चीनी बच्चों को विदेश में गोद लिया गया**

**बीजिंग, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

चीन ने घोषणा की है कि वह बच्चों को विदेश में गोद लेने की मंजूरी देने की प्रथा बंद करेगा। इसकी वजह से मौजूदा वक्त में बच्चों को गोद लेने के लिए कोशिश कर रहे विदेशी परिवारों में असमंजस पैदा हो गया है। पिछले 30 साल में कम से कम 150,000 चीनी बच्चों को विदेश में गोद लिया गया है। इनमें से 82,000 से अधिक बच्चे अमेरिका गए हैं, जो दुनिया में कहीं और से ज्यादा संख्या है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भविष्य में चीन केवल उन विदेशी नागरिकों को चीनी बच्चों को गोद लेने की अनुमति देगा, जो उनके रिश्तेदार हैं। विदेश में चीनी बच्चों को गोद लेने पर




प्रतिबंध लगाए जाने से अमेरिका में सैकड़ों परिवारों के लिए असमंजस के हालात पैदा हो गए हैं, जो मौजूदा समय में चीन से बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया में लगे हुए हैं। अमेरिका अब चीन के नागरिक मंत्रालय से इस बारे में स्पष्टीकरण मांग रहा है। 1990 के दशक में चीन में विदेश में बच्चों को गोद लेने की नीति को औपचारिक रूप दिया गया था, तब से दसियों हजार बच्चों को गोद लिया गया है। जिनमें से लगभग आधे अमेरिका में माता-पिता को दिए गए हैं। चीन के बच्चों को गोद लेने वाली हस्तियों में मेग रयान और वुडी एलन भी शामिल हैं। हालांकि चीन के बच्चों को विदेश में गोद देने का प्रोग्राम कई बार आलोचनाओं के घेरे में आया है। 2013 में चीनी पुलिस ने 92 किडनैप किए गए बच्चों को बचाया और तस्करी नेटवर्क के संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि चीन की विवादों से गिरी एक-बच्चा नीति ने कई परिवारों को अपने बच्चों को छोड़ने के लिए मजबूर किया। इस पॉलिसी को 1979 में शुरू किया गया था। जब चीन अपनी बढ़ती जनसंख्या के बारे में चिंतित था। नियमों को नहीं मानने वाले परिवारों पर जुर्माना लगाया गया और कुछ मामलों में, नौकरी भी चली गई। इससे एक ऐसी संस्कृति पैदा हो गई जिसमें लड़कियों की तुलना में लड़कों को तरजीह दी जाती है। यानी कि माता-पिता अपनी लड़कियों को छोड़ देते थे। उस समय आलोचकों ने चीन की एक-बच्चा नीति और गोद लेने के कानूनों की ओर इशारा किया था, जिसके बारे में उनका कहना था कि इसने बच्चों को खरीदने के लिए एक संपन्न अंडरग्राउंड मार्केट तैयार कर दिया है। कई देशों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बच्चों को गोद लेने के बारे में चिंता जाहिर की है। बहरहाल 2016 में चीन ने एक-बच्चा नीति को खत्म कर दिया। 2021 में बीजिंग ने तीन बच्चे पैदा करने की अनुमति देने के लिए कानूनों में संशोधन किया।

# भाजपा ने विद्रोह दबाने के लिए रुष्ट नेताओं को दी नई जिम्मेदारियां

**जम्मू, 09 सितंबर (ब्यूरो)।**

जम्मू कश्मीर में अपने नेताओं को शांत करने के लिए, भाजपा ने सोमवार को टिकट से वंचित नेताओं को नई जिम्मेदारी सौंपी हैं। भाजपा द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व मंत्री सत शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह को अभियान प्रभारी नियुक्त किया गया है।

पार्टी के अनुसार, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा-पीडीपी सरकार में मंत्री सत शर्मा को फिर से जम्मू कश्मीर भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने पिछली विधानसभा में जम्मू पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था, लेकिन अब उनकी जगह अरविंद गुप्ता को उम्मीदवार बनाया गया था।



पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह को पार्टी की प्रचार समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया है। वह कठुआ जिले के बिलावर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक थे, लेकिन पार्टी ने इस क्षेत्र से सतीश शर्मा को मैदान में उतारा। इसके अलावा, पार्टी ने पूर्व मंत्री सुखनंदन चौधरी को अभियान का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। एक अन्य पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को चुनाव प्रबंधन समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया है। वह बाहू निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी टिकट के आकांक्षी थे, जहां से पार्टी ने विक्रम रंधावा को मैदान में उतारा। गुप्ता पूर्ववर्ती गांधी नगर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे, जिसे अब बाहू और जम्मू दक्षिण में विभाजित कर दिया गया है।

# पहले चरण में 36 दागी नेता मैदान में

**जम्मू, 09 सितंबर (ब्यूरो)।**

जम्मू कश्मीर में हो रहे विधानसभा चुनावों में पहले चरण में 36 दागी नेता भी मैदान में हैं। एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जम्मू कश्मीर में पहले चरण के चुनाव के लिए मैदान में उतरे 36 उम्मीदवारों ने उनके खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

अपनी रिपोर्ट में, एडीआर ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में पहले चरण के चुनाव के लिए मैदान में उतरे 219 उम्मीदवारों में से 36 (16 परसेंट) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसने कहा कि 25 (11 परसेंट) ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक आरोप घोषित किए हैं। उनमें से, चार उम्मीदवारों ने घोषित किया है कि उनके खिलाफ हत्या के प्रयास के मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में उम्मीदवारों के चयन में राजनीतिक दलों पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि उन्होंने फिर से आपराधिक मामलों वाले लगभग 16 प्रतिशत उम्मीदवारों को टिकट देने की अपनी पुरानी प्रथा का पालन किया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में चुनाव लड़ने वाले सभी प्रमुख दलों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित करने वाले 6 प्रतिशत से 43 प्रतिशत उम्मीदवारों को टिकट दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार, दो उम्मीदवारों ने घोषित किया है कि उनके खिलाफ महिलाओं से संबंधित मामले दर्ज हैं। उनमें से एक ने घोषित किया है कि उसके खिलाफ बलात्कार से संबंधित मामला दर्ज है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, कोकरनाग सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे अनवर जान के खिलाफ 23 मामले दर्ज हैं। अनवर एर रशीद के नेतृत्व वाली अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के उम्मीदवार हैं, लेकिन पार्टी के अन्य उम्मीदवारों की तरह, वह स्वतंत्र रूप से लड़ रहे हैं क्योंकि पार्टी को अभी भी भारत के चुनाव आयोग के साथ पंजीकृत होना बाकी है। दिलचस्प बात यह है कि कोकरनाग में प्रमुख राजनीतिक दलों के सभी उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जो अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। नेशनल कांफ्रेंस के महबूब इकबाल, जो डोडा जिले की भद्रवाह सीट से लड़ रहे हैं, ने घोषणा की है कि उनके खिलाफ छह मामले दर्ज हैं, यह रिपोर्ट से पता चलता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि डोडा सीट से अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप के मेहराज मलिक के खिलाफ छह मामले दर्ज हैं। हारून रशीद खटाना (पीडीपी- कोकरनाग सीट), मुहम्मद वकार (अपनी पार्टी- कोकरनाग), शफकत मीर (आम आदमी पार्टी- डोरी) और अब्दुल मजीद खान (भीम सेना-शांगस अनंतनाग पूर्व) के खिलाफ तीन-तीन मामले दर्ज हैं।

# सेना और नौसेना के साझा अभियानों के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी

**नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने समुद्र और जमीन पर सेना और नौसेना के संयुक्त अभियानों के संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इसके लिए संयुक्त सिद्धांत यानी एम्फीबियस डोक्टराइन जारी कर दिया।



जनरल चौहान ने सोमवार को यहां चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीओएससी) की बैठक के दौरान इस तरह के अभियानों के संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी किया। यह एक प्रमुख प्रकाशन है जो मौजूदा जटिल सैन्य माहौल में संचालन के लिए कमांडरों को मार्गदर्शन प्रदान करेगा। यह क्षमता सशस्त्र बलों को युद्ध और शांतिकाल दोनों में हिंद महासागर क्षेत्र में विभिन्न अभियान चलाने का अधिकार देती है। ये अभियान मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का एक महत्वपूर्ण घटक हैं और सशस्त्र बलों के बीच सामंजस्य तथा एकीकरण का सबसे अच्छा उदाहरण हैं। साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत के बाद जमीन और समुद्र दोनों में कार्रवाई के लिए जारी किया जाने वाला यह दूसरा संयुक्त सिद्धांत है।

# भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास युद्ध अभ्यास-2024 का 20वां संस्करण सोमवार को राजस्थान की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ।




रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह सैन्य अभ्यास 9 से 22 सितंबर तक होगा। यह युद्ध अभ्यास 2004 से हर वर्ष भारत और अमेरिका में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। अभ्यास में 600 कर्मियों वाली भारतीय सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन के साथ-साथ अन्य हथियारों और सर्विस के कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। अमेरिकी टुकड़ी का प्रतिनिधित्व अमेरिकी सेना की अलास्का स्थित 11 वीं एयरबोर्न डिवीजन की 1-24 बटालियन के सैनिक कर रहे हैं। संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय सात के तहत आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। यह अभ्यास अर्ध-रेगिस्तानी क्षेत्र में संचालन पर केंद्रित होगा।

इस दौरान किये जाने वाले सामरिक अभ्यासों में आतंकवादी कार्रवाई के लिए संयुक्त जवाबी हमला, संयुक्त योजना और संयुक्त क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास शामिल हैं। युद्ध अभ्यास दोनों पक्षों को संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम बनाएगा। इससे दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता और सौहार्द्र विकसित करने में मदद मिलेगी। संयुक्त अभ्यास से रक्षा सहयोग भी बढ़ेगा तथा दोनों मित्र राष्ट्रों के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे।

# मोदी ने देशवासियों से पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन करने का आग्रह किया

**नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया है। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है और प्रधानमंत्री ने उससे पहले लोगों से यह आग्रह किया है।

श्री मोदी ने समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जमीनी स्तर के नायकों को पहचानने के महत्व पर जोर दिया। नामांकन प्रक्रिया के पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने पहले ही प्राप्त नामांकन की संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त की है और अधिक लोगों से आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों के लिए योग्य उम्मीदवारों को नामांकित करने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, पिछले दशक में, हमने अनगिनत जमीनी स्तर के नायकों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। पुरस्कार विजेताओं की जीवन यात्रा ने अनगिनत लोगों को प्रेरित किया है। उनके समृद्ध कार्य में उनका धैर्य और दृढ़ता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सहभागी बनाने की भावना से, हमारी सरकार लोगों को विभिन्न पद्म पुरस्कारों के लिए दूसरों को नामांकित करने के लिए आमंत्रित करती रही है। मुझे खुशी है कि कई नामांकन आए हैं। नामांकन की आखिरी तारीख इस महीने की 15 तारीख है। मैं अधिक से अधिक लोगों से प्रेरक व्यक्तित्वों को पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकित करने का आग्रह करता हूं।

# देश में मंकीपॉक्स के दो रोगी

**नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

देश में बहुचर्चित मंकीपॉक्स से पीड़ित दो रोगियों की पुष्टि हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां देश में मंकीपॉक्स के दो रोगियों की पुष्टि करते हुए बताया कि दो अलग-अलग व्यक्तियों में पश्चिम अफ्रीकी क्लेड 2 के विषाणु की मौजूदगी की पुष्टि है। मंत्रालय ने कहा कि दोनों रोगियों की हालत स्थिर है और तत्काल कोई संकट नहीं है।

मंकीपॉक्स के पहले संदिग्ध मामले की पुष्टि यात्रा के दौरान संबंधित संक्रमण के रूप में की गई है। प्रयोगशाला परीक्षण में रोगी में पश्चिम अफ्रीकी क्लेड 2 के मंकीपॉक्स विषाणु की मौजूदगी की पुष्टि की गयी है। मंत्रालय ने कहा है कि सामने आए मामले जुलाई 2022 से भारत में रिपोर्ट किए गए पहले के 30 मामलों के समान है, और वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का हिस्सा नहीं है जो मंकीपॉक्स के क्लेड 1 से संबंधित है।

# बस्तर संभाग में इस वर्ष 153 से अधिक नक्सली ढेर

**रायपुर, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर माओवादी आतंक को समाप्त करने के लिए वर्ष 2024 में अब तक बस्तर संभाग में माओवादियों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप 153 से अधिक माओवादियों के शव विभिन्न मुठभेड़ों के पश्चात सुरक्षा बलों ने बरामद किए हैं।



उल्लेखनीय है कि विगत आठ महीनों में बस्तर संभाग के अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा तेलंगाना राज्य के निवासी माओवादी कैडर डीकेएसजेडसी सदस्य जोगन्ना, डीकेएसजेडसी सदस्य रंधीर,टीएससी सदस्य, सीआरसी कमाण्डर सागर,डीवीसीएम विनय उर्फ रवि जैसे शीर्ष माओवादी कैडर्स के शव विभिन्न मुठभेड़ के पश्चात बरामद की गई एवं इस अवधि में महाराष्ट्र राज्य निवासी माओवादी कैडर एसीएम संगीता उर्फ सन्नी तथा ओडिशा निवासी पीपीसीएम लक्ष्मी का भी शव मुठभेड़ के पश्चात बरामद किया गया। इस प्रकार बड़ी संख्या में अन्य प्रांत के रहने वाले शीर्ष माओवादी कैडर्स का नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मारा जाना छत्तीसगढ़ में पहली बार हुआ है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी. ने बताया कि प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई माओवादी संगठन द्वारा एक रणनीति के तहत सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान स्थानीय नक्सली कैडर्स को एक मानव सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करते हुये बाहरी राज्य के शीर्ष माओवादी कैडर्स द्वारा मौके का फायदा उठाकर अपनी जान बचाकर भाग जाते हैं। लेकिन हाल-फिलहाल में हुये मुठभेड़ों के दौरान बाहर राज्य के शीर्ष माओवादी कैडर्स की यह रणनीति विफल होते हुये नजर आ रही है। पुलिस को विश्वनीय सूत्रों से मिल रही सूचना से यह बात सामने आ रही है कि वर्ष 2024 में तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांत के सीनियर कैडर्स की हो रही दुर्गति को देखते हुये माओवादी संगठन के शीर्ष नेतृत्व में खलबली मच गई है, जिससे बाहर के माओवादी कैडर्स द्वारा स्थानीय माओवादी कैडर्स के ऊपर संदेह एवं शक करते हुये, उन्हें कई प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे माओवादी संगठन में विश्वासघात व विद्रोह की स्थिति निर्मित हो रही है।

उपरोक्त परिस्थिति में छह सितंबर, 2024 को जिला कांकेर के थाना परतापुर क्षेत्र अंतर्गत मलमपेंटा जंगल में राजनांदगांव-कांकेर डिवीजन के एसीएम विज्जा मड़काम को उन्हीं के खुद के माओवादी संगठन के नेतेलगू कैडर नेता विजय रेड्डी के ईशारे पर माओवादियों ने संगठन के साथ गद्दारी करने का आरोप लगाकर हत्या कर दी।

माओवादी शीर्ष नेतृत्व द्वारा माओवादी संगठन के इन सभी अंदरूनी कलह से खुद के माओवादी कैडर तथा जनता का ध्यान भटकाने के लिये ख़ुद के द्वारा मारे नक्सलियों को पुलिस मुखबिर/क्रान्तिकारी विरोधी/संगठन की गद्दारी करने जैसे मनगढ़ंत कहानी बताते हुये झूठे एवं तथ्यविहीन प्रेस विज्ञप्ति जारी की जा रही है। श्री सुन्दरराज ने बताया कि विगत दिनों माओवादी संगठन को बस्तर संभाग अंतर्गत दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ईलाका में भारी क्षति उठाना पड़ा है, जिसके कारण प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी संगठन अभी दिशा-विहीन एवं नेतृत्व विहीन हो चुका है। बाहरी प्रांत के शीर्ष माओवादी नेतृत्व विगत 30-40 वर्षा से स्थानीय माओवादी कैडर्स को सिर्फ एक मानव सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करते हुये करोड़ों-अरबो रुपयों की लूट-खसोट की गई है। अब स्थानीय माओवादी कैडर्स के सामने बाहरी नक्सल कैडर्स बेनकाब होते जा रहे हैं, जिसके कारण से माओवादियों में आपस में विश्वासघात एवं विद्रोह की स्थिति बढ़ते जा रहा है।

पुलिस महानिरीक्षक ने यह भी बताया कि अब स्थानीय माओवादियों कैडर्स के पास हिंसा छोड़कर शासन के समक्ष आत्मसमर्पण करने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं बचा है। बस्तर क्षेत्र के शांति, सुरक्षा एवं विकास के लिये यह उचित होगा की प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई माओवादी संगठन कुछ शीर्ष कैडर तथा उनके गिने-चुने समर्थकों की साजिश, चंगुल से बाहर आकर माओवादी कैडर्स समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर सुरक्षित एवं विकसित बस्तर की भागीदारी बने।

# शिमला में उपजा मस्जिद विवाद पूरे क्षेत्र में फैला

**शिमला, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

हिमाचल की राजधानी शिमला के संजौली में उपजा मस्जिद विवाद अब पूरे शहर व आसपास के क्षेत्रों में फैल गया है।

शिमला में बाहर से आने वाले समुदाय विशेष के लोगों के खिलाफ लोगों का आक्रोश बढ़ गया है।

लोगों ने बाहरी राज्य से आए लोगों के सर्टिफिकेट चेक करना शुरु कर दिए हैं। इसी कड़ी में शिमला के घणाहट्टी का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें बात कर रहे लोगों के अनुसार तीन बाहरी लोगों की जन्मतिथि एक जैसी होने पर बवाल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, वायरल वीडियो शिमला के घणाहट्टी का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में लोग साफ बात करते हुए दिखाए दे रहे हैं। यह कहा जा रहा है कि तुम्हारी सबकी जन्मतिथि एक जैसी कैसे है। स्थानीय लोग युवक से कह रहे है कि आपके पास कोई भी डॉक्यूमेंट सही नहीं है। जिसके बाद बवाल बढ़ गया और मकान मालिक को फ़ोन करने की बात हो रही है। हालांकि वीडियो पुराना बताया जा रहा है। पर संजौली में उपजे मस्जिद विवाद के बाद तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो गया है।

# विदिशा में नदी में बहे पांच लोगों के शव रेस्क्यू कर निकाले गए

**विदिशा, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में नदी में बह गये पांच लोगों के शव को रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिये गये है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विदिशा जिले के तीन स्थानों पर कल नदी में पांच लोग बह गये थे। सभी के शव को आज सुबह रेस्क्यू कर निकाल लिये गये हैं। बांग्ला घाट पर एक किशोर और एक युवक पानी में बह गये थे, रंगई के बंदा पर दो व्यक्ति डूब गये थे तथा गंजबासौदा के बर्री घाट पर भी एक युवक के डूबने की खबर थी।



होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मयंक जैन ने बताया कि होमगार्ड और एसडीआरएफ की मदद से तीनों स्थानों पर सर्चिंग अभियान चलाया सभी स्थानों से शवों को रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया गया।

उन्होंने बताया कि बांग्ला घाट पर अंकित अहिरवार और कृष्णा अहिरवार नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गए थे। रंगई स्थित बंदा पर एसएएफ और बीएसएफ के जवान पानी में डूब गए थे। वही गंजबासौदा के बर्री घाट पर एक युवक डूब गया था। रेस्क्यू कर सभी पांचों शव को बरामद कर लिया गया है।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। साथ ही भगवान महाकाल से दिवंगतों की पुण्यात्माओं को शांति देने और परिजन को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। उन्होंने विदिशा जिला प्रशासन को पीड़ित परिवार को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि एवं एसएएफ जवान के परिजन को शासकीय नियमानुसार सहायता राशि प्रदान करने के लिए निर्देशित किया है। डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से अतिवृष्टि के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ने की स्थिति में सावधानी बरतने एवं सुरक्षित रहने की अपील की है।

# श्रीनगर में आग लगने से तीन मकान क्षतिग्रस्त



**श्रीनगर, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सोमवार को आग लगने से तीन मकान क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे संपत्ति को भारी नुकसान हुआ।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अग्निशमन एवं आपातकाल सेवा के अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह सात बजे गट्ट कॉलोनी नूरबाग में एक मकान में आग लग गई, जिसने पास के दो अन्य घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग से एक घर की पहली और दूसरी मंजिल और दो घरों के एक हिस्से को भारी नुकसान हुआ। आग की बढ़ती लपटों को बुझाने के लिए शहर के अग्निशमन केंद्रों से कई दमकल गाड़ियों को भेजा गया। उन्होंने बताया कि किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# आज का राशिफल

## मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

आपको कामकाम के मोर्चे पर धक्का लग सकता है, क्योंकि आपकी सेहत आपके साथ नहीं है और इसके चलते आपको कोई ज़रूरी काम अधर में ही छोड़ना पड़ सकता है। ऐसे हालात में धैर्य और होशियारी से काम लें। जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। बच्चे आपको अपनी उपलब्धियों से गर्व का अनुभव कराएंगे। आपको अपनी ओर से सबसे अच्छा बर्ताव करने की ज़रूरत है, जब आपको लगता है कि आपके पास घर वालों या अपने दोस्तों के लिए टाइम नहीं है तो आपका मन खराब हो जाता है ।

## वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आपका बच्चों जैसा भोला स्वभाव फिर सतह पर आ जाएगा और आप शरारती मनोदशा में होंगे। जेवर और एंटीक में निवेश फ़ायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। बच्चे को अपनी उम्मीदों के मुताबिक़ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करें। हालाँकि किसी चमत्कार की उम्मीद न करें। आपका प्रोत्साहन निश्चित तौर पर बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ाएगा।धन को इतनी अहमियत न दें कि आपके रिश्ते ही खराब हो जाएँ। यह बात याद रखें कि धन मिल सकता है लेकिन रिश्ते नहीं।

## मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह

अगर आप यात्रा पर जाने वाले हैं तो अपने कीमती सामान का ध्यान रखें उसके चोरी होने की संभावना है। खासकर अपने पर्स को आज बहुत संभालकर रखें। घर पर कोशिश करें कि कोई आपकी वजह से आहत न हो और परिवार की ज़रूरतों के मुताबिक़ ख़ुद को ढालें। आज आपके पास लोगों से मिलने–जुलने का और अपने शौक़ पूरे करने का पर्याप्त खाली वक़्त है । जीवनसाथी के साथ आपका रिश्ता मज़बूत होगा। जब आपके पास ज़्यादा खाली समय हो, तो नकारात्मक विचार आपको ज़्यादा परेशान करते हैं। अत: सकारात्मक पुस्तकें पढ़ें ।

## कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

मौज–मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। आज आपकी कोई बुरी आदत आपके प्रेमी को बुरी लग सकती है और वो आपसे नाराज हो सकते हैं। आज आप कोई नई पुस्तक खरीदकर किसी कमरे में खुद को बंद करके पूरा दिन गुजार सकते हैं। जीवनसाथी के साथ हँसते–खिलखिलाते, हर पल के मज़े लेते हुए आप महसूस करेंगे कि आप किशोरावस्था में लौट गए हैं। आध्यात्म की ओर आज आपका झुकाव देखा जा सकता है और आप किसी आध्यात्मिक गुरु से मिलने जा सकते हैं।

## सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

अपने नकारात्मक रवैये के चलते आप प्रगति नहीं कर पा रहे हैं। जो लोग अब तक पैसे को बेवजह खर्च कर रहे थे आज उन्हें समझ आ सकता है कि पैसे की जीवन में क्या अहमियत है क्योंकि आज अचानक आपको पैसे की जरुरत पड़ेगी और आपके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। आपका अड़ियल स्वभाव आपके माता–पिता का चैन छीन सकता है। बिना किसी को बताए आज आप अकेले वक्त बिताने घर से बाहर जा सकते हैं। लेकिन आप अकेले तो होंगे लेकिन शांत नहीं आपके दिल में आज के दिन कई चिंताएं हैं होंगी।

## कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

अगर मुमकिन हो तो लम्बे सफ़र पर जाने से बचें, क्योंकि लम्बी यात्राओं के लिए अभी आप कमज़ोर हैं और उनसे आपकी कमज़ोरी और बढ़ेगी। किसी भी तरह का निवेश करने से पहले उस व्यक्ति के बारे में भली–भांति जाँच–पड़ताल कर लें। दोस्तों के साथ शाम को घूमने बाहर जाएँ, इससे आपको बहुत फ़ायदा होगा। आज आप अपने प्रेमी के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे लेकिन किसी जरुरी काम के आने की वजह से यह प्लान कामयाब नहीं हो पाएगा जिसकी वजह से आप दोनों के बीच कहासुनी हो सकती है। आज अचानक तबीयत खराब हो सकती है जिससे आप सारे दिन भर परेशान रह सकते हैं।

## तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

आज इस राशि के कुछ बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी। आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान ख़रीद सकते हैं। बेवजह का शक रिश्तों को खराब करने का काम करता है। आपको भी अपने प्रेमी पर शक नहीं करना चाहिए। यदि किसी बात को लेकर आपके मन में उनके प्रति संशय है तो उनके साथ बैठकर हल निकालने की कोशिश करें। शाम का वक्त अच्छा रहे इसके लिए आपको दिनभर मन लगाकर काम करने की जरुरत है। लंबे समय से कामकाज का दबाव आपके वैवाहिक जीवन के लिए कठिनाई खड़ा कर रहा है।

## वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

आपका स्पष्ट और निडर नज़रिया आपके दोस्त के अहम्‌को ठेस पहुँचा सकता है। आज आप आसानी से पैसे इकट्ठा कर सकते हैं– लोगों को दिए पुराने कर्ज़ वापिस मिल सकते हैं– या फिर किसी नयी परियोजना पर लगाने के लिए धन अर्जित कर सकते हैं। आपको ख़ुश रखने के लिए आपके बच्चे जो कुछ बन पड़ेगा, वह करेंगे। अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। अपने जीवनसाथी के चलते आप महसूस करेंगे कि स्वर्ग धरती पर ही है। माता के साथ आज आप अच्छा समय बिता सकते हैं, आज वो आपसे आपकी बचपन की बातें शेयर कर सकती हैं।

## धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

अपने स्वास्थ्य को लेकर ज़्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। आज के दिन आपको अपने उन दोस्तों से बचकर रहने की जरुरत है जो आपसे उधार मांगते हैं और फिर उसे लौटाते नहीं हैं। आपको बच्चों या ख़ुद से कम अनुभवी लोगों के साथ धैर्य से काम लेने की ज़रूरत है। जो लोग अपने प्रेमी से दूर रहते हैं उन्हें आज अपने प्रेमी की याद सता सकती है। आज लोग आपकी वह प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। किसी दोस्त की सहायता करके आज आप अच्छा महसूस कर सकते हैं।

## मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

लंबे समय से चली आ रही अपनी बीमारी का इलाज अपनी मुस्कान से करें, क्योंकि यह सभी परेशानियों की सबसे कारगर दवा है। बीते दिनों में जितना धन आपने आज को बेहतर बनाने के लिए इनवेस्ट किया था उसका फायदा आज आपको फायदा मिल सकता है। एक पारिवारिक आयोजन में आप सभी के ध्यान का केन्द्र होंगे। कोई आपको दिल से सराहेगा। शादीशुदा ज़िन्दगी के नज़रिए से चीज़ें काफ़ी अच्छी रहेंगी। जीवन की उलझनों का हल आपको खुद ढूंढने की जरुरत है क्योंकि लोग आपको बस सलाह दे सकते हैं और कुछ नहीं।

## कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

आउटडोर खेल आपको आकर्षित करेंगे– ध्यान और योग आपको फ़ायदा पहुँचाएंगे। आज किसी करीबी से आपका झगड़ा हो सकता है और बात कोर्ट कचहरी तक जा सकती है। जिसकी वजह से आपका अच्छा खास धन खर्च हो सकता है। नाती–पोतों से आज काफ़ी ख़ुशी मिल सकती है। व्यक्तिगत मार्गदर्शन आपके रिश्ते में सुधार लाएगा। परोपकार और सामाजिक कार्य आज आपको आकर्षित करेंगे। अगर आप ऐसे अच्छे कामों में थोड़ा समय लगाएँ, तो काफ़ी सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

## मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

अपनी बीमारी के बारे में चर्चा करने से बचें। ख़राब तबियत से ध्यान हटाने के लिए कोई और दिलचस्प काम करें। क्योंकि इस बारे में आप जितनी ज़्यादा बात करेंगे, उतनी ही ज़्यादा तकलीफ़ आपको होगी। आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है. ऐसे काम करें जिनसे आपको ख़ुशी मिले, लेकिन दूसरों के मामलों में दख़लअंदाज़ी से बचें। अपने घर परिवार के साथ समय बिताने की जरुरत है। आपका जीवनसाथी आपको इतना बेहतरीन पहले कभी महसूस नहीं हुआ। आपको उनसे कोई बढ़िया सरप्राइज़ मिल सकता है। आपके दोस्त आपके काम नहीं आते यह शि–कायत आज आपको हो सकती है।

## मंगलवार का पंचांग

दिनांक : 10 सितंबर 2024 , मंगलवार
विक्रम संवत : 2081
मास : भाद्रपद , शुक्ल पक्ष
तिथि : सप्तमी रात्रि 11:13 तक
नक्षत्र : अनुराधा रात्रि 08:03 तक
योग : विष्कुंभ रात्रि 12:29 तक
करण : गर प्रात: 10:39 तक
चन्द्रराशि : वृश्चिक
सूर्योदय : 06:03 , सूर्यास्त 06:22 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:08 , सूर्यास्त 06:24 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:01, सूर्यास्त 06:17 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:55 , सूर्यास्त 06:13 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 09:00 से 10:30
लाभ : 10:30 से 12:00
अमृत : 12:00 से 01:30
राहुकाल : सायं 03:00 से 04:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : सन्तान सप्तमी , गौरी आवाहन, महालक्ष्मी व्रत आरंभ , दूबडी सप्तमी , भद्रा रात्रि 11:13 से , गण्डमूल रात्रि 08:04 से

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *



पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# राजस्थान दुनिया के उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए खुले मन से स्वागत करने को आतुर : भजनलाल

**सियोल/जयपुर, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान अपने यहां पूरी दुनिया के उद्यमियों को उद्योग और व्यापार स्थापित करने के लिए खुले मन से स्वागत करने को आतुर है।

श्री शर्मा ने सोमवार को दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट–2024 के दक्षिण कोरिया में आयोजित पर्यटन क्षेत्र के इन्वेस्टर्स मीट के दौरान यह बात कही। इस मौके उन्होंने दक्षिण कोरियाई निवेशकों को राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है जो तेजी से उभरता हुआ औद्योगिक प्रगति का केंद्र है और अपने यहां पूरी दुनिया के उद्यमियों को उद्योग और व्यापार स्थापित करने के लिए खुले मन से स्वागत करने को आतुर है। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरियाई उद्यमियों के साथ ऐसा हम संबंध स्थापित करना चाहते हैं, जो पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ दो महान देशों भारत और दक्षिण कोरिया के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को भी सशक्त बनाए। प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में निवेश करके, आप एक ऐसे बाजार में प्रवेश कर सकते हैं जो परंपरा और नवीनता, दोनों को समान महत्व देता है और दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा मैं आप सभी को राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाओं की खोज करने के लिए आमंत्रित करता हूं। हमारी सरकार आपके निवेश की यात्रा में हर कदम पर सहयोग करने के लिए तैयार है। साथ मिलकर हम राजस्थान के लिए एक सुनहरा भविष्य बना सकते हैं और हमारे दोनों महान देशों के बीच मित्रता को और मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बेहतरीन बुनियादी ढ़ांचे, कनेक्टिविटी और सुविधाओं के साथ, राजस्थान आपके निवेश को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। राजस्थान की संस्कृति, ऐतिहासिक स्थलों और वास्तुशिल्प को देखने के लिए दुनिया भर से लाखों की संख्या में सैलानी आते हैं। पर्यटन के लिए दुनिया भर में पहचान रखने वाला राजस्थान एक उद्यमी राज्य के तौर पर भी तेजी से पहचान स्थापित कर रहा है।



उन्होंने कहा कि इसके लिए हम दक्षिण कोरियाई उद्यमियों के साथ ऐसा संबंध स्थापित करना चाहते हैं, जो पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ–साथ दो महान देशों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को भी सशक्त बनाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान के दीपावली, होली, तीज, मरु महोत्सव, पुष्कर मेला जैसे जीवंत त्योहार और उत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाते हैं। इसी तरह कोरिया के त्योहार भी रंग, संगीत, नृत्य, और परंपराओं से भरपूर होते हैं, जो दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। दोनों देशों की कला और शिल्प एक ऐसा सेतु है, जो हमें गहराई से जोड़ता है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की भूमि इतिहास परंपराओं और असीम संभावनाओं से परिपूर्ण है, जो आपके साथ विकास, साझेदारी और सहयोग के लिए अपार अवसर प्रदान करती है। प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में निवेश करके, आप एक ऐसे बाजार में प्रवेश कर सकते हैं जो परंपरा और नवीनता, दोनों को समान महत्व देता है और दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करता है। हमारे निवेश मॉडल आर्थिक विकास और पारिस्थितिक संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने पर केंद्रित है, जिससे हमारी प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण भी हो सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने सियोल में पॉस्को इंटरनेशनल और एसजी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात की। इस बैठक में पॉस्को इंटरनेशनल के ग्लोबल बिजनेस (न्यू बिजनेस) के उपाध्यक्ष शिन डे–हो, एसजी कॉरपोरेशन के सीईओ सेओ ओहजिन और पॉस्को के अन्य अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने पॉस्को इंटरनेशनल के बारे में एक संक्षिप्त प्रस्तुति भी दी और राजस्थान में सड़कों को बेहतर बनाने के लिए एक इकाई लगाने की भी पेशकश की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मुख्यमंत्री के एसीएस शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (उद्योग) अजिताभ शर्मा और राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

# आपा ने हरियाणा विधानसभा के लिए 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**चंडीगढ़/नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

आम आदमी पार्टी (आपा) के हरियाणा विधानसभा के लिए अपने 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने के बाद कांग्रेस के साथ गठबंधन की चर्चाओं पर विराम लग गया है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक ने आज यहां हरियाणा विधानसभा के 20 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की जिसमें नारायणगढ़ से गुरपाल सिंह, कलायत से अनुराग ढांडा, पुंडरी से नरेंद्र शर्मा और घरौंडा से जयपाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा इनमें असंध से अमनदीप जुंदला, समालखा से बिट्टू पहलवान, उचाना कलां से पवन फौजी, दाबवली से कुलदीप गदराना, रानिया से हैप्पी रानिया, भिवानी से इन्दु शर्मा, मेहम से विकास नेहरा, रोहतक से बिजेंद्र हुड्डा, बहादुरगढ से कुलदीप चिकारा, बादली से रणवीर गुलिया, बेरी से सोनू अहलावत, महेन्द्रगढ से मनीष यादव, नरनौल से रवींद्र मातरू, बादशाहपुर से बीर सिंह सरपंच, सोहना से धर्मेंद्र खटाना और बल्लभगढ़ से रवींद्र फ़ौजदार को प्रत्याशी बनाया गया है। आपा के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने एक्स पर उम्मीदवारों की सूची साझा करते आम आदमी पार्टी के सभी प्रत्याशियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# भव्य बिश्नोई ने भरा नामांकन

**हिसार, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने सोमवार को आदमपुर से भाजपा प्रत्याशी भव्य बिश्नोई के चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया और बाद में भव्य बिश्नोई ने नामांकन भरा।

स्थानीय गोपीराम धर्मशाला में स्थापित किये गये मुख्य चुनाव कार्यालय में सुबह हवन यज्ञ किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि पार्टी बैठक में टिकट वितरण की बात आयी तो आदमपुर को लेकर सबने एकमत से भव्य बिश्नोई का नाम दिया। उन्होंने कहा, यह लोगों के प्यार और विश्वास की झलक है। न केवल हरियाणा बल्कि पूरा देश जानता है की 56 सालों से हम और आप एक दूसरे की पहचान हैं। यह



पहचान अगले 56 सालों तक भी ऐसे ही कायम रहेगी, ऐसी मेरी उम्मीद है। इस दौरान रणधीर पनिहार, विधानसभा प्रभारी मंदीप मलिक, संयोजक विनोद ऐलावादी, जयवीर गिल, मनीष ऐलावादी, ब्लॉक समिति चेयरमैन हंसराज, मंडल अध्यक्ष सुरजभान महला, चंद्रपाल भादू, शशीकांत शर्मा हलके के विभिन्न गांवों के सरपंचों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यालय शुभारंभ के बाद भव्य बिश्नोई ने हिसार स्थित लघु सचिवालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ कुलदीप बिश्नोई, पूर्व विधायक रेनुका बिश्नोई, रणधीर पनिहार और विक्रांत बिश्नोई सहित पारिवारिक सदस्य थे। नामांकन में दिये गये शपथ पत्र के अनुसार भव्य बिश्नोई के पास एक लाख 90 हजार रुपये नकद एक करोड़ 59 लाख 39 हजार 635 रुपये का बैंक खातों डिपोजिट और चल–अचल संपत्ति 32 लाख 649 रुपये बाँड, म्युचवल फंड और शेयर, 2,96,00,591 का ऋण, एक करोड़ रुपये की ज्वैलरी आदि है।

# जयपुर में दो दिवसीय सामुदायिक रेडियो कार्यशाला की हुई शुरुआत

**जयपुर, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया एवं अंतिम मील कनेक्टिविटी बनाने की क्षमता पर चर्चा और इसका व्यापक प्रसार करने के उद्देश्य से सोमवार को जयपुर में केन्द्र सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा एक कार्यशाला आयोजित की गयी।

सीकिंग मॉडर्न एप्लीकेशन फॉर रियल ट्रांसफॉर्मेशन (स्मार्ट) नई दिल्ली और स्थानीय भागीदार के रूप में रेडियो 7 राजस्थान के सहयोग से इसका आयोजन किया जा रहा है। पत्र सूचना कार्यालय की अपरमहानिदेशक ऋतु शुक्ला ने इस दो दिवसीय सामुदायिक रेडियो जागरूकता कार्यशाला के उद्घाटन भाषण में कहा कि आज का दौर ग्लोबल से लोकल का दौर है, जिसके फलस्वरूप सामुदायिक रेडियो का महत्व बहुत बढ़ जाता है क्योंकि वह हर व्यक्ति से अपने स्तर पर संपर्क स्थापित कर सकता है।

उन्होने कहा कि ऐसे कई क्षेत्र हैं, जो मीडिया से अभी भी अछूते हैं और वहां सामुदायिक रेडियो स्टेशन के द्वारा मुख्यधारा में जोड़े जा सकते हैं। सूचना के बढ़ते चैनलों के बावजूद इसकी प्रासंगिकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सामुदायिक रेडियो सूचना का एक विश्वसनीय स्रोत हैं, इसलिए जब वे कुछ कहते हैं तो समुदाय सुनता है।

कार्यशाला के उदघाटन सत्र में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अतिरिक्त निदेशक जी एस केसरवानी ने बताया कि केन्द्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा पूरे देश में सामुदायिक रेडियो स्टेशन जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मीडिया से वंचित जिलों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। सरकार हर जिले में कम से कम एक सी आर स्टेशन रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि हाल में संशोधित नीति दिशानिर्देशों ने एक संगठन द्वारा 6 स्टेशन स्थापित करने की अनुमति दी है, जबकि पहले एक संगठन में केवल एक स्टेशन होता था।

स्मार्ट की संस्थापक अर्चना कपूर ने स्थानीय आवाज़ों को सशक्त बनाने में सामुदायिक रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि सामुदायिक रेडियो का माध्यम व्यक्तियों, समूहों और समुदायों को अपनी कहानियां सुनाने, अनुभव साझा करने और सामग्री निर्माता बनने में सक्षम बनाता है, विशेष रूप से उन मुद्दों को संबोधित करता है जो स्थानीय लोगों के लिए लोकप्रिय और प्रासंगिक हैं लेकिन मुख्यधारा के मीडिया में कोई स्थान नहीं पाते हैं। इस कार्यशाला में राजस्थान, गुजरात और हरियाणा से 45 प्रतिभागियों भाग ले रहे हैं। इन सभी प्रतिभागियों ने अपने राज्यों में आदिवासी, सामाजिक और विकास के मुद्दों के साथ किसान विज्ञान केंद्रों पर काम करने वाले जमीनी स्तर के समुदाय–आधारित संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों का प्रतिनिधित्व किया। यहां सामुदायिक रेडियो से जुड़े विभिन्न वर्गों के लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। जिनमें उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण और आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह स्थानीय समुदायों को जागरूक करने और उन्हें सशक्त बनाने में मदद कर सकता है। सुदूर क्षेत्रों में सामुदायिक रेडियो की अपनी एक बड़ी भूमिका है।

## द्रौपदी वाले बयान से भाजपा ने किया किनारा

# यह बृजभूषण का व्यक्तिगत बयान : मोहनलाल बड़ोली

**जींद, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली सोमवार को उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र अत्री का नामांकन पत्र दाखिल करवाने पहुंचे। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत में मोहनलाल बड़ोली ने कहा कि देवेंद्र अत्री युवा हैं और उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र से भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। बृजभूषण द्वारा द्रौपदी का नाम लेकर दिए बयान पर बड़ोली ने कहा कि यह बृजभूषण का व्यक्तिगत ब्यान है, इससे पार्टी का कोई लेना देना नहीं है।

उचाना कलां विधानसभा सीट राजघरानों की सीट होने पर बड़ोली बोले कि ऐसा कुछ नहीं है। यहां के लोग अब दुष्यंत चौटाला और बीरेंद्र सिंह को हराकर उचाना के सेवक के रुप में देवेंद्र अत्री को मौका देंगे। दुष्यंत चौटाला द्वारा भाजपा के हारने के बयान पर मोहनलाल बड़ोली ने कहा कि दुष्यंत चौटाला कुछ भी बोल सकते हैं।

लोकतंत्र में सभी को बोलने की आजादी है। भाजपा में फूट के सवाल पर मोहनलाल ने कहा कि भाजपा में कोई फूट नहीं है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएंगे।

## विनेश के फैसले से ताऊ महाबीर खफा : बोले

# विनेश नेता तो बन जाएगी, पर ओलंपिक मेडलिस्ट नहीं कहला पाएगी

**चरखी दादरी, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

द्रोणाचार्य अवार्डी महाबीर फौगाट ने कहा है कि विनेश ने राजनीति में आने का फैसला लेने में जल्दबाजी की। इससे वह नेता तो बन जाएगी, लेकिन ओलंपिक मेडलिस्ट नहीं कहला पाएगी। उसे वर्ष 2028 के ओलंपिक का इंतजार करना चाहिए था। इस बार वह यकीनन पदक विजेता बनती।

कुश्ती से संन्यास लेकर हाल ही में कांग्रेस ज्वाइन करने और जींद के जुलाना से चुनाव मैदान में उतरी ओलंपियन विनेश फौगाट के ताऊ उनके राजनीति में आने के फैसले से खफा हैं। महाबीर ने कहा, विनेश में काबिलियत है। इस बात के पूरे चांस थे कि वह अगले ओलंपिक में स्वर्ण पदक देश की झोली में डालती। बेहतर होता वह राजनीति में आने के लिए चार साल इंतजार कर लेती। विनेश के प्रारंभिक कुश्ती कोच महाबीर ने कहा कि राजनेता को लोग पांच साल बाद भूल जाते हैं, लेकिन ओलंपिक पदक विजेता हमेशा याद किए जाते हैं। वे लाखों–करोड़ों युवाओं की प्रेरणा बन



जाते हैं। अफसोस, विनेश अब यह गौरव हासिल नहीं कर पाएगी। खैर, उसने फैसला ले ही लिया है तो भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

महाबीर की दूसरे नंबर की बेटी और पूर्व अंतरराष्ट्रीय पहलवान बबीता फौगाट करीब छह साल पहले भाजपा का दामन थाम चुकी हैं। पिछले चुनाव में बबीता को भाजपा ने दादरी हलके से प्रत्याशी के तौर पर उतारा था। वह तीसरे नंबर पर रही थीं। इस बार उनका टिकट कट गया है। बेटी का टिकट कटने पर महाबीर ने कहा कि यह तो राजनीति में चलता रहता है। संगठन किसी एक को ही खुश कर सकता है। पार्टी का फैसला बबीता के लिए सबसे ऊपर है।चरखीदादरी के छोटे से गांव बलाली से निकलकर कुश्ती में नाम कमाने वाली विनेश की शादी जींद जिले के जुलाना निवासी अंतरराष्ट्रीय पहलवान सोमबीर राठी से हुई है। कांग्रेस ने पार्टी ज्वाइन करने के सात घंटे के भीतर उन्हें जुलाना से ही मैदान में उतार दिया। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले पहलवानों में से विनेश एक थीं।पेरिस ओलंपिक के फाइनल में 100 ग्राम वजन अधिक होने के कारण मुकाबले से बाहर कर दिया गया। विनेश पदक तो हासिल नहीं कर सकीं लेकिन देश ने उन्हें वापस लौटने पर चैंपियन जैसा सम्मान दिया। यहां तक कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने भी विनेश को चार करोड़ रुपये देने की घोषणा की। तेजी से बदले घटनाक्रम में विनेश ने शुक्रवार को अपने जीजा बजरंग पूनिया के साथ कांग्रेस का हाथ थाम लिया।

बजरंग महाबीर फौगाट की बेटी संगीता के पति हैं। बलाली के रहने वाले महाबीर फौगाट का कुनबा इस समय तीन पार्टियों में बंटा है। बड़ी बेटी बबीता भाजपा में हैं जबकि भतीजी विनेश फौगाट व दामाद बजरंग पूनिया कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। उनके भाई सज्जन बलाली जननायक जनता पार्टी के दादरी जिला अध्यक्ष हैं।

# अंबेडकर प्रतिमा को खंडित करने के विरोध में कामां में तनाव

**भरतपुर, 09 सितंबर (एजेंसियां)।**

राजस्थान में डीग जिले के कामां में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को खंडित कर दिये जाने के विरोध में कस्बे में तनाव के हालात हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 22 अगस्त को बाबा साहेब की मूर्ति को खंडित करने की घटना के बाद कल रात एक बार फिर कस्बे के जुरहरा रोड़ स्थित अंबेडकर पार्क में लगी मूर्ति को खंडित कर दिये जाने से दलित समाज में आक्रोश फैल गया है और बड़ी संख्या में वे एकत्र होकर थाने के समक्ष प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।तनाव को देखते हुए कस्बा कामां में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और अधिकारी हालात पर नजर बनाये हुये हैं। बाबा साहब की मूर्ति को खंडित करने की यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है, जिसमें कल रात दो बजकर 26 मिनट पर मुंह को कपड़े से ढक कर एक युवक अंबेडकर पार्क में दीवार फांदकर घुसने के बाद प्रतिमा की उंगली तोड़कर फरार होता नजर आया। पुलिस एवं प्रशासन ने कस्बा में कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिये लोगों को समझाइश में जुटा हुआ है।

# इस कथा के बिना अधूरा है संतान सप्तमी का व्रत



## आज संतान सप्तमी व्रत

संतान सप्तमी का व्रत बहुत ही उत्तम फल देने वाला माना जाता है। इसके शुभ प्रभाव से संतान से जुड़ी सभी मुश्किलें दूर होती हैं। साथ ही साधक की सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। पंचांग के अनुसार, इस साल संतान सप्तमी का व्रत 10 सितंबर, 2024 को रखा जाएगा। ऐसा कहा जाता है कि संतान सप्तमी का व्रत इसकी कथा के बिना अधूरा है, इसलिए इस शुभ अवसर पर इसकी कथा का पाठ अवश्य करें, जो इस प्रकार है।

एक समय की बात है महाराज युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से कहा की प्रभु कोई ऐसा व्रत बताइए, जिसके प्रभाव से संतान से जुड़ी सभी समस्याओं का निवारण हो जाए। यह सुनकर मुरलीधर ने कहा मैं तुमको एक पौराणिक कथा को सुनाता हूं, तुम ध्यान पूर्वक सुनो! एक समय की बात है लोमय ऋषि ब्रजरात की मथुरापुरी में वसुदेव देवकी के घर गए, जहां ऋषिराज का खूब सत्कार किया गया, जिससे वह प्रसन्न होकर उनको कथा सुनाने लगे। कथा के कहते लौमष ने कहा कि हे देवकी! दुष्ट दुराचारी पापी कंस ने तुम्हारे कई पुत्र मार डाले हैं, जिसके कारण तुम्हारा मन अत्यन्त दुःखी है।

इसी प्रकार राजा नहुष की पत्नी चन्द्रमुखी भी दुःखी रहा करती थी, किन्तु उसने संतान सप्तमी का व्रत विधिपूर्वक और भाव के साथ किया, जिसके प्रभाव से उनको सन्तान का सुख प्राप्त हुआ।

यह सुनकर देवकी ने हाथ जोड़कर मुनि से कहा - 'हे ऋषिराज ! कृपा करके रानी चन्द्रमुखी का सम्पूर्ण वृत्तांत तथा इस व्रत को विस्तार सहित मुझे बतलाइए, जिससे मैं भी इस दुःख से छुटकारा पाऊं। तब लोमय ऋषि ने कहा - 'हे देवकी! अयोध्या के राजा नहुष थे उनकी पत्नी चन्द्रमुखी अत्यन्त सुन्दर थी। उनके नगर में विष्णु गुप्त नाम का एक ब्राह्मण रहता था। उसकी स्त्री का नाम भद्रमुखी था। वह भी अत्यन्त रूपवती सुन्दरी थी।रानी और ब्राह्मणी में अत्यन्त प्रेम था। एक दिन वे दोनों सरयू नदी में स्नान करने के लिए गई।

वहां उन्होंने देखा कि अन्यत बहुत सी स्त्रियाँ सरयू नदी में स्नान करके निर्मल वस्त्र पहन कर एक मण्डप में शंकर एवं पार्वती की मूर्ति स्थापित करके पूजा कर रही थी।रानी और ब्राह्मणी ने यह देख कर उन स्त्रियों से पूछा कि बहनो!

तुम यह किस देवता का और किस कारण से पूजन व्रत आदि कर रही हो। यह सुन स्त्रियों ने कहा कि हम सन्तान सप्तमी का व्रत कर रही हैं और हमने शिव-पार्वती का पूजन चन्दन अक्षत आदि से षोडशोचर विधि से किया है। यह सब इसी पुनीत व्रत का विधान है। यह सुनकर रानी और ब्राह्मणी ने भी इस व्रत के करने का मन ही मन संकल्प किया और घर वापिस लौट आई। ब्राह्मणी भद्र तो इस व्रत को नियमपूर्वक करती रही किन्तु रानी चन्द्रमुखी राजमद के कारण कभी इस व्रत को करती, कभी न करती।

कभी भूल हो जाती। कुछ समय बाद दोनों मर गई। दूसरे जन्म में रानी बन्दरिया और ब्राह्मणी ने मुर्गी की योनि पाई। ब्राह्मणी मुर्गी की योनि में भी कुछ नहीं भूली और भगवान शंकर तथा पार्वती जी का ध्यान करती रही, उधर रानी बन्दरियाँ की योनि में भी सब कुछ भूल गई।

थोड़े समय के बाद दोनों ने यह देह त्याग दी। अब इनका तीसरा जन्म मनुष्य योनि में हुआ। उस ब्राह्मणी ने एक ब्राह्मणी के यहां कन्या के रूप में जन्म लिया उस ब्राह्मण कन्या का नाम भूषणदेवी रखा गया तथा विवाह गोकुल निवासी अग्निशील ब्राह्मण से कर दिया, भूषणदेवी इतनी सुन्दर थी कि वह आभूषण रहित होते हुए भी अत्यन्त सुन्दर लगती थी। कामदेव की पत्नी रति भी उसके सम्मुख लजाती थी। भूषण देवी के अत्यन्त सुन्दर सर्व गुण सम्पन्न चन्द्रमा के समान धर्मवीर, कर्मनिष्ठ, सुशील स्वभाव वाले आठ पुत्र उत्पन्न हुए।

यह सब भोलेनाथ के व्रत का फल था। दूसरी ओर शिव विमुख रानी के गर्भ से कोई भी पुत्र नहीं हुआ, वह निःसंतान दुःखी रहने लगी।

रानी और ब्राह्मणी में जो प्रीति पहले जन्म में थी। वह अब भी बनी रही। रानी जब वृद्ध अवस्था को प्राप्त होने लगी तब उसके गूंगा बहरा तथा बुद्धिहीन अल्प आयु वाला पुत्र हुआ वह नौ वर्ष की आयु में इस क्षण भंगुर संसार को छोड़ कर चला गया। अब तो रानी पुत्र शोक में अत्यन्त दुःखी हो व्याकुल रहने लगी। दैवयोग से भूषण देवी ब्राह्मणी, रानी के यहाँ अपने पुत्रों को लेकर पहुंची। रानी का हाल सुनकर उसे भी बहुत दुःख हुआ किन्तु इसमें किसी का क्या वश कर्म और प्रारब्ध के लिखे को स्वयं ब्रह्मा भी मिटा नहीं सकते। रानी कर्म च्युत भी थी इसी कारण उसे दुःख भोगना पड़ा।

इधर रानी पण्डितानी के इस वैभव और आठ पुत्रों को देख कर उससे मन में ईर्ष्या करने लगी तथा उसके मन में पाप उत्पन्न हुआ। उस ब्राह्मणी ने रानी का संताप दूर करके निमित्त अपने आठों पुत्र रानी के पास छोड़ दिए।

रानी ने पाप के वशीभूत होकर उन ब्राह्मणी पुत्रों की हत्या करने के विचार से लड्डू में विष मिलाकर उनको खिला दिया, लेकिन शिव जी की कृपा से एक भी बालक की मृत्यु न हुई। यह देखकर तो रानी अत्यन्त ही आश्चर्य चकित हो गई और इस रहस्य का पता लगाने की मन में ठान ली। भगवान की पूजा से निवृत्त होकर जब भूषण देवी आई तो रानी ने उस से कहा कि मैंने तेरे पुत्रों को मारने के लिए इनको जहर मिलाकर लड्डू खिला दिया किन्तु इनमें से एक भी नहीं मरा तूने कौन सा दान पुण्य व्रत किया है।

जिसके कारण तेरे यह पुत्र नहीं मरे और तू नित नए सुख भोग रही है। तेरा बड़ा सौभाग्य है। इनका भेद तू मुझसे निष्कपट होकर समझा में तेरी बड़ी ऋणी रहूंगी। रानी के ऐसे दीन वचन सुनकर भूषण ब्राह्मणी कहने लगी सुनो तुमको तीन जन्म का हाल कहती हूं।

सो ध्यानपूर्वक सुनना, पहले जन्म में तुम राजा नहुष की पत्नी थी और तुम्हारा नाम चन्द्रमुखी था मेरा भद्रमुखी था और ब्राह्मणी थी, हम तुम अयोध्या में रहते थे और मेरी तुम्हारी बड़ी प्रीति थी। एक दिन हम तुम दोनों सरयू नदी में स्नान करने गई और दूसरी स्त्रियों को सन्तान सप्तमी का उपवास शिवजी का पूजन अर्चन करते देख कर हमने इस उत्तम व्रत को करने की प्रतिज्ञा की थी। किन्तु तुम सब भूल गई और झूठ बोलने का दोष तुमको लगा जिसे तू आज भी भोग रही है। मैंने इस व्रत को आचार विचार सहित नियम पूर्वक सदैव किया और आज भी करती हूँ।दूसरे जन्म में तुमने बन्दरिया का जन्म लिया तथा मुझे मुर्गी की योनि मिली भगवान शंकर की कृपा से इस व्रत के प्रभाव तथा भगवान को इस जन्म में भी न भूली और निरन्तर उस व्रत को नियमानुसार करती रही। तुम अपने बन्दरिया के जन्म में भी भूल गई।

मैं तो समझती हूँ कि तुम्हारे ऊपर यह तो भारी सकट है उसका एक मात्र यही कारण है और दूसरा कोई इसका कारण नहीं हो सकता है। इसलिए मैं तो कहती हूँ कि आप अब भी सन्तान सप्तमी के व्रत को विधि सहित करिये जिससे तुम्हारा यह संकट दूर हो जाए। लौमष ऋषि ने कहा- देवकी भूषण ब्राह्मणी के मुख से अपने पूर्व जन्म की कथा तथा संकल्प इत्यादि सुनकर रानी को पुरानी बातें याद आ गई और पश्चाताप करने लगी तथा भूषण ब्राह्मणी के चरणों में पड़कर क्षमा याचना करने लगी और भगवान शंकर पार्वती जी की अपार महिमा के गीत गाने लगी

उस दिन से रानी ने नियमानुसार सन्तान सप्तमी का व्रत किया जिसके प्रभाव से रानी को सन्तान सुख भी मिला तथा सम्पूर्ण सुख भोग कर रानी शिवलोक को गई।भगवान शंकर के व्रत का ऐसा प्रभाव है कि पथ भ्रष्ट मनुष्य भी अपने पथ पर अग्रसर हो जाता है और अनन्त ऐश्वर्य भोगकर मोक्ष पाता है। लोमष ऋषि ने फिर कहा कि देवकी इसलिए मैं तुमसे भी कहता हूँ कि तुम भी इस व्रत को करने का संकल्प अपने मन में करो तो तुमको भी सन्तान सुख मिलेगा।


इतनी कथा सुनकर देवकी हाथ जोड़ कर लोमप ऋषि से पूछने लगी हे ऋषिराज! मैं इस पुनीत उपवास को अवश्य करूंगी, किन्तु आप इस कल्याणकारी एवं सन्तान सुख देने वाले उपवास का विधान, नियम विधि आदि विस्तार से समझाइए।

यह सुनकर ऋषि बोले- हे देवकी! यह पुनीत उपवास भादों के महीने में शुक्लपक्ष की दशमी के दिन किया जाता है। उस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर किसी नदी अथवा कुऐ के पवित्र जल में स्नान करके निर्मल वस्त्र पहिनने चाहिए। श्री शंकर भगवान तथा जगदम्बा पार्वतीजी की मूर्ति की स्थापना करें। इन प्रतिमाओं के सम्मुख सोने, चांदी के तारों का अथवा रेशम का एक गंडा बनावें उस गंडे में सात गाठें लगानी चाहिए इस गंडे को धूप, दीप अष्ठ गन्ध से पूजा करके अपने में बांधे और भगवान शंकर से अपनी कामना सफल होने की प्रार्थना करें।

तदन्तर सात पुआ बनाकर भगवान का भोग लगावें और सात ही पुत्रे एवं यथा शक्ति सोने अथवा चांदी की अंगूठी बनवाकर इन सबको एक तांबे के पात्र में रख कर और उनका शोडषोचार विधि से पूजन करके किसी सदाचारी, धर्मनिष्ठ, सत्पात्रा ब्राह्मण को दान देवे। उसके पश्चात सात पुआ स्वयं प्रसाद के रूप में ग्रहण करें। इस प्रकार इस व्रत का पारायण करना चाहिए।प्रतिमाल की शुक्लपक्ष की सप्तमी के. दिन, हे देवकी! इस व्रत को इस प्रकार नियम पूर्वक से समस्त पाप नष्ट होते हैं और भाग्यशाली संतान उत्पन्न होती है तथा अन्त में शिवलोक की प्राप्ति होती है। हे देवकी! मैंने तुमको सन्तान सप्तमी का व्रत सम्पूर्ण विधान विस्तार सहित वर्णन किया है।

उसको अब तुम विधिपूर्वक करो जिससे तुमको उत्तम संतान प्राप्त होगी। इतनी कथा कहकर भगवान आनन्दकन्द श्रीकृष्ण ने धर्मावतार युधिष्ठिर से कहा कि 'श्री लोमष ऋषि इस प्रकार हमारी माता को शिक्षा देकर चले गए। ऋषि की कथा अनुसार हमारी माता देवकी ने इस व्रत को नियमानुसार किया, जिसके प्रभाव से हम उत्पन्न हुए। यह व्रत विशेष रूप से स्थियों के लिए कल्याणकारी है, परन्तु पुरुषों को भी समान रूप से कल्याण दायक है। संतान सुख देने वाला पापों का नाश करने वाला यह उत्तम व्रत है, जिसे स्वयं भी करे और दूसरों से भी करावें।नियम पूर्वक जो कोई इस व्रत का पालन करता है और सच्चे भाव से पूजा-अर्चना करते हैं, उन्हें संतान रत्न की प्राप्ति होती है, इसके इसके साथ ही संतान से जुड़ी सभी मुश्किलें दूर होती हैं।

# कन्या संक्रांति पर सुकर्मा योग समेत बन रहे हैं कई मंगलकारी संयोग



ज्योतिषीय गणना के अनुसार, आत्मा के कारक सूर्य देव 16 सितंबर को सिंह राशि से निकलकर कन्या राशि में गोचर करेंगे। सूर्य देव के राशि परिवर्तन करने की तिथि पर संक्रांति मनाई जाती है। अतः 16 सितंबर को कन्या संक्रांति मनाई जाएगी। संक्रांति तिथि पर स्नान-ध्यान, पूजा, जप-तप एवं दान-पुण्य किया जाता है। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। इसके बाद विधि पूर्वक सूर्य देव की पूजा करते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो कन्या संक्रांति पर सुकर्मा योग समेत कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इन योग में सूर्य देव की पूजा करने से हर कार्य में सफलता मिलेगी।

**कन्या संक्रांति शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, कन्या संक्रांति तिथि पर पुण्य काल दोपहर 12 बजकर 16 मिनट से लेकर शाम 06 बजकर 25 मिनट तक है। वहीं, महा पुण्य काल शाम 04 बजकर 22 मिनट से 06 बजकर 25 मिनट तक है। साधक सुविधा के अनुसार पुण्य काल के दौरान स्नान-ध्यान कर दान-पुण्य कर सकते हैं।

**सुकर्मा योग** – कन्या संक्रांति पर सुकर्मा योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का समापन सुबह 11 बजकर 42 मिनट पर होगा। ज्योतिष सुकर्मा योग को शुभ मानते हैं। इस योग में सभी प्रकार के शुभ कार्य किए जाते हैं। इस योग में शुभ कार्य का श्रीगणेश करने से सफलता अवश्य मिलती है। सुकर्मा योग में विश्वकर्मा जी की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

**रवि योग**–सूर्य देव के कन्या राशि में गोचर करने की तिथि पर रवि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस योग में सूर्य देव की पूजा करने से साधक को आरोग्य जीवन का वरदान प्राप्त होता है।

रवि योग का निर्माण संध्याकाल 04 बजकर 33 मिनट पर हो रहा है। वहीं, रवि योग का समापन 17 सितंबर को सुबह 06 बजकर 07 मिनट पर होगा। इस योग में विश्वकर्मा जी की पूजा करने से साधक को करियर और कारोबार में नया आयाम मिलेगा।

**शिववास योग**–कन्या संक्रांति यानी विश्वकर्मा पूजा के दिन शिववास योग का भी संयोग बन रहा है। इस दिन शिववास योग दोपहर 03 बजकर 10 मिनट तक है। इस दौरान भगवान शिव नंदी पर विराजमान रहेंगे। शिववास योग में भगवान शिव की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है।

# मां लक्ष्मी को ऐसे करें प्रसन्न, धन से भर जाएंगे आपके भंडार और सुख-समृद्धि में होगी वृद्धि

भाद्रपद माह में धन की देवी मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए शुभ माना जाता है, क्योंकि इस माह में महालक्ष्मी व्रत किया जाता है। हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से महालक्ष्मी व्रत की शुरुआत होती है। वहीं, इसका समापन आश्विन माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को होता है। इस दौरान मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसे में आप रोजाना पूजा के दौरान लक्ष्मी चालीसा का पाठ करें। इससे कभी भी धन की कमी नहीं होगी और मां लक्ष्मी प्रसन्न होंगी।

महालक्ष्मी व्रत 2024 डेट और शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 10 सितंबर को रात में 11 बजकर 11 मिनट से शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 11 सितंबर को रात में 11 बजकर 46 मिनट पर होगा। ऐसे में महालक्ष्मी व्रत का शुभारंभ 11 सितंबर से होगा। वहीं, आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 24 सितंबर को पड़ रही है। इस दिन व्रत का समापन होगा।

**।।लक्ष्मी चालीसा।।**

**।। दोहा।।**

मातु लक्ष्मी करि कृपा, करो हृदय में वास।
मनोकामना सिद्ध करि, परुवहु मेरी आस।।
यही मोर अरदास, हाथ जोड़ विनती करुं।
सब विधि करौ सुवास, जय जननि जगदंबिका।।

**।। चौपाई ।।**

सिन्धु सुता मैं सुमिरौ तोही।
ज्ञान बुद्धि विघा दो मोही ।।
तुम समान नहिं कोई उपकारी।
सब विधि पुरवहु आस हमारी।।
जय जय जगत जननि जगदम्बा।
सबकी तुम ही हो अवलम्बा।।
तुम ही हो सब घट घट वासी।
विनती यही हमारी खासी।।
जगजननी जय सिन्धु कुमारी।
दीनन की तुम हो हितकारी।।
विनवौं नित्य तुमहिं महारानी।
कृपा करौ जग जननि भवानी।।
केहि विधि स्तुति करौं तिहारी।
सुधि लीजै अपराध बिसारी।।
कृपा दृष्टि चितववो मम ओरी।



जगजननी विनती सुन मोरी।।
ज्ञान बुद्धि जय सुख की दाता।
संकट हरो हमारी माता।।
क्षीरसिन्धु जब विष्णु मथायो।
चौदह रत्न सिन्धु में पायो।।
चौदह रत्न में तुम सुखरासी।
सेवा कियो प्रभु बनि दासी।।
जब जब जन्म जहां प्रभु लीन्हा।
रुप बदल तहं सेवा कीन्हा।।
स्वयं विष्णु जब नर तनु धारा।
लीन्हेउ अवधपुरी अवतारा।।
तब तुम प्रगट जनकपुर माहीं।
सेवा कियो हृदय पुलकाहीं।।
अपनाया तोहि अन्तर्यामी।
विश्व विदित त्रिभुवन की स्वामी।।
तुम सम प्रबल शक्ति नहीं आनी।
कहं लौ महिमा कहौं बखानी।।
मन क्रम वचन करै सेवकाई।
मन इच्छित वांछित फल पाई।।
तजि छल कपट और चतुराई।
पूजहिं विविध भांति मनलाई।।
और हाल मैं कहौं बुझाई।
जो यह पाठ करै मन लाई।।
ताको कोई कष्ट नोई।
मन इच्छित पावै फल सोई।।
त्राहि त्राहि जय दुःख निवारिणि।
त्रिविध ताप भव बंधन हारिणी।।
जो चालीसा पढ़ै पढ़ावै।
ध्यान लगाकर सुनै सुनावै।।
ताकौ कोई न रोग सतावै।
पुत्र आदि धन सम्पत्ति पावै।।
पुत्रहीन अरु संपति हीना।
अन्ध बधिर कोढ़ी अति दीना।।
विप्र बोलाय कै पाठ करावै।
शंका दिल में कभी न लावै।।
पाठ करावै दिन चालीसा।
ता पर कृपा करैं गौरीसा।।
सुख सम्पत्ति बहुत सी पावै।
कमी नहीं काहू की आवै।।
बारह मास करै जो पूजा।
तेहि सम धन्य और नहिं दूजा।।
प्रतिदिन पाठ करै मन माही।
उन सम कोइ जग में कहुं नाहीं।।
बहुविधि क्या मैं करौं बड़ाई।
लेय परीक्षा ध्यान लगाई।।
करि विश्वास करै व्रत नेमा।
होय सिद्ध उपजै उर प्रेमा।।
जय जय जय लक्ष्मी भवानी।
सब में व्यापित हो गुण खानी।।
तुम्हरो तेज प्रबल जग माहीं।
तुम सम कोउ दयालु कहुं नाहिं।।
मोहि अनाथ की सुधि अब लीजै।
संकट काटि भक्ति मोहि दीजै।।
भूल चूक करि क्षमा हमारी।
दर्शन दजै दशा निहारी।।
बिन दर्शन व्याकुल अधिकारी।
तुमहि अछत दुःख सहते भारी।।
नहिं मोहिं ज्ञान बुद्धि है तन में।
सब जानत हो अपने मन में।।
रुप चतुर्भुज करके धारण।
कष्ट मोर अब करहु निवारण।।
केहि प्रकार मैं करौं बड़ाई।
ज्ञान बुद्धि मोहि नहिं अधिकाई।।

**।। दोहा।।**

त्राहि त्राहि दुख हारिणी, हरो वेगि सब त्रास। जयति जयति जय लक्ष्मी, करो शत्रु को नाश।।

रामदास धरि ध्यान नित, विनय करत कर जोर।मातु लक्ष्मी दास पर, करहु दया की कोर।।

# बहुत ही सरल है परिवर्तिनी एकादशी की पूजा विधि, व्रत करने से पापों से मिलेगी मुक्ति



सनातन शास्त्रों में परिवर्तिनी एकादशी के महत्व का विशेष उल्लेख किया गया है। इस खास अवसर पर भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी की उपासना की जाती है। साथ ही जीवन के पापों से छुटकारा पाने के लिए व्रत भी किया जाता है। मान्यता है कि परिवर्तिनी एकादशी के दिन विधिपूर्वक श्रीहरि की पूजा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है और विष्णु जी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। चलिए इस लेख में जानते हैं कि परिवर्तिनी एकादशी पर किस तरह प्रभु की उपासना करना जातक के लिए फलदायी साबित होगा।

**परिवर्तिनी एकादशी शुभ मुहूर्त**

पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तिथि शनिवार 13 सितंबर को रात 10 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन रविवार 14 सितंबर को रात 08 बजकर 41 मिनट पर होगा। ऐसे में 14 सितंबर को परिवर्तिनी एकादशी व्रत किया जाएगा।

**ऐसे करें भगवान विष्णु की पूजा**

परिवर्तिनी एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठें और दिन की शुरुआत विष्णु जी के ध्यान से करें।
इसके बाद स्नान कर पीले वस्त्र धारण करें।
मंदिर की सफाई करें।
सच्चे मन से व्रत का संकल्प लें।
इसके बाद चौकी पर पीला कपड़ा बिछाकर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की मूर्ति को स्थापित करें।
अब फूलमाला अर्पित करें।
घी का दीपक जलाएं और विधिपूर्वक आरती करें। प्रभु के मंत्रो का जप भी करना चाहिए।
विष्णु चालीसा और व्रत कथा का पाठ करें।
प्रभु को पंचामृत और फल समेत आदि चीजों का भोग लगाएं।
व्रत का पारण द्वादशी तिथि में करें।

**इन मंत्रों का करें जप**

ॐ श्री त्रिपुराय विद्महे तुलसी पत्राय धीमहि तन्नो: तुलसी प्रचोदयात।

ॐ तुलसीदेव्यै च विद्महे, विष्णुप्रियायै च धीमहि, तन्नो वृन्दा प्रचोदयात् ।।

3. तुलसी श्रीर्महालक्ष्मीर्विद्याविद्या यशस्विनी।
धर्म्या धर्मानना देवी देवीदेवमन: प्रिया ।।
लभते सुतरां भक्तिमन्ते विष्णुपदं लभेत्।
तुलसी भूर्महालक्ष्मी: पद्मिनी श्रीर्हरप्रिया ।।

# आलिया भट्ट की जिगरा का टीजर ट्रेलर रिलीज

## भाई के लिए जंग लड़ती दिखी एक्ट्रेस






निर्देशक वासन बाला की नई क्राइम थ्रिलर जिगरा का टीजर जारी कर दिया गया है। इसमें एंग्री यंग वुमन बनी आलिया भट्ट नजर आ रही हैं। जिगरा का पहला टीजर रिलीज किया गया और इसने नेटिजन्स को खूब प्रभावित किया है। टीजर की शुरुआत एक भावुक सीन से होती है, जहां आलिया का बैकग्राउंड दिखाया जाता है कि किस तरह वो माता-पिता के बिना बड़ी हुईं। वो अपने संघर्षों के बारे में बताती हैं। आलिया यह जानकर टूट जाती है कि उसका एकमात्र परिवार, उसका भाई वेदांग रैना जेल में बंद है। जैसे-जैसे टीजर आगे बढ़ता है ये देखना को मिलता है कि आलिया उसे छुड़ाने के लिए क्या-क्या करती है।

टीजर में मशहूर गाना फूलों का तारों का भी इस्तेमाल किया गया है और इसमें आलिया को वेदांग रैना को छुड़ाने के लिए हरसंभव कोशिश करते हुए दिखाया गया है। टीजर में कई हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस और हाथापाई के दृश्य हैं, जिसमें आलिया काफी सॉलिड लग रही हैं। एक सीन में आलिया अमिताभ बच्चन का जिक्र करते हुए कहती हैं कि वह अगली एंग्री यंग वुमन हैं।

टीजर के सामने आते ही कई नेटिजन्स इसकी तारीफें करने लगे हैं। कुछ प्रशंसकों ने वसन बाला और आलिया भट्ट को एक किलर जोड़ी कहा है। एक प्रशंसक ने लिखा, आलिया भट्ट का क्या खतरनाक रूप है। दूसरे प्रशंसक ने लिखा, आलिया सिर्फ अभिनय नहीं कर रही हैं, वह बस उस किरदार में जी रही हैं। रोंगटे खड़े हो गए। नेटिज़न्स में से एक ने लिखा, इसमें कोई शक नहीं है कि आलिया एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं।

वहीं कई फैंस ने अपना उत्साह जाहिर किया और कहा कि वो फिल्म रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। कई लोग ऐसे थे जिन्होंने ये भी कहा कि वो आलिया के फैन नहीं है लेकिन फिर भी उनकी धांसू एक्टिंग से प्रभावित हैं। बता दें, जिगरा 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में आलिया भट्ट के साथ द आर्चीज फेम वेदांग रैना लीड रोल में हैं। भाई-बहन की इस कहानी को आलिया भट्ट करण जोहर के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रही हैं। आलिया के प्रोडक्शन हाउस में बनी ये पहली फिल्म होने वाली हैं।


इस फिल्म के रिलीज होने के साथ ही आलिया सफल एक्ट्रेस के साथ ही प्रोड्यूसर भी बन जाएंगी। आलिया के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभी अलिया के खाते में लव एंड वॉर है जिसमें वो विक्की कौशल और अपने पति रणबीर कपूर के साथ नजर आएंगी।



# प्रज्ञा जैसवाल का हॉट लुक देख फैंस हुए फिदा

साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की हॉट एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। उनका बोल्ड और स्टनिंग अवतार इंटरनेट पर आते ही सुर्खियां बटौरता रहता है। हालिया शेयर की गई तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक बार फिर एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट स्टनिंग अंदाज से फैंस को दीवाना बना दिया है। इन तस्वीरों में उनका आउटफिट देखकर फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर शेयर होते ही लाइमलाइट बटौरने लगता है।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो कातिलाना अंदाज में एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं लेती है। हालांकि फैंस भी उनके लुक को काफी फॉलो करते हैं।ओपन हेयर को वेवी स्टाइल में लुक देकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनके चेहरे पर प्यारी सी स्माइल ने उनके लुक पर चार चांद लगा दिया है।प्रज्ञा जैसवाल की इन तस्वीरों पर लोगों ने कॉमेंट करते हुए सो प्रीटी, बेहद शानदार, यू लुक सो हॉट लिखा है। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज शेयर करती रहती हैं।

# अवनीत कौर का ब्लू ब्रालेट में दिखा बोल्ड अंदाज



छोटे पर्दे से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनका हॉट लुक इंटरनेट पर शेयर होते ही वायरल होने लगता है। टीवी की मशहूर अभिनेत्री अवनीत कौर अपनी खूबसूरती और अंदाज के लिए जानी जाती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद हॉट और बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्होंने उनके फैंस को दीवाना बना दिया है. इन तस्वीरों में अवनीत कौर ब्लू ब्रालेट में नजर आ रही हैं. उनके खुले बाल और लाइट मेकअप उनके लुक को और भी आकर्षक बना रहे हैं. अवनीत ने इन तस्वीरों में बेहद कातिलाना पोज दिए हैं, जिन्होंने उनके फैंस का दिल जीत लिया है. अवनीत की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और उनके फैंस इन पर जमकर लाइक्स और कमेंट्स कर रहे हैं. फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपने नए-नए लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी पोस्ट शेयर करती हैं तो फैंस उन पर दिलखोलकर लाइक्स करते हैं।

# दिल का दौरा पड़ने से अभिनेता विकास सेठी का निधन

## मेल स्ट्रिपर बनकर स्क्रीन पर छोड़ी थी छाप, एयरहोस्टेस से की थी पहली शादी

बीते दिन टेलीविजन की दुनिया से एक बेहद ही दुखद खबर सामने आई। 48 साल की उम्र में अभिनेता विकास सेठी ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। वह अपने पीछे अपने जुड़वा बच्चों और पत्नी जाह्नवी विकास सेठी को अकेला छोड़ गए। एक्टर की पत्नी ने बताया कि नींद में ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उनका निधन हो गया।

विकास सेठी को याद करके उनके फैंस और सितारे उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। अपने काम के दम पर विकास सेठी ने इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। हालांकि, उनका ये सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था, क्योंकि कई सपोर्टिंग किरदार निभाने के बाद उन्हें जो पहला लीड रोल मिला, वह मेल स्ट्रिपर का था।

**एकता कपूर के कई शोज का हिस्सा रहे विकास सेठी**

विकास सेठी एक्टर तो अच्छे थे ही, लेकिन वह देखने में भी काफी अच्छे थे, ऐसे में उनके पास शुरुआत में कभी उन्हें काम की नहीं हुई। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत सीरियल 'दिल ना जाने क्यों' से की थी। इसके बाद उन्होंने स्टार प्लस के लोकप्रिय शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में अबीर का किरदार अदा किया।

हालांकि, उन्हें टीवी की दुनिया में पहचान सीरियल 'कहीं तो होगा' से मिली, जिसमें उन्होंने स्वयं शेरगिल का किरदार अदा किया था। इस सीरियल के बाद उनके करियर ने ऐसी रफ्तार पकड़ी की टीवी पर उनकी डिमांड बढ़ गई और उन्होंने क्यों होता है प्यार, के स्ट्रीट पाली हिल, कसौटी जिंदगी की, हमारी बेटियों का विवाह, उतरन, गीत हुई सबसे पराई, दो दिल बंधे एक डोरी से और ससुराल सिमर का जैसे कई लोकप्रिय शो किए।

**मेल स्ट्रिपर के रूप में बॉलीवुड में मिला पहला लीड रोल**



टेलीविजन के साथ-साथ विकास सेठी ने बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाई। उन्होंने टोटल चार हिंदी फिल्में और एक तेलुगु फिल्म में काम किया। साल 2001 में उनकी फिल्म 'दीवानापन' रिलीज हुई, जिसमें अर्जुन रामपाल और दीया मिर्जा मुख्य भूमिका में थे, विकास ने इसमें सपोर्टिंग किरदार निभाया था।उसके बाद उन्होंने करण जौहर की फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में भी काम किया, जिसमें वह कॉलेज के सबसे हैंडसम लड़के 'रॉबी' बने थे। वह फिल्म में पू उर्फ करीना कपूर को पटाने की कोशिश करते हैं। हालांकि, फिल्म में उनका किरदार काफी छोटा था। 2003 में वो मौका भी आया, जब उन्हें उनकी पहली लीड फिल्म 'ऊप्स' ऑफर हुई। मूवी में वह थे तो मुख्य किरदार में, लेकिन उनकी भूमिका मेल स्ट्रिपर की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्म 'मोड़' में काम किया, लेकिन वह डिब्बाबंद हो गई। बॉलीवुड में सफलता नहीं मिलने के बाद उन्होंने तेलुगु सिनेमा का रुख भी किया और साल 2019 में उन्होंने साइंस फिक्शन थ्रिलर फिल्म आई-स्मार्ट शंकर में काम किया।

**विकास सेठी के पहले प्यार को नहीं मिली मंजिल**

विकास सेठी अपने करियर के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहे हैं। उन्होंने दो शादियां की थी। उनकी पहली शादी अमिता से हुई थी, जो पेशे से एक केबिन क्रू थीं। विकास-अमिता के प्यार में इस कदर कैद हुए थे कि उन्होंने डांस रियलिटी शो नच बलिए में हिस्सा लिया।



# लैला मजनू के अच्छा प्रदर्शन न करने पर दिल टूट गया था : तृप्ति डिमरी

2018 में फिल्म लैला मजनू से अपनी शुरुआत करने वाली अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने बॉलीवुड में अपने छह साल पूरे कर लिए हैं। अभिनेत्री ने कहा कि शुरुआत में इस फिल्म के अच्छा प्रदर्शन न करने के कारण मेरा दिल टूट गया था। अगस्त में फिल्म लैला मजनू को दोबारा रिलीज किया गया और इसने अच्छी कमाई की। इस बारे में अभिनेत्री ने कहा, जब लैला मजनू ने अपनी पहली रिलीज पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, तो मैं बहुत दुखी हो गई थी। लेकिन अब यह देखना अविश्वसनीय है कि लोगों ने इसे कैसे अपनाया।साजिद अली द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक ड्रामा को इम्तियाज अली ने प्रजेंट किया है। वहीं प्रीति अली, एकता कपूर और शोभा कपूर ने इसका निर्माण किया है। यह फिल्म लैला और मजनू की कहानी है।तृप्ति डिमरी ने कहा, मैं हर दिन प्रशंसकों से इस फिल्म के लिए तारीफ सुनती हूं।यह एक ऐसा प्रोजेक्ट था जिसमें हम सभी ने पूरे दिल से मेहनत की थी। यह फिल्म हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखेगी।

मुझे उम्मीद है कि यह दुनिया भर के दिलों को छूती रहेगी और इसके लिए लोगों का प्यार कभी कम नहीं होगा।अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अब राजकुमार राव के साथ विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में अभिनय करने के लिए तैयार हैं। वह कार्तिक आर्यन अभिनीत हॉरर-कॉमेडी फ्रैंचाइजी भूल भुलैया 3 में भी नजर आएंगी। इसके साथ ही वह धड़क 2 में भी नजर आएंगी।करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर आगामी फिल्म का पहला लुक शेयर करते हुए लिखा, यह कहानी थोड़ी अलग है। एक बार एक राजा और एक रानी थे, दोनों अलग-अलग जातियों के थे। शाजिया इकबाल द्वारा निर्देशित, सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी अभिनीत धड़क 2,फिल्म 22 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी।फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी भी हैं। दोनों अलग-अलग दुनिया के किरदारों को निभाएंगे। यह फिल्म शोषित जातियों के लोगों के खिलाफ भेदभाव के मुद्दे पर प्रकाश डालती है।धड़क फ्रैंचाइज के पहले भाग में अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। जिन्होंने ईशान खट्टर के साथ अभिनय किया था।

### यूपी में एक और ट्रेन उड़ाने की साजिश नाकाम

# ट्रैक पर गैस सिलिंडर और झोले में बारूद!

## ड्राइवर की समझदारी से हादसा टला

**कानपुर, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के अनवरगंज-कासगंज रूट पर कानपुर से भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस (14117) रविवार रात पलटने से बच गई। ट्रैक पर भरा सिलिंडर रख कर ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश रची गई थी। बर्राजपुर और बिल्हौर के बीच 100 किमी की रफ्तार से दौड़ रही ट्रेन जब सिलिंडर से टकराई तो तेज आवाज हुई। इसके बाद लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। रेलवे और आरपीएफ अधिकारियों को घटनास्थल से सिलिंडर के अलावा कांच की बत्ती लगी बोतल, माचिस और एक संदिग्ध झोला मिला है।



झोले में बारूद भरा था और बोतल में संदिग्ध तरल पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि तरल पदार्थ भी तरल विस्फोटक हो सकता है।

देर रात मौके पर एटीएस और एसटीएफ पहुंच गई और घटना की जांच शुरू कर दी। अनवरगंज, रावतपुर स्टेशन से होकर गुजरी कालिंदी एक्सप्रेस ने रविवार रात 8:25 बजे बर्राजपुर स्टेशन के आगे जैसे ही मुंढेरी क्रॉसिंग को पार किया तो लोको पायलट को इंजन से किसी चीज के टकराने की तेज आवाज सुनाई दी। उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गार्ड राजीव कुमार को सूचना दी। गार्ड ने रेलवे को मेमो भेजकर घटना की जानकारी दी। अनवरगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक, आरपीएफ और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच की। हादसा बर्राजपुर से करीब ढाई किलोमीटर आगे और बिल्हौर स्टेशन से पांच किमी पहले हुआ।

जांच के दौरान ट्रैक पर लोहे जैसी वस्तु के रगड़ने के निशान मिले। कन्नौज के आरपीएफ इंस्पेक्टर ओपी मीणा ने ड्रैगन और सर्च लाइट की मदद से रेलवे ट्रैक और आसपास झाड़ियों की जांच की। आरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट एमएस खान ने बताया कि मौके से भरा हुआ एलपीजी सिलिंडर, माचिस, बोतल और अन्य संवेदनशील वस्तुएं बरामद हुई हैं। देर रात मौके पर पहुंचे एडिशन सीपी हरीश चंदर ने बताया कि रात साढ़े आठ बजे घटना की जानकारी रेलवे की तरफ से मिली थी। ट्रैक पर भरा सिलिंडर रख ट्रेन पटरी से उतारने की साजिश रची गई थी। रेलवे, आरपीएफ और पुलिस अधिकारियों को घटनास्थल से सिलिंडर के अलावा कांच की बोतल, माचिस और झोला मिला। झोले में बारूद जैसी कोई सामग्री थी, वहीं बोतल में ज्व-लनशील पदार्थ तरल पदार्थ था, जिसकी जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 17 अगस्त को कानपुर के पनकी में वाराणसी से अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस बोल्डर से टकरा गई थी, जिससे ट्रेन के सभी डिब्बे पटरी से उतर गए थे। ट्रैक के पास से लोहे का एंगल मिला था। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। इस मामले की जांच अभी चल रही है।

मामले की जांच में तेजी के साथ ही पुलिस की कई टीमों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। बारूद जैसे दिखने वाले पदार्थ के पैकेट जिस मिठाई की दुकान के कैरी बैग में मिले हैं उस दुकान पर एक टीम भेजा गया है। कैरी बैग में छिबरामऊ की एक मिठाई की दुकान का नाम व पता लिखा हुआ है। पुलिस वहां के सीसीटीवी कैमरे चेक कर संदिग्धों को चिह्नित करेगी। चूंकि मौके पर बाती लगी एक बोतल मिली है जिसमें ज्वलनशील पदार्थ मौजूद है, इसलिए पुलिस एक दूसरी टीम को घटनास्थल के आसपास के कई किलोमीटर के दायरे में मौजूद पेट्रोल पंपों के सीसीटीवी फुटेज चेक करने के लिए भी लगाया गया है ताकि बोतल में पेट्रोल लेने वाले शख्स का पता लगाया जा सके।

साजिशकर्ताओं ने इंडेन के जिस सिलिंडर को पटरी के बीच में हल्का गड्ढ ा कर रखा था, वह अगर फट जाता तो डिरेल होने के साथ ही ट्रेन के इंजन में आग भी लग सकती थी। हालांकि सिलिंडर की मजबूती ने साजिशकर्ताओं के इरादों को नाकाम कर दिया। फॉरेंसिक टीम का कहना है कि सिलिंडर का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। हालांकि कहीं से भी गैस रिसाव की बात सामने नहीं आई है। कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने कहा, आरपीएफ कन्नौज मामले की जांच कर रही है। साथ ही पुलिस की जांच के लिए एडिशनल सीपी विपिन मिश्रा, डीसीपी पश्चिम राजेश सिंह व अन्य अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। शिवराजपुर, चौबेपुर, बिल्हौर समेत कई थानों की फोर्स को भी जांच करने वाली टीम की मदद के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### कैलेसिया सभा के नाम पर हिंदुओं को जुटाता था

# ...और लालच दे कर बनाता था ईसाई

**सीतापुर, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** सीतापुर जिले से ईसाई धर्मांतरण का मामला सामने आया है। यहां संजीव कुमार नाम के व्यक्ति को पादरी बताते हुए हिंदू संगठनों ने उस पर हिंदुओं के धर्म परिवर्तन की साजिश रचने का आरोप लगाया है। धर्मान्तरण के लिए संजीव लोगों को कैलेसिया नामक सभा के बहाने एकजुट करता था। हिंदू संगठनों ने इस सभा में पहुंच कर हंगामा किया। पुलिस ने संजीव को हिरासत में ले कर पूछताछ शुरू कर दी है।

मामला सीतापुर जिले के थानाक्षेत्र सदरपुर का है। यहां राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता ने पुलिस में तहरीर दी है। तहरीर में राहुल ने बताया कि उनको गांव देवरिया खुर्द में संजीव कुमार नाम के एक धर्मांतरित ईसाई द्वारा हिंदुओं के धर्म परिवर्तन की सूचना मिली थी। संजीव सीतापुर के मानपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। आरोप है कि खुद धर्म परिवर्तन के बाद वह अन्य हिंदुओं को भी ईसाई बनाने के काम पर लगा हुआ है। इसी सूचना पर राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता गांव देवरिया खुर्द पहुंच गए। सूचना सही पाई गई और गांव में संजीव हिंदुओं के धर्मांतरण में व्यस्त मिला। वह एक घर में सभा जुटा कर लोगों को बहला-फुसला रहा था। सभा स्थल पर शिकायतकर्ता राहुल गुप्ता और उनके सहयोगियों ने हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मुख्य आरोपी संजीव को हिरासत में ले लिया गया है जिस से पूछताछ की जा रही है। आरोपी पर उत्तर प्रदेश धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई की गई है।

जिस घर में धर्मांतरण कराया जा रहा था, वहां की दीवारों पर ईसा मसीह के चित्र लगे हुए पाए गए। चित्रों के साथ दीवारों पर ईसाई साहित्य से जुड़ी कई अन्य बातें भी कागजों पर लिखी मिली। इस दौरान हिंदू संगठन के सदस्यों और संजीव के समर्थकों में नोकझोंक भी हुई। राष्ट्रीय बजरंग दल के सीतापुर पदाधिकारी आशुतोष ने वीडियो जारी कर के बताया कि लोगों को ईसाई मत में लाने के लिए संजीव कैलेसिया नाम की सभा जुटाता था। आशुतोष का दावा है कि कथित प्रार्थना स्थल पर बाइबिल, अन्य ईसाई सहित और एक तरल पदार्थ भी मिला है।

### मिशन रोजगार

# 647 युवाओं को वन विभाग से जोड़ेगी योगी सरकार

**लखनऊ, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** योगी सरकार ने मिशन रोजगार के तहत साढ़े सात वर्ष में निष्प-क्षता व पारदर्शिता के आधार पर साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। हर विभाग में युवाओं को निरंतर सरकारी नौकरी दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अगले दो वर्ष में उत्तर प्रदेश के दो लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी से जोड़ने का ऐलान किया है। इसके लिए तैयारियां भी चल रही हैं। इसी क्रम में सीएम योगी के हाथों से लोकभवन में मंगलवार को 647 युवाओं को वन रक्षक व वन्य जीव रक्षक पद पर नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में भी 41 अवर अभियंताओं की तैनाती की गई है।

योगी सरकार ने अन्य विभागों की तरह ही वन व वन्य जीव विभाग में भी पारदर्शी प्रक्रिया के अनुरूप युवाओं को नौकरी दी है। योगी सरकार में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से निकली भर्ती में सहायक वन संरक्षक पद पर 94, क्षेत्रीय वन अधिकारी पद पर 217, सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर 15 युवाओं को नियुक्ति दी जा चुकी है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निकाली गई भर्ती में मानचित्रकार पद पर 37 और वन रक्षक/वन्य जीव रक्षक पद पर 534 युवाओं की नियुक्ति की गई है। इसी पद पर 10 सितंबर को 647 अन्य युवाओं को भी नियुक्ति पत्र दिया जाएगा यानी वन रक्षक और वन्य जीव रक्षक के पद पर कुल 1181 युवाओं की भर्ती हो जाएगी। यह रक्षक वन्यजीव व मानव संघर्ष को रोकने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेंगे। इसी तरह क्षेत्रीय वन अधिकारी के पद पर 217 युवाओं को सरकारी नौकरी मिली।

वन विभाग के अतिरिक्त यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में भी युवाओं की जेई पद पर भर्ती की गई। इसमें 41 अवर अभियंताओं की तैनाती की गई है। निष्पक्षता के आधार पर मिली नौकरी के उपरांत युवा काफी पारदर्शिता से अपने कार्यों का संचालन कर रहे हैं।

# स्वस्थ शरीर ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है: योगी

## 73वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग कलस्टर का शुभारंभ

**लखनऊ, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** प्राचीन काल से ही भारत की परंपरा में खेल और खेलकूद की गतिविधियों को महत्व दिया गया है। भारतीय ऋषि इस बात का उद्घोष करता है कि 'शरीरमाद्यम् खलु धर्म साधनम्' यानी धर्म के जितने भी साधन हैं, वह स्वस्थ शरीर से ही संभव हैं। स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद, योगासन, प्राणायाम आदि क्रियाएं अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वस्थ शरीर ही समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को भी साकार कर सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 73 वें अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर-2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीएम योगी ने प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों का अभिनंदन किया।






सीएम योगी ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की संकल्पना के लिए जो कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे, उनमें खेल और खेलकूद की गतिविधियां भी महत्वपूर्ण हैं।

खेलो इंडिया खेलो, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, गांव-राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। हर तबके का व्यक्ति इन आयोजनों के साथ जुड़ रहा है। पेरिस में पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के जज्बे को पूरा देश और दुनिया देख रही है कि कैसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और तेज का लोहा मनवाने का भी काम किया है। यह दृश्य हमारे लिए इसलिए भी प्रसन्नता का है, क्योंकि यह प्रधानमंत्री की एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को भी साकार कर रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि खेल अपने कार्य के प्रति समर्पण के भाव के साथ तो जोड़ता ही है, साथ ही साथ जीवन में उतार-चढ़ाव के हर एक मोड़ पर जीतने की भी प्रेरणा देता है। अति प्रफुल्लित होकर अन्य के जीवन में बाधा पैदा करने की जो कुत्सित चेष्टाएं होती है, उसे रोकने का सामर्थ्य भी देता है। अगर किसी कारणों से सफलता नहीं प्राप्त हुई तो हर खिलाड़ी के अंदर शालीनता से उसे स्वीकार करने का भी सामर्थ्य भी पैदा करता है और जीवन इसी से चलता है।बहुत बार पराजय भी बड़ी जीत का मार्ग प्रशस्त करता है।

सीएम ने पुलिस बल के उपस्थित जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा रहा हो या विभिन्न प्रदेशों में कानून व्यवस्था, सुरक्षा का बेहतरीन माहौल बनाने का मुद्दा। पुलिस अपने इन उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ करने का प्रयास करती है, लेकिन इन सभी के बावजूद अन्य ऐसी गतिविधियां जो समाज को जोड़ती हो, एक दूसरे के मन में विश्वास पैदा करती हो, उन आयोजनों के साथ जुड़ना उतना ही रचनात्मक है और इसीलिए केवल पुलिसिंग ही नहीं, बल्कि हमें अन्य रचनात्मक कार्यों के साथ भी जुड़ना होगा। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में खेल और खेलकूद की गतिविधियों के लिए व्यापक कार्ययोजना को आगे बढ़ाया है। हम लोगों ने खेल नीति भी बनाई। ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड व विश्व चैंपियनशिप में जो खिलाड़ी मेडल प्राप्त करते हैं, उन्हें सीधी भर्ती के माध्यम में उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनाने की कार्रवाई हो रही है। अब तक ऐसे 500 से अधिक खिलाड़ियों को हम लोगों ने उत्तर प्रदेश पुलिस में सीधी भर्ती करने की कार्रवाई के साथ जोड़ा है। उनके बेहतरीन प्रदर्शन आज उत्तर प्रदेश पुलिस बल को नई गति देने में योगदान दे रहे हैं। खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए 57000 ग्राम पंचायत में खेल का मैदान, 825 विकास खंडों में मिनी स्टेडियम और 75 जनपदों में स्टेडियम निर्माण के कार्यक्रम को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने वाला राज्य उत्तर प्रदेश है।

सीएम योगी ने कहा कि नाम भले ही अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन सबका कार्य व मिशन एक ही है और वह है भारत की सुरक्षा। यह हम सभी के लिए सर्वोच्च मायने रखती है। भारत नेपाल सीमा हो या भारत भूटान सीमा, वहां पर इन देशों के साथ भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक संबंधों पर कोई आंच आए बगैर एसएसबी इन सीमाओं की सुरक्षा के लिए बेहतरीन प्रयास कर रहा है। उत्तर प्रदेश के अंदर साढ़े पांच सौ किमी की सीमा नेपाल से जुड़ी हुई है।

उत्तर प्रदेश पुलिस एसएसबी के साथ ज्वाइंट पेट्रोलिंग में भाग लेती है। राष्ट्रीय सुरक्षा का उत्तरदायित्व मिलकर हम एक साथ निभाएंगे तो सीमाओं के क्षेत्र में आमजन का विश्वास भी अर्जित करेंगे। सुरक्षा के साथ कहीं पर कोई खरोच भी नहीं आने देंगे, इस विश्वास के साथ बेहतरीन तालमेल के माध्यम से यह कार्यक्रम आगे बढ़ते हैं तो अनेक रचनात्मक गतिविधियों को भी वहां पर उस क्षेत्रवासियों के लिए एसएसबी द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, सशस्त्र सीमा बल के डीजी दलजीत सिंह चौधरी आदि मौजूद रहे।

### जिस मौलाना की समर्थक है भीम आर्मी

# उसी मौलाना ने जाटव महिला से किया रेप

**पीलीभीत, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में मुस्लिम समुदाय के 2 युवकों पर एक दलित वर्ग की शादीशुदा महिला से रेप का आरोप लगा है। आरोपितों में एक मौलाना भी शामिल है जिसका नाम नूर अहमद अज़हरी है। दूसरे आरोपित का नाम फिरदौस है। आरोपितों ने पीड़िता का अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल किया और जान से मार डालने की धमकी भी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर के आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मौलाना नूर अहमद अज़हरी मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का पदाधिकारी है।

यह मामला पीलीभीत जिले के थाना क्षेत्र पूरनपुर का है। यहां जाटव समुदाय की एक हिंदू महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है।

शिकायत में पीड़िता ने बताया कि वह बेहद गरीब परिवार से है। उनका पति दिल्ली में रह कर मजदूरी कर के परिवार पालता है। 8 महीने पहले महिला के जेठ के साथ एक युवक उनके घर आया था।

वह युवक असल में फिरदौस था लेकिन उसने अपना परिचय हृदेश के तौर पर दिया था। हृदेश बना फिरदौस पीड़िता से फोन पर बातें करने लगा। कुछ दिनों की बातचीत में हृदेश ने पीड़िता को अपने जाल में फंसा लिया। इसी के साथ उसने विश्वास में ले कर पीड़िता से कई बार रेप किया। कई बार बलात्कार की वजह से लगभग 4 महीने पहले पीड़िता की तबियत खराब हो गई। तब हृदेश (फिरदौस) ने पीड़िता की बीमारी ठीक करवाने के बहाने उसे झाड़-फूंक करने वाले एक मौलाना से मिलवाया। यह मौलाना नूर अहमद अहजहरी था जो मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का उत्तर प्रदेश में पदाधिकारी है।

फिरदौस पीड़िता को अपने साथ पूरनपुर इलाके के खानका लाया।

यहां मौलाना नूर अहमद अज़-हरी ने पीड़िता पर भूत-प्रेत का साया बताते हुए पूरी रात बलात्कार किया। मौलाना द्वारा रेप के दौरान फिरदौस ने साजिशन पीड़िता की अश्लील वीडियो बना ली। इसी वीडियो को वायरल करने का डर दिखाते हुए फिरदौस ने पीड़िता से कई बार बलात्कार किया। फिरदौस पीड़िता को फिर से पूरनपुर लाया। वह पीड़िता पर होटल में चलने का दबाव बनाने लगा।

जब पीड़िता ने इन्कार कर दिया तो फिरदौस ने उसे जान से मार डालने की धमकी देते हुए पीटा। इसी दौरान उसने खुद को हृदेश नहीं बल्कि खुद को मुस्लिम बताया।

पीड़िता जैसे-तैसे हृदेश के चंगुल से निकल कर पुलिस स्टेशन पहुंची। वहां उसने शिकायत दर्ज करवाते हुए नूर मोहम्मद अज़हरी और फिरदौस पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इन दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। मौलाना पर कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय बजरंग दल ने रविवार को प्रदर्शन भी किया।

# मौलाना ने की हिंदू महिला से रेप की कोशिश

## बीमार बच्चे के लिए ताबीज बनवाने मदरसा गई थी

**अमरोहा, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** अमरोहा जिले के एक मदरसे में एक हिंदू महिला से रेप की कोशिश किए जाने का मामला सामने आया है। इस करतूत का आरोप मदरसे के मौलाना पर लगा है जिसका नाम मंसूर है। मौलाना ने झाड़फूंक से इलाज के नाम पर अन्धविश्वास फैला रखा था। पीड़िता अपने बीमार बच्चे की ताबीज बनवाने के लिए मदरसे में गई थी। पुलिस ने मौलाना मंसूर को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना अमरोहा जिले के थानाक्षेत्र गजरौला की है। यहां जलालनगर इलाके में एक मदरसा है जिसमें मौलाना मंसूर छात्रों को पढ़ाता है। वह झाडफूंक के नाम पर लोगों में अंधविश्वास भी फैला रहा था। इन्हीं बातों में एक हिंदू महिला भी आ गई। उसका बेटा बीमार था जिसके झाड़-फूंक से इलाज के लिए पीड़िता मदरसे में चली गई। यहां मौलाना ने पीड़िता को बताया कि उसके बेटे पर जिन्न का साया है।

महिला ने इलाज पूछा तो मौलाना ने उसे 7 तरह की मिठाइयां लाने के लिए कहा। इसी के साथ मंसूर ने एक जोड़ी लौंग और जायफल भी मंगवाया। जब पीड़िता ये सब सामान ले आई तो मौलाना ने उसे कपड़े उतार कर नंगे ही चारपाई पर लेटने का फरमान सुनाया। मौलाना की इस बात पर पीड़िता को शक हुआ। उसने कपड़े उतारने से मना कर दिया तो मौलाना भड़क गया। आरोप है कि मंसूर ने पीड़िता को गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मार डालने की धमकी भी दी। खुद को फंसता देख कर महिला ने 112 नंबर डायल कर के पुलिस बुला ली। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने मौलाना को हिरासत में ले लिया। मंसूर के खिलाफ महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मौलाना को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।



# लियोनन मेसी से प्रभावित है जूडो खिलाड़ी तूलिका मान

नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)। पेरिस ओलंपिक में भारत की एकमात्र महिला जूडो खिलाड़ी तूलिका मान अपना आदर्श अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनन मेसी को मानती हैं। तूलिका ने अपनी रैंकिंग के आधार पर पेरिस 2024 में जगह बनाकर अपनी मां का सपना पूरा किया था हालांकि वह महिलाओं के 78 किग्रा भार वर्ग में शुरुआती दौर में ही क्यूबा की इडालिस ओर्टिज़ से हार के साथ ही बाहर हो गयीं थीं। इससे पहले सुशीला देवी टोक्यो 2020 में जूडो में भारत की एकमात्र प्रतिभागी थीं, लेकिन वह भी महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में शुरुआती दौर से आगे नहीं बढ़ सकी थीं।

मेसी की शांत रहने की क्षमता और मैच से पहले एक कोने में बैठकर अपने पर ध्यान करने की आदत से तूलिका बेहद प्रभावित थीं। इन आदतों का पालन करने के कारण ही वह एक बेहतर जूडोका बनने में सफल रही हैं।

नेशनल जूनियर लेवल पर सिल्वर मेडल जीतने वाली तूलिका के करियर की सही मायनों में शुरुआत हुई 2018 में, जब उन्होंने जयपुर में कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में जीत हासिल की थी। अगले ही साल उन्होंने फिर से कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप जीती और साउथ एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल भी अपने नाम किया। साल 2022 में बर्मिंघम में कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीतना उनके करियर का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। इसने उनके करियर को जबरदस्त तेजी दी पर वह उस मैच के बाद चोटिल भी हो गई थीं।

यह चोट तूलिका के लिए आसान नहीं थी। जूडो प्लेयर होने के नाते उनको हमेशा डर रहता था कि चोट उनसे इस खेल को छीन न ले। तब उनके कोच ने समझाया था कि अगर बॉडी का निचला हिस्सा चोटिल हुआ है तो ऊपर के हिस्से की ट्रेनिंग करो और अगर ऊपर चोट लगे तो निचले हिस्से की ट्रेनिंग करते रहो। जिससे अभ्यास कभी न छूटे। मेसी को फॉलो करना तूलिका के लिए लाभदायक रहा। उन्होंने धैर्य से रिकवरी टाइम को अच्छे रिहैबिलिटेशन में बिताया। उसके बाद तूलिका ने राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता। जूडो में शरीर को मजबूत करने के लिए फिजिकल ट्रेनिंग की जाती है तो मेंटल ट्रेनिंग भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। मानसिक तौर पर फिट रहने के लिए तूलिका योग करती हैं।


तूलिका मान पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत की एकमात्र जूडो खिलाड़ी थीं। उन्होंने अभी महज 25 साल की तूलिका से भारत को आगे काफी उम्मीद है।

## इस बार आईपीएल मेगा नीलामी में उतरेंगे स्मिथ

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अवसर मिलने की उम्मीद है। उनका मानना है कि मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में अपने अच्छे प्रदर्शन का लाभ उन्हें मिलेगा। इससे वह टी20 के भी अच्छे खिलाड़ी साबित हुए हैं। इसलिए उन्हें आईपीएल के अगले सत्र में अवसर मिल सकता है, इसलिए वह इस बार मेगा नीलामी में उतरेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### रेलवे ने पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट का इस्तीफा किया स्वीकार



नई दिल्ली। पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट ने रेलवे में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था जिसे स्वीकार कर लिया गया है। उत्तर रेलवे ने कहा कि बजरंज और विनेश के इस्तीफे स्वीकार कर लिए गये हैं। इन दोनो ही पहलवानों ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से पहले इस्तीफे दे दिए थे। विनेश ने रेलवे की सरकारी नौकरी से इस्तीफे की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की थी। विनेश ने इसमें कहा, भारतीय रेलवे की सेवा मेरे जीवन का एक यादगार और गौरवपूर्ण समय रहा है। जीवन के इस मोड़ पर मैंने स्वयं को रेलवे सेवा से अलग करने का फैसला लेते हुए अपना त्यागपत्र भारतीय रेलवे के सक्षम अधिकारियों को सौंप दिया है। राष्ट्र की सेवा में रेलवे द्वारा मुझे दिये गये इस अवसर के लिए मैं भारतीय रेलवे की सदैव आभारी रहूंगी। पेरिस ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने के बाद वजन के कारण अयोग्य करार दिये जाने पर विनेश ने कुश्ती से से संन्यास की घोषणा कर दी थी। उसके बाद हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा ने उन्हें राज्यसभा में भेजे जाने की बात कही थी पर उम्र कम होने के कारण ऐसा संभव नहीं था। इस कारण अब उन्हें विधानसभा चुनावों में उतारा जा रहा है।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से पुर्तगाल ने नेशन्स कप जीता



लंदन। पुर्तगाल ने नेशन्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड को 2-1 से हरा दिया है। पुर्तगाल की इस जीता में स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अहम भूमिका रही। रोनाल्डो ने इस मैच में रिकार्ड 132 वां गोल किया। रोनाल्डो मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे और उन्होंने 88वें मिनट में एक गोल दागा जिससे टीम को जीत मिली। रोनाल्डो का यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 132वां गोल था। इसी के साथ ही उन्होंने एक नया रिकार्ड कायम किया। रोनाल्डो यूरोपीय चैंपियनशिप के पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे पर इसके बाद भी कोच रॉबर्ट मार्टिनेज ने उन्हें मैदान में उतारा और ये फैसला सही साबित हुआ। इससे पहले क्रोएशिया पर पुर्तगाल की 2-1 की जीत में भी रोनाल्डो की अहम भूमिका रही थी।

### पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारतीयों ने किया अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन करार करना चाहते हैं कई दिग्गज ब्रांड



पेरिस। पेरिस में हुए पैरालिंपिक खेलों का समापन हो गया है। इसमें भारतीय पैरा दल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 29 पदक हासिल किये। इसमें 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं। ये पैरालिंपिक खेलों में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले टोक्यों में हुए खेलों में भारतीय दल ने 19 पदक जीते थे। इस प्रकार 10 पदक अधिक मिले हैं। इससे अब विभिन्न कंपनियों के नामी ब्रांड भी खिलाड़ियों से करार करना चाहते हैं जो एक अहम बदलाव माना जा रहा है क्योंकि अब तक इन खिलाड़ियों को विज्ञापनदाता नहीं मिलते थे। पेरिस में भाला फेंकने में सुमित अंतिल और महिला निशानेबाज अवनि लेखरा ने लगातार दूसरी बार पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं बैडमिंटन में स्वर्ण विजेता नीतेश कुमार के अलावा ट्रैक-इन-फील्ड में प्रीति पाल और तीरंदाजी में हरविंदर सिंह, ने भी जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ियों की इस सफलता के पीछे उन्हें मिले बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाओं की अहम भूमिका रही पदक विजेता खिलाड़ियों ने कहा है कि सुविधाओं से लेकर धन की उपलब्धता सभी लिहाज से स्थिति पहले से बेहतर हुई हैं, उसी का परिणाम है कि पहले से अधिक पदक मिले हैं।' इसके अलावा खिलाड़ियों को मिल रहें समर्थन से भी उनका हौंसला बढ़ा है। वहीं पदक विजेता निशानेबाज मोना अग्रवाल ने कहा है कि ब्रांड या सरकार जो भी उभरते हुए खिलाड़ियों को मदद देना चाहते हैं वे जल्द से जल्द आगे आएं।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम का विजय अभियान जारी

# चीन के बाद जापान को हराकर दर्ज की लगातार दूसरी जीत

हुलुबुइर, 09 सितंबर (एजेंसियां)। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में विजय अभियान सोमवार को भी जारी रहा। मेजबान चीन को हराने के बाद गत चैंपियन भारतीय टीम ने जापान को 5-1 से मात दी और ग्रुप चरण में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत की इस जीत में सुखजीत ने अहम योगदान दिया जिन्होंने दो गोल किए।

सुखजीत ने दूसरे और 60वें मिनट में गोल किए, जबकि अभिषेक (तीसरे), संजय (17वें) और उत्तम सिंह (54वें) अन्य भारतीय गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। मात्सुमोतो काजुमासा ने 41वें मिनट में जापान के लिए एकमात्र गोल किया। रविवार को अपने शुरुआती लीग मैच में चीन को 3-0 से हराने वाली चार बार की चैंपियन भारतीय टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि जापान की टीम ने पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए।



### भारत का अब मलेशिया से होगा सामना

हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम बुधवार को पिछले चरण की उपविजेता टीम मलेशिया से भिड़ेगी। मंगलवार को आराम का दिन है। छह टीमों के बीच राउंड-रॉबिन लीग के बाद शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को खेले जाने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। फाइनल 17 सितंबर को होगा।

## कैप्टन मोहन बिश्नोई की स्मास मास्टर टीम ने जीती राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कांठ प्रीमियर लीग



मुरादाबाद। कृष्णावती बैडमिंटन क्लब कांठ मुरादाबाद के तत्वावधान में राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कांठ प्रीमियर लीग में कैप्टन मोहन बिश्नोई की टीम स्मास मास्टर कांठ बैडमिंटन प्रीमियर लीग की विजेता बनी। बैडमिंटन प्रशिक्षक कोच आसिफ सिद्दीकी ने बताया कि स्मास मास्टर टीम ने कैप्टन खुर्शीद की फीदर फोर्स टीम को 3-2 से शिकस्त दी। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कैप्टन मोहन बिश्नोई की टीम स्मास मास्टर को ट्राफी प्रदान की। नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्टेडियम रामगंगा विहार में देर रात्रि जीती राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कांठ प्रीमियर लीग सम्पन्न हुआ। कृष्णावती बैडमिंटन क्लब कांठ के प्रबंधक अचल विश्नोई ने बताया कि राज्य स्तरीय पुरुष बैडमिंटन कांठ प्रीमियर लीग में मुरादाबाद के अलावा बरेली, आगरा, बिजनौर, बदायूं, अमरोहा, संभल आदि जनपदों के खिलाड़ी प्रतिभा किया। प्रीमियर लीग में 4 टीमों में 72 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रत्येक टीम में 18-18 खिलाड़ी शामिल रहे। लीग मैच के बाद सेमीफाइनल और अंत में फाइनल मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता का परिणाम देर रात्रि 1 बजे घोषित हुआ। समापन के मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि खेल में हार जीत से फर्क नहीं पड़ता जो अच्छा खेलता हैं उसे सफलता मिलती हैं। उन्होंने आगे कहा कि सफलता न मिलने पर हमें अपनी कमियों पर मंथन करना चाहिए। इससे हमें भविष्य में निश्चित ही जीत मिलेगी। प्रतियोगिता बैडमिंटन प्रशिक्षक कोच आसिफ सिद्दीकी के निर्देशन में सम्पन्न हुई। प्रीमियर लीग क्लोसिंग सेरेमनी का संचालन निमित जायसवाल ने किया। सभी का आभार मोहन विश्नोई अचल विश्नोई ने व्यक्त किया। इस मौके पर आयोजकों के द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि स्प्रिंगफील्ड कालेज के प्रबंध विपिन जेटली, पूर्व जूडो कोच सतीश चंद्र शर्मा, बैडमिंटन प्रशिक्षक कोच आसिफ सिद्दीकी, भाजपा पार्षद सुरेंद्र विश्नोई, योगेश शर्मा, आयोजक मंडल से मोहन विश्नोई, रोमी माहेश्वरी, सोहन विश्नोई, दीपक विश्नोई, आशीष, गोविंद सिंह मटेला, दीपक भारद्वाज, मनीष भट्ट, आयुष बजाज, रोहित अग्रवाल, आशु यादव, नरेंद्र बिश्नोई, डा हिमांशु यादव, देशकांत त्यागी आदि रहे।

# अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच में उभरा मीडिया एक्रीडेशन विवाद



ग्रेटर नोएडा, 09 सितंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले एक मात्र टेस्ट मैच को लेकर एक विवाद सामने आ रहा है। दरअसल ये मसला अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से मीडिया पर्सन्स के लिए कोई व्यवस्था नहीं किए जाने से जुड़ा है।

वैसे तो ये टेस्ट मैच आज सोमवार को सुबह 10 बजे से ग्रेटर नोएडा के ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड (शहीद विजय सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में शुरू होना है लेकिन इसके बावजूद इसे कवर करने को लेकर पत्रकारों को स्पष्ट सूचना नहीं है। इतना ही नहीं मीडिया एक्रीडेशन/रजिस्ट्रेशन कराने के बाद भी पत्रकारों को कार्ड देने के लिए मैच के दिन सुबह बुलाया गया और फिर कुछ पत्रकारों को यह कहकर लौटाया गया कि उनका आवेदन नहीं आया है, जबकि मीडियाकर्मियों का कहना था कि उन्होंने चार दिन पहले रजिस्ट्रेशन कराया था।

ऐसे में एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को कवर करने में भी मीडिया पर्सन्स को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जबकि पत्रकारों के एक ग्रुप का कहना है कि रजिस्ट्रेशन तक के सारे प्रोसेस ठीक से हुए। लेकिन आज कुछ चुनिंदा पत्रकारों को ही वरीयता देते हुए एक्रीडेशन में धांधली की गई है।

वहीं, इस मामले में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी (जो मीडिया का काम देख रहे थे) के पास कोई संतोष जनक जवाब नहीं था।

### स्टेडियम में 40 रुपए में मिल रहा आधा लीटर पानी

वहीं स्टेडियम में मैच देखने आए दर्शकों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा, खासकर पानी को लेकर। यहां दर्शकों को आधा लीटर पानी के लिए 40 रुपए खर्च करने पड़े।

### अवसर मिला तो आरसीबी की ओर से खेलूंगा : रिंकू

नई दिल्ली। बल्लेबाज रिंकू सिंह ने कहा है कि अवसर मिलने पर वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से भी खेलना चाहेंगे। रिंकू अभी कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से आईपीएल में खेलते हैं। रिंकू के इस बयान से सभी हैरान हैं। रिंकू को आईपीएल में केकेआर की ओर से किये धमाके दार प्रदर्शन के कारण ही टीम इंडिया में भी जगह मिली है। रिंकू के अनुसार आईपीएल के अगले सत्र में यदि केकेआर की टीम ने उन्हें नहीं रखा तो वह आरसीबी जाकर विराट कोहली के साथ खेलना चाहेंगे।

## बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम घोषित, ऋषभ की वापसी, यश को मिला मौका



मुम्बई, 09 सितंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के खिलाफ इसी माह 19 सितंबर से होने वाली दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज के पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम घोषित कर दी गयी है। इस सीरीज का पहला टेस्ट चेन्नई और दूसरा कानपुर में खेला जाएगा। टीम में आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी हुई है। ऋषभ 2022 में कार हादसे से उबरने के बाद पहली बार टेस्ट खेलते नजर आयेंगे। उन्हें दिलीप ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन का लाभ मिला है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस सीरीज के लिए जो टीम घोषित की है उसमें श्रेयस अय्यर शामिल नहीं हैं। अय्यर ने दिलीप ट्रॉफी में अच्छी बल्लेबाजी कर अपना दावा पेश किया था पर वह बोर्ड का भरोसा हासिल नहीं कर पाये। टीम में जिस फैसले से सभी हैरान है वह है यश दयाल को शामिल किया जाना। यश वहीं गेंदबाज हैं जिनपर पिछले आईपीएल में रिंकू सिंह ने लगातार पांच छक्के लगाये थे। वहीं युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को भी टीम में रखा गया है। बीसीसीआई ने कहा कि पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट के लिए भारत की 16 सदस्यीय टीम का चयन कर लिया है। इस टेस्ट सीरीज से साल 2024-25 के लिए भारत के अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र की शुरुआत होगी। इस सीरीज के बाद बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैच भी खेले जाएंगे। जिसके लिए सीरीज का चयन अभी होना है।

### टीम इस प्रकार है

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमरा, यश दयाल।

# डीपीएल : बारिश की वजह से टीम का बाहर होना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण : पंत

नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में टीम की कड़ी मेहनत और उनके अनुशासन की जमकर प्रशंसा की।

उन्होंने एक बयान में कहा, साउथ दिल्ली सुपरस्टारज़ के खिलाफ दूसरा सेमीफाइनल बारिश के कारण भले ही रद्द हो गया हो, लेकिन निराश होने जरूरत नहीं है, कुछ चीजें हमारे हाथ में नहीं होती और इस बार भी कुछ ऐसा ही है। हालांकि पुरानी दिल्ली 6 ने जिस तरह से यहां तक सफर का तय किया है, वह निश्चित तौर पर बधाई के पात्र हैं।

दिलीप ट्रॉफी के चलते ऋषभ टूर्नामेंट में भले ही ना खेल रहे हों, लेकिन पुरानी दिल्ली 6 की हर छोटी बड़ी चीजों पर उनकी निगाह लगातार बनी रहती है। उन्होंने कहा कि, मैने देखा कि यहां तक पहुंचने के लिए लड़कों ने कितनी कड़ी मेहनत की है, मैं उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प की सराहना करता हूं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बारिश ने हमारे अभियान पर रोक लगा दी, लेकिन वो कहते हैं ना अगर कुछ जाता है तो कुछ आता है। इसी तरह हमने भी इस सीज़न में कुछ खास बनाया है और मुझे विश्वास है कि हम अगले साल खिताब के लक्ष्य के साथ और मजबूत वापसी करेंगे।




वहीं प्रैक्टिस से लेकर ग्राउंड तक में हर छोटी से छोटी बारीकियों को समझाने वाले इशांत भी इस तरह से टीम के बाहर हो जाने से काफी निराश हैं।

उन्होंने टीम की तारीफ करते हुए कहा, बिना खेले ही सेमीफ़ाइनल से बाहर हो जाना काफी दुखद है। मैंने देखा है कि लड़कों ने पूरे टूर्नामेंट में कितना दिल से प्रयास किया है, ऐसे में इस तरह की चीजें निराश तो करती ही हैं, लेकिन मुझे गर्व है अपनी टीम पर जिन्होंने हमेशा मेरा और टीम का सिर ऊंचा रखा। मुझे पूरी उम्मीद है की हम अगले सीजन में ऐसी वापसी करेंगे कि सब देखते रह जायेंगे।

नियमों के अनुसार यदि बारिश के चलते मैच रद्द होते हैं तो अंक तालिका में जो टीम ऊपरी पायदान स्थान पर होगी, वह अपने आप टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच जाएगी।

# अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए लुंगी की द. अफ्रीकी टीम में वापसी

जोहानसबर्ग, 09 सितंबर (एजेंसियां)। जेसन स्मिथ, नकाबा पीटर और एमडिले सिमलेन को संयुक्त अरब अमीरात में अफगानिस्तान और आयरलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए पहली बार दक्षिण अफ्रीका की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है।

दक्षिण अफ्रीका को 18 सितंबर से शारजाह मे अफगानिस्तान के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलने हैं। इसके बाद 27 सितंबर से अबू धाबी में आयरलैंड के खिलाफ दो टी-20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।

लेगस्पिनर पीटर और ऑलराउंडर जेसन ने इस साल की शुरुआत में क्रमश: मई और अगस्त 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना टी20ई डेब्यू किया था। पीटर ने दो मैच खेले हैं और तीन विकेट लिए हैं, जबकि जेसन ने केवल एक मैच खेला है और छह रन बनाए हैं।

हालाँकि, सिमेलेन के लिए यह अंतरराष्ट्रीय टीम में उनका पहला कॉल-अप है। 21 वर्षीय ऑलराउंडर की पहचान एक उच्च क्षमता वाली प्रतिभा के रूप में की गई है और वह अगस्त में हाल ही में संपन्न जिम्बाब्वे के दक्षिण अफ्रीका इमर्जिंग टूर का हिस्सा थे। उन्होंने एक दिवसीय श्रृंखला में श्रीलंका ए के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ए का भी प्रतिनिधित्व किया था।



इस बीच, तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी दाहिनी पिंडली में लगी चोट से उबर गए हैं और उन्हें तीनों टीमों में शामिल किया गया है। वह अगस्त में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में शामिल नहीं हुए थे।

मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि इन दौरों से युवा और सीमांत दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों से कुछ अनुभव प्राप्त करने की अनुमति मिलेगी, और युवाओं का चयन घरेलू विश्व जैसे प्रमुख आगामी 2027 आईसीसी टूर्नामेंटों की तैयारी के लिए खिलाड़ियों के पूल का विस्तार करना है। हमने कुछ सीमांत खिलाड़ियों के साथ-साथ उन लोगों को भी मौका देने का फैसला किया है जिन्होंने हाल के हफ्तों और महीनों में प्रभावित किया है। यह प्रबंधन की ओर से एक जानबूझकर उठाया गया कदम है, जो चुनने के लिए खिलाड़ियों का एक व्यापक पूल बनाने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप है। चूँकि हम 2027 में 50 ओवर के विश्व कप पर दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ, अगले 18 महीनों में होने वाले प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंटों की तैयारी कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका 14 सितंबर को यूएई के लिए उड़ान भरेगा।

### अफगानिस्तान के खिलाफ द. अफ्रीका वनडे टीम

टेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जोरजी, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, नकाबा पीटर, एंडिले सिमलेन, जेसन स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन और लिज़ाद विलियम्स।

### आयरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका टी20 टीम

एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, नांद्रे बर्गर, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, पैट्रिक क्रूगर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, एंडिल सिमलेन, जेसन स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स और लिज़ाद विलियम्स।

### आयरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका वनडे टीम

टेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी ज़ोरजी, ब्योर्न फोर्टुइन, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, नकाबा पीटर, रयान रिकेल्टन, जेसन स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, काइल वेरिन और लिज़ाद विलियम्स

संपादकीय

# पहलवानों का राजनीतिक कदम

देश के प्रख्यात, चैम्पियन पहलवानों-बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट-ने अचानक ही कांग्रेस का 'हाथ' नहीं थामा है। कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह, बेशक, उन्हें 'खलनायक' करार दें अथवा युवा-नाबालिग पहलवान बेटियों के यौन उत्पीडऩ के खिलाफ उनके आंदोलन को 'कांग्रेसी साजिश' कहें, लेकिन दोनों ही पहलवान, अपने-अपने वर्गों में, अद्वितीय रहे और उन्हें भारत की आन-बान-शान माना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने निजी स्तर पर उनसे मुलाकातें कीं और सहयोग का हर हाथ बढ़ाया। बेशक कांग्रेस के साथ जुडऩा और कांग्रेस की ही राजनीति करना विनेश और बजरंग का संवैधानिक अधिकार है। वे विधायक बनें, मंत्री बनें या राष्ट्रीय स्तर पर कोई भूमिका निभाएं, लेकिन भारतीय कुश्ती को अभी उनकी जरूरत थी। उनमें 'पहलवानी' शेष थी। कुश्ती के प्रति ही जुड़ाव रहना चाहिए था। विनेश ने कहा भी था कि वह 32-33 साल की उम्र तक कुश्ती लडऩा चाहती हैं। अर्थात चार साल बाद का ओलंपिक उनके मानस में था। लिहाजा पाला बदल कर राजनीति में उतरना एक 'नैतिक विकृति' है। असंख्य चैम्पियन खिलाड़ी राजनीतिज्ञ बने हैं, लेकिन आज वे सिर्फ नेता हैं। उनका खिलाड़ी का चेहरा गायब हो चुका है। अतीत के इतिहास को कौन खंगालता है? बहरहाल जंतर-मंतर पर हमने चैम्पियन पहलवानों के आंदोलन को करीब से देखा है। बेशक उसे 'खिलाडिय़ों का आंदोलन' घोषित किया जाता रहा और वामपंथी नेता वृंदा करात को मंच से उतरने को बाध्य किया गया, लेकिन कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के साथ विनेश, साक्षी मलिक, बजरंग आदि इस तरह बतियाते नजर आए मानो सहेलियां गप्पें मार रही हों! आंदोलन के मंच तक राहुल गांधी और दीपेंद्र हुड्डा सरीखे कांग्रेसी सांसदों को प्रवेश क्यों दिया गया? क्या वे राजनेता नहीं थे। यकीनन कुछ 'खिचड़ी' तो पक रही थी! यदि सोच और विचारधारा के स्तर पर दोनों पहलवान 'कांग्रेसी' रहे हैं, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। यह भी उनका मौलिक अधिकार है। देश में बीते 10 सालों से प्रधानमंत्री मोदी की सरकार सक्रिय है, लिहाजा दोनों पहलवानों को वल्र्ड चैम्पियनशिप, राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में शिरकत करने की अनुमति और आर्थिक मदद किसने दी थी? विनेश के लिए हंगरी के विश्व विख्यात कोच के साथ अनुबंध किसने किया था और करोड़ों की फीस अदा की गई? हम मानते हैं कि यह सरकार का दायित्व था, लेकिन यह दायित्व तो देश के 145 करोड़ भारतीयों और प्रत्येक खिलाड़ी के प्रति भी था। कितनों को इतनी प्राथमिकताएं दी गईं या मिल पाती हैं? बहरहाल कुश्ती को यहीं छोड़ते हैं, लेकिन आंदोलन तो अधर में लटक जाएगा। जिस आंदोलन की खातिर विनेश ने सडक़ पर, पुलिसियों द्वारा घसीटा जाना झेल लिया, सरकार के कथित अन्याय को बर्दाश्त किया, क्योंकि सरकार अपने सांसद को बचाती रही, हमें लगता है कि विनेश भी उस आंदोलन को कभी भूल नहीं पाएंगी। अभी तो बजरंग और विनेश नए-नए नेता बने हैं, लिहाजा लच्छेदार भाषा बोल रहे हैं कि वे हर पीड़ित, शोषित खिलाड़ी बेटी के संग खड़े रहेंगे। उनकी मदद करेंगे, लेकिन यह हकीकत नहीं होगी और कुछ ही महीनों में यथार्थ सामने होगा! अब अकेली साक्षी मलिक ने आंदोलन को जारी रखने का आश्वासन देश को दिया है। देखते हैं, वह कहां तक चल पाती हैं। राजनीति में आने का ऑफर तो उन्हें भी मिला था। उन्होंने स्वीकार नहीं किया और वह आंदोलन के संकल्प पर अडिग रहीं। साक्षी भी ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान रही हैं। विनेश को तो अभी यह जीत हासिल करनी है। उनके साथ जो भी हुआ, वह किसी और की गलती नहीं थी। ऐसी खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी को अपना वजन तय सीमा से कम ही रखना होता है। बहरहाल जो भी हुआ, वह भारत के लिए दुस्वप्न जैसा था। बहरहाल 'पहलवान से कांग्रेसी नेता' बने विनेश-बजरंग के खिलाफ भाजपा समेत कुछ दलों ने ओछी फिकरेबाजी शुरू भी कर दी है। यही हमारी राजनीति के भद्दे संस्कार हैं।

> कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह, बेशक, उन्हें 'खलनायक' करार दें अथवा युवा-नाबालिग पहलवान बेटियों के यौन उत्पीडऩ के खिलाफ उनके आंदोलन को 'कांग्रेसी साजिश' कहें, लेकिन दोनों ही पहलवान, अपने-अपने वर्गों में, अद्वितीय रहे और उन्हें भारत की आन-बान-शान माना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने निजी स्तर पर उनसे मुलाकातें कीं और सहयोग का हर हाथ बढ़ाया। बेशक कांग्रेस के साथ जुडऩा और कांग्रेस की ही राजनीति करना विनेश और बजरंग का संवैधानिक अधिकार है। वे विधायक बनें, मंत्री बनें या राष्ट्रीय स्तर पर कोई भूमिका निभाएं, लेकिन भारतीय कुश्ती को अभी उनकी जरूरत थी। उनमें 'पहलवानी' शेष थी। कुश्ती के प्रति ही जुड़ाव रहना चाहिए था। विनेश ने कहा भी था कि वह 32-33 साल की उम्र तक कुश्ती लडऩा चाहती हैं। अर्थात चार साल बाद का ओलंपिक उनके मानस में था।

### घरेलू बचत में गिरावट सरकार की भी चिंता का कारण बन गई है

# घरेलू बचत घटने की चिंताएं

डा. जयंती लाल भंडारी

यकीनन इस समय देश में आम आदमी का पहला आर्थिक और वित्तीय सहारा कही जाने वाली घरेलू बचत में लगातार कमी आने का चिंताजनक रुझान दिखाई दे रहा है। घटती हुई घरेलू बचत के खतरे को भांपते हुए हाल ही में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक में कहा कि बैंकों के द्वारा जमा राशि बढ़ाने के लिए ऐसी आकर्षक ब्याज योजना लाई जानी चाहिए, जिससे बैंकों में सेविंग्स की धनराशि में तेज इजाफा हो सके। गौरतलब है कि घरेलू बचत किसी व्यक्ति की आय की वह शेष राशि है, जो उपभोग आवश्यकताओं और विभिन्न वित्तीय देनदारियों के भुगतान के बाद बचती है। घरेलू बचत को बैंक और गैर बैंक जमा, जीवन बीमा निधि, भविष्यनिधि और पेंशननिधि, पोस्ट ऑफिस की छोटी बचत योजनाओं तथा अन्य वित्तीय उपकरणों में निवेश किया जाता है। यदि हम घरेलू बचत संबंधी आंकड़ों को देखें तो पाते हैं कि जो घरेलू बचत वर्ष 2006-07 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 18 फीसदी के स्तर पर थी, वह वर्ष प्रतिवर्ष घटते हुए वर्ष 2022-23 में जीडीपी के 5.2 फीसदी स्तर पर आ गई और अब यह पिछले पांच दशकों में सबसे कम स्तर पर है। स्थिति यह है कि घरेलू बचत में गिरावट सरकार की भी चिंता का कारण बन गई है। राष्ट्रीय लघु बचत प्राप्तियों के लिए इस वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में 14.77 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया था। लेकिन 23 जुलाई को पेश किए गए वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट में लघु बचतों से प्राप्ति के अनुमान को घटाकर 14.20 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। चूंकि सरकार अपने राजकोषीय घाटे को पाटने के लिए लघु बचत योजनाओं के तहत संग्रह राशि का भी उपयोग करती है।

> घटती हुई घरेलू बचत के खतरे को भांपते हुए हाल ही में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक में कहा कि बैंकों के द्वारा जमा राशि बढ़ाने के लिए ऐसी आकर्षक ब्याज योजना लाई जानी चाहिए, जिससे बैंकों में सेविंग्स की धनराशि में तेज इजाफा हो सके। गौरतलब है कि घरेलू बचत किसी व्यक्ति की आय की वह शेष राशि है, जो उपभोग आवश्यकताओं और विभिन्न वित्तीय देनदारियों के भुगतान के बाद बचती है।

निःसंदेह शताब्दियों से भारत एक ऐसा देश रहा है जहां लोग कमाई का एक हिस्सा भविष्य के लिए घरेलू बचत के रूप में बचाकर रखते रहे हैं। लेकिन अब इस बचत की प्रवृत्ति में बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है। लोगों के द्वारा आवास, वाहन, शिक्षा तथा अच्छे आरामदायक जीवन के लिए विभिन्न प्रकार के कर्ज लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। जहां परिवारों की वित्तीय देनदारियां बढऩे से घरेलू बचत सीधे तौर पर कम हुई है, वहीं आय के एक हिस्से का इस्तेमाल विभिन्न प्रकार के ऋणों के ब्याज के भुगतान के लिए भी किए जाने से घरेलू बचत कम हुई है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में लघु बचत योजनाओं के तहत जो 40 करोड़ से अधिक बचतकर्ता हैं, उनके द्वारा भी विभिन्न लघु बचत



योजनाओं में तुलनात्मक रूप से कम ब्याज मिलने के कारण निवेश में कमी आई है। प्रमुख रूप से राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी), लोक भविष्य निधि (पीपीएफ), किसान विकास पत्र (केवीपी) और सुकन्या समृद्धि खाता जैसी अन्य योजनाओं के तहत कम निवेश प्राप्त हो रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश में बदली हुई आयकर व्यवस्था के कारण भी आयकरदाताओं के द्वारा की जाने वाली घरेलू बचत में कमी आ रही है। इस समय देश में आयकर भुगतान की पुरानी और नई दो कर रिजीम हैं। जहां पुरानी कर रिजीम में बचत और निवेश के लिए प्रोत्साहन हैं, वहीं नई कर रिजीम में बचत के वैसे प्रोत्साहन नहीं हैं। इस समय ज्यादातर आयकरदाता नई कर रिजीम अपना रहे हैं। ज्ञातव्य है कि इस वर्ष 31 जुलाई तक आयकर आकलन वर्ष 2024-25 के लिए दाखिल किए गए कुल 7.28 करोड़ आईटीआर में से नई कर रिजीम के तहत 5.27 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए हैं। वहीं पुरानी कर रिजीम में दाखिल रिटर्न की संख्या 2.01 करोड़ है। इस प्रकार लगभग 72 प्रतिशत करदाताओं ने नई कर व्यवस्था को चुना है। स्पष्ट है कि नई कर व्यवस्था से बचत व निवेश की जगह उपभोग खर्च बढ़ाने की प्रवृत्ति को अधिक प्रोत्साहन मिल रहा है।

घरेलू बचत में कमी का एक कारण देश में महिलाओं के द्वारा उनके पास आने वाले धन का उपयुक्त निवेश नहीं किया जाना भी है राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2023 तक देश के बैंकों में कुल 252 करोड़ व्यक्तिगत खातों में से हर तीसरा खाता महिला के नाम पर है, लेकिन बैंकों में जमा कुल 187 लाख करोड़ रुपए में से सिर्फ 20 फीसदी ही महिला खातों में जमा हैं। ऐसा नहीं है कि घरेलू बचत में कमी का कारण देश में लोगों की आय में कमी आना है। वस्तुतः भारत में प्रतिव्यक्ति आय तेजी से बढ़ रही है। 10 वर्ष पहले वर्ष 2014-15 में जो प्रति व्यक्ति आय 86647 रुपए थी, वह 2023-24 में करीब 2.28 लाख रुपए के स्तर पर पहुंच गई है। इस तरह तेजी से बढ़ी आय के साथ अब बड़ी संख्या में लोग अपनी बचत का ऐसी जगह पर निवेश कर रहे हैं, जहां उनको ज्यादा ब्याज और ज्यादा रिटर्न मिल रहा है। लोगों की बचत का तेज प्रवाह शेयर बाजार म्युचुअल फंड, रियल एस्टेट, महंगे वाहनों, सोने एवं बहुमूल्य धातुओं की खरीदी और आरामदायक व विलासिता के सामानों की ओर बढ़ रहा है। देश के छलांगे लगाकर बढ़ते हुए शेयर बाजार में भी तेज रिटर्न मिल रहा है। 10 वर्ष पहले जो सेंसेक्स 25 हजार के स्तर पर था, आज वह 80 हजार के ऊपर है। जुलाई 2024 में भारतीय शेयर बाजार का आकार 5.5 ट्रिलियन डॉलर हो गया है और भारत का शेयर बाजार दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार है। बड़ी संख्या में लोगों के कदम म्युच्यल फंड की ओर बढ़े हैं। जून 2024 तक म्युच्यल फंड के लिए डीमैट खातों की संख्या आश्चर्यजनक रूप से बढक़र 16.2 करोड़ हो गई है।

विभिन्न आर्थिक एवं वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में भी इस बात का विश्लेषण किया जा रहा है कि लोगों को घरेलू बचत की योजनाओं तथा बैंकों में बचत की धनराशि जमा करने से मिलने वाले रिटर्न की तुलना में शेयर बाजार, म्यूच्युल फंड और अन्य भौतिक सम्पत्तियों में निवेश करने से अधिक रिटर्न मिल रहा है। अतएव घरेलू बचत में कमी आ रही है। यद्यपि घरेलू बचत के घटने की स्थिति चिंताजनक है, लेकिन घरेलू बचत का घटना किसी पारिवारिक या सामाजिक वित्तीय संकट की आहट नहीं है। रिजर्व बैंक के मुताबिक देश में परिवारों की वित्तीय देनदारियों में वृद्धि के बावजूद, परिवारों की बैलेंस शीट बेहतर बनी हुई है। मार्च 2023 के अंत में परिवारों की वित्तीय संपत्तियां उनकी देनदारियों की तुलना में 2.7 गुना थीं। भारतीय परिवारों का ऋण सेवा बोझ, यानी आय के प्रतिशत के रूप में ब्याज का भुगतान मार्च 2021 में 6.9 प्रतिशत से घटकर मार्च 2023 में 6.7 प्रतिशत रह गया, जो वैश्विक स्तर पर भी सराहनीय है। हम उम्मीद करें कि हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रिजर्व बैंक के द्वारा बैंकों को तत्परतापूर्वक घरेलू बचतों के निवेश को आकर्षक और जोखिम रहित बनाने के लिए जो दिशा निर्देश दिए गए हैं, उनके मद्देनजर सभी बैंक अपनी बचत योजनाओं को आकर्षक बनाएंगे। बैंकों के द्वारा कुछ इनोवेटिव और आकर्षक पोर्टफोलियो लाए जाएंगे और जमा प्राप्त करने के नए बाजार तलाशे जाएंगे।

दृष्टि कोण

# हरित ऊर्जा से पर्यावरण संरक्षण एवं विकास

ऊर्जा और जीवन एक-दूसरे के पर्याय हैं। बिना ऊर्जा के विकास गतिविधियां संभव नहीं हैं। जीवाश्म ईंधन की वजह से पर्यावरण प्रदूषण व जलवायु संकट का सामना करना पड़ रहा है। जीवाश्म ईंधन जलाने से वातावरण में ग्रीनहाउस गैसें निकलती हैं जो ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनती हैं। पर्यावरण चुनौतियों से निपटने का एक ही विकल्प है हरित ऊर्जा। हरित ऊर्जा प्राकृतिक स्रोतों से मिलने वाली ऊर्जा है। पर्यावरण संरक्षण, अच्छी प्राणवायु व स्वास्थ्यवर्धक वातावरण के लिए हमें आज हरित प्रौद्योगिकी को अपनाना होगा। हरित प्रौद्योगिकियां ऐसे उत्पाद और सुविधाएं बनाती हैं जो पर्यावरण मैत्री है तथा प्रकृति, पर्यावरण, वातावरण एवं समाज पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालती। हरित प्रौद्योगिकियां नवीकरणीय प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर पृथ्वी को बचाने का काम करती हैं। हरित ऊर्जा हमें सूर्य-प्रकाश, पवन, वर्षा, ज्वार, पौधों एवं भूतापीय गर्मी से प्राप्त होती है। पर्यावरण सुरक्षा एवं प्रदेश की नैसर्गिक सुंदरता को बिना क्षति पहुंचाए राजस्व लाभ, रोजगार प्राप्त करने हेतु प्रदेश सरकार ने क्रांतिकारी एवं साहसिक कदम उठाते हुए 31 मार्च 2026 तक हिमाचल को देश का प्रथम हरित ऊर्जा राज्य (ग्रीन एनर्जी स्टेट) विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस सकारात्मक सोच से जहां प्रदेश वासियों को स्वच्छ वायु, स्वास्थवर्धक वातावरण, रोजगार मिलेगा, वहीं प्रदेश को राजस्व लाभ एवं ऊर्जा संकट से निदान मिलेगा। प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा, जल विद्युत और हाइड्रोजन का दोहन कर प्रदेश को सशक्त हरित ऊर्जा राज्य बनाने हेतु वचनबद्ध है। सौर ऊर्जा भारी मात्रा में उपलब्ध नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत है। एक घंटे की सूर्य रोशनी में दुनिया के लिए एक वर्ष की ऊर्जा समाहित है। सूर्य प्रकाश को फोटोवोल्टिक सेल से सीधे विद्युत में परिवर्तित किया जा सकता है। भारत में मार्च 2024 तक 81.81 गीगावॉट सौर ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त की है। प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हिमाचल की भागीदारी बढ़ाकर 12 प्रतिशत तक पहुंचाना चाहती है। प्रदेश भर में 500 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। ऊना जिले के पेखूबेला में 32 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना तैयार की गई है तथा अघलौर में 10 मेगावाट और भंजाल में 5 मेगावाट क्षमता वाली परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। हिमाचल प्रदेश गांव में बसता है तथा गांवों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए सौर ऊर्जा बेहतरीन विकल्प है। सौर लालटेन, सौर स्ट्रीट लाईट, ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए माइक्रो-मिनी ग्रिड ने गांवों में नए उजाले की शुरुआत की है। अभी हाल ही में कुल्लू के मलाणा में बादल फटने से ऐसी आपदा बरसी कि पावर प्रोजैक्ट की डैम साइट बर्बाद हो गई। मलाणा के लोग अंधेरे में बस रहे हैं। ऐसे में मेक माई ट्रिप फाउंडेशन ने मलाणा को प्रकाशमय करने के लिए 500 सोलर लाइट्स प्रदान की हैं। प्रशासन द्वारा प्रति घर एक-एक सोलर लाइट दी जा रही है। सोलर लाइट सिस्टम से तीन बल्ब जलेंगे तथा फोन चार्ज करने की भी सुविधा है। राज्य की कुल चिन्हित जल विद्युत क्षमता लगभग 27 हजार 436 मेगावाट है। दोहन योग्य विद्युत क्षमता 23 हजार 750 मेगावाट है। वर्तमान में 10 हजार 781.88 मेगावाट का दोहन किया जा चुका है। हरित ऊर्जा के दोहन में ग्रीन हाइड्रोजन विशेष है। पानी का इलेक्ट्रोलिसिस कर हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को पृथक कर ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से जो बिजली प्राप्त होती है, उससे इलेक्ट्रोलिसिस किया जाता है। हरित हाइड्रोजन एक स्वच्छ और टिकाऊ ईंधन है। हाइड्रोजन का हरित रूप पर्यावरण हितैषी है, क्योंकि कार्बन उत्सर्जन शून्य है। औद्योगिक क्षेत्र नालागढ़ में आंचल इंडिया कंपनी के सहयोग से ग्रीन हाइड्रोजन गैस के उत्पादन के लिए एक मेगावाट का संयंत्र उद्योग लगाया गया है, जो कि प्रदेश का पहला ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट है। प्रदेश में ग्रीन इलेक्ट्रिल व्हीकल पॉलिसी लागू की गई है। परिवहन विभाग में इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है। बायो एनर्जी की क्षमता का दोहन करने, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को नियंत्रित करने में इलेक्ट्रिक वाहन की अहम भूमिका है। पूरे भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 10000 से अधिक पब्लिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जा चुके हैं। प्रदेश सरकार प्रदेश में प्रस्तावित चार्जिंग स्टेशनों के लिए मुफ्त जमीन व बिजली उपलब्ध करवा रही है।

कुछ अलग

# कारगिल पर स्वीकारोक्ति

जिस सच को भारत बार-बार दोहराता रहा है कि कारगिल युद्ध में पाक के सैनिकों की पूरी भूमिका रही है, उस सच को पाक सेना प्रमुख ने पच्चीस साल बाद स्वीकारा है। पाक की यह सफाई ऐसे वक्त में आई है जब भारत ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ कुछ समय पहले ही मनायी है। बीते शुक्रवार को पाक के रक्षा और शहीद दिवस के मौके पर सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर की स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। हालांकि, मुनीर ने गोलमोल तरीके से भारत व पाक के बीच हुए युद्धों समेत कारगिल में हजारों सैनिकों के मारे जाने की बाद कही। दरअसल, वर्ष 1999 के कारगिल संघर्ष को लेकर पाक के किसी शीर्ष सैन्य अधिकारी की पहली सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है कि इस युद्ध में पाक सेना शामिल थी। अब तक पाक दलील देता रहा है कि कारगिल में कश्मीर के लिये लड़ने वाले लोग शामिल थे। हालांकि, इस साल की शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कारगिल का नाम लिये बिना यह स्वीकारा था कि इस्लामाबाद ने 1999 में हुए उस समझौते का उल्लंघन किया था, जिस पर उनके व तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के हस्ताक्षर थे। यह स्वीकार्य तथ्य है कि कारगिल हमले का दुस्साहस जनरल परवेज मुशर्रफ द्वारा रची साजिश के तहत ही हुआ है। दरअसल, पाकिस्तानी सेना ने बांग्लादेश युद्ध में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने का असफल प्रयास ही किया था। बहरहाल, पाक सेना प्रमुख की कारगिल युद्ध में सेना के शामिल होने की स्वीकारोक्ति के छिपे निहितार्थ भी हो सकते हैं। मगर प्रश्न टाइमिंग को लेकर है कि आखिर क्या वजह थी जो पाक ने यह तब स्वीकारा जब भारत कारगिल विजय के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर जश्न मना चुका है। लेकिन स्पष्ट है कि पाकिस्तान में लोकतंत्र सेना के शिकंजे में पूरी तरह जकड़ा हुआ है। सत्ता पर काबिज शरीफ बंधुओं पर सेना का पूरा दबदबा है। वहीं मुखर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल की सलाखों के पीछे हैं। दरअसल, पाक दुनिया को यह दिखाने का प्रयास कर सकता है कि वह अपनी अतीत की भूलों को स्वीकार रहा है और अपनी ऐतिहासिक भूलों से सबक सीखने को उत्सुक है। तभी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसी कार्यक्रम में कहा था कि पाक अपने सभी पड़ोसियों से बेहतर संबंध बनाना चाहता है। संभव है कि पाक अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाली एससीओ बैठक के लिये माहौल बनाने का प्रयास कर रहा हो। जिसमें वह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाग लेने की उम्मीद जता रहा है। लेकिन भारत पाक की बातों पर सहज विश्वास कर ले, उसका कोई तार्किक आधार नजर नहीं आता। दोनों देशों के बीच अविश्वास की खाई बीतों दिनों में लगातार चौड़ी होती रही है। खासकर पिछले दिनों जम्मू क्षेत्र में पाक प्रशिक्षित आतंकवादियों द्वारा भारतीय सैनिकों पर लगातार किए गए हमलों में उसकी भूमिका को लेकर। निश्चित रूप से जनरल मुनीर से एलओसी के पार आतंकी हमलों में पाकिस्तानी सेना की भूमिका को स्पष्ट करने के लिये कहा जाना चाहिए।

देश दुनिया से

# कंधार अपहरण के असहज सत्य और सबक

> नरेंद्र मोदी सरकार की मुश्किल यह है कि उन काले दिनों और रातों को दफनाना चाहती है – जो 1999 में क्रिसमस से पहली शाम और नए साल की पूर्व संध्या के बीच मुसीबत बनकर टूटे थे, जब अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को 300 से अधिक यात्रियों की जिंदगी के बदले में तीन आतंकवादियों को रिहा करना पड़ा था –इसकी जगह वह मधुर, गर्मजोशी भरा और खुशनुमा अहसास बनाए रखना चाहती है, जो एक मज़बूत देश का नेतृत्व मजबूत नेता के हाथ होने पर तारी रहता है। परंतु कठिनाई यह है कि इतिहास इस तरह के अहसासों का बंधक नहीं हो सकता। जो होता है, ठीक वही पेश करता है।

वास्तविक जीवन जैसी दिखने वाली वेब सीरीज के साथ समस्या यह है कि वह अपने साथ बहुत सी पुरानी यादें लेकर आती है। 'आईसी 814 : कंधार हाईजैक' नामक इस सीरीज के साथ मुश्किल यह हो रही है कि यह भारत को कमज़ोर दिखाती है : निशक्त, पस्त-अक्षम। नरेंद्र मोदी सरकार की मुश्किल यह है कि उन काले दिनों और रातों को दफनाना चाहती है – जो 1999 में क्रिसमस से पहली शाम और नए साल की पूर्व संध्या के बीच मुसीबत बनकर टूटे थे, जब अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को 300 से अधिक यात्रियों की जिंदगी के बदले में तीन आतंकवादियों को रिहा करना पड़ा था –इसकी जगह वह मधुर, गर्मजोशी भरा और खुशनुमा अहसास बनाए रखना चाहती है, जो एक मज़बूत देश का नेतृत्व मजबूत नेता के हाथ होने पर तारी रहता है। परंतु कठिनाई यह है कि इतिहास इस तरह के अहसासों का बंधक नहीं हो सकता। जो होता है, ठीक वही पेश करता है। उस वक्त की कुछ झलकियां पेश हैं : अपहृत विमान में फंसे यात्रियों के परिवारों की मुश्किलें वाजपेयी सरकार की कमजोरी बन गई, जिनके सिर पर सरकार और अपहर्ताओं के बीच सौदा सिरे न चढ़ने पर हर किस्म के नुकसान का खतरा था। ब्रिटेन में पढ़ा और वहां के लहज़े में अंग्रेजी बोलने वाला उमर शेख – जो कि भारत सरकार द्वारा रिहा किए गए तीन आतंकवादियों में से एक था–उससे जब कंधार में भारतीय खुफिया अधिकारी आनंद अर्नी ने पूछा कि आज़ाद होने का क्या अर्थ है, तो उसने जवाब में ढेरों अपशब्द बके। पाकिस्तान की आईएसआई, जिसका पूरी तरह नियंत्रण था, उसने समझौता वार्ता के दौरान भी बुनियादी शर्तों को बदलवाया – 29 दिसंबर की शाम तक, सहमति केवल एक मसूद अज़हर को रिहा करने तक सीमित थी, लेकिन 30 दिसंबर की सुबह होते-होते अपहर्ता तीन आतंकवादियों को रिहा करने की मांग पर अड़ गए। यह वही था, जो होकर रहा। कभी-कभी समस्या यह होती है कि लोग अतीत को वर्तमान के संदर्भ में देखने लगते हैं। उन्हें इस तथ्य से शर्मिंदगी महसूस होती है कि तत्कालीन विदेश मंत्री जसवंत सिंह भी उसी विमान से कंधार गए थे, जिसमें कुछ पीछे की सीटों पर रिहा किए जाने वाले तीनों आतंकवादी सवार थे, जो उन्हें सुनाने को जोर-जोर से अपशब्द बकते रहे। बहुत से लोगों का कहना है कि मंत्री को नहीं जाना चाहिए था, कई ने सवाल किया कि उन्होंने अपने पद की गरिमा क्यों गिराई? लेकिन 'द ट्रिब्यून' के अभिलेखागार में, उस वक्त में झांकने पर पता चलता है कि 1999 में भारत की स्थिति क्या थी। परमाणु परीक्षण हुए कोई एक साल गुजरा था और भारत अभी भी अंतर्राष्ट्रीय तौर पर अभिशप्त-सा था और आगामी गर्मी में अमेरिकी राष्ट्रपति क्लिंटन का दौरा होना तय था। पाकिस्तान के साथ कारगिल युद्ध खत्म हुए बमुश्किल चंद महीने बीते थे। उस सप्ताह, जब अपहृत हुए विमान ने काठमांडू से अमृतसर होते हुए कंधार के लिए उड़ान भरी, जसवंत सिंह ने मदद के लिए अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य जगहों पर अपने कई समकक्षों को संपर्क करने की कोशिश की- लेकिन किसी ने उनका फोन नहीं उठाया। यह सप्ताह नए साल की खुशियां मनाने का था। आप जब जश्न मनाने में व्यस्त हों, ऐसे में तीसरी दुनिया के देश का कोई परेशान आदमी आपको उस समय फोन करे, तो आप केवल यही सोच सकते हैं कि अपनी समस्याओं से वह खुद क्यों नहीं निबट लेता? यही चीज़ है जिससे असली कमजोरी झलकती है। भले ही आप मदद पाने के लिए कितने भी अधीर हों, लेकिन कोई आपका फोन नहीं उठाना चाहता। 'रॉ' के तत्कालीन प्रमुख एएस दुलत के अनुसार, जसवंत सिंह उस सप्ताह दिल्ली में 'अकेले पड़े एक आदमी' थे। उनको लगा कि यदि कोई वरिष्ठ व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से लेन-देन प्रक्रिया की देखरेख करने साथ नहीं गया, तो कहीं अंतिम समय में ऐसा कुछ न हो जिससे यात्रियों की जान खतरे में पड़ जाए। सच तो यह है कि भारतीय वार्ताकार कंधार में कमजोर पड़े प्रतीत हुए क्योंकि उनके पास अपनी बात मनवाने की गुंजाइश बहुत कम या न के बराबर थी। विमान दुश्मन के इलाके में था। कठपुतलियों की डोर आईएसआई के हाथ में थी और सभी पत्ते भी उसके हाथ में थे। नेटफ्लिक्स सीरीज़ उन सभी भारतीय दर्शकों को यह असहज सच्चाई स्वीकारने को मजबूर करती है कि हकीकत में हम वह राज्य नहीं हैं जोकि हम मानते रहे कि हम हैं। हम कमजोर थे, और शायद, अब भी हैं। वेब सीरीज़ ने हम सभी की इस रग को छूआ है कि जब रोशनी बुझ जाती है और हमारे समक्ष केवल हम ही होते हैं, तो क्या सच है और क्या नहीं, यह हमें पता होता है। हम जानते हैं कि हम उतने तगड़े नहीं हैं जितना खुद को मानते हैं। कुछ लोग कह सकते हैं कि 25 साल का समय बहुत लंबा होता है और भारत काफी आगे निकल चुका है- वे पाकिस्तान के साथ वार्ता के संबंध में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनाए गए सख्त रुख को गिनाते हैं। कुछ अन्य लोगों का इशारा 2016 में अभूतपूर्व सर्जिकल स्ट्राइक की तरफ होगा, जब भारतीय सशस्त्र बलों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पार की और पाकिस्तानी सेना द्वारा समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ सफलतापूर्वक अभियान चलाये। फिर भी, हम जानते हैं कि कमज़ोरी बनी हुई है।

आप का नजरिया

# कांगड़ा का चमन

जब भी प्रदेश की सियासत का मुआयना होता है, कांगड़ा के मुद्दों पर सवार होना होता है। इस बार मौका भाजपा के हाथ आया तो नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा के सदन को तपा दिया। 'खामोशियां फिर तूफानों सी गूंज गईं, इस हवा को हमारे आंगन से कुछ कहना था।' जयराम बोल रहे थे तो कांगड़ा की चुप्पियों का पदचाप सदन के सन्नाटे तोड़ रहा था, लेकिन सियासत के खंभों पर कांगड़ा के ही नेता फिसले है। पौध बदल जाती है, कभी शांता-कभी धूमल में बंट जाती है। हकीकत यह भी है कि सत्ता का तिलक जब भी शिमला में सरकार के माथे पर लगा, तो कांगड़ा कश्तियों पर सवार रहा, लेकिन बार-बार इसी के 'पत्तन टूटे' हैं। ऐसा नहीं है कि जो विपक्ष ने कहा, वही कांगड़ा का अवतार है, लेकिन सच यह भी है कि कांगड़ा को मिलते रहे 'राजधानियों के दर्जो' ने इसी से वफा की। यह दीगर है कि कांगड़ा के प्रणेता के रूप में वीरभद्र की सत्ता के हर दशक ने इस क्षेत्र के मतदान का कर्ज उतारा है और अंतिम पैगाम आने तक शीतकालीन राजधानी का मील पत्थर धर्मशाला में सरकार को चुंबक बन कर खींचता रहा या तपोवन में शीतकालीन सत्र में तपते प्रश्न सुकून देते रहे। आश्चर्य यह कि धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय की अस्थायी छत बनी, लेकिन जदरांगल परिसर पर कोई सरकार ईमानदार नहीं रही। धूमल की दौलत में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की गिरफ्त में आकर, केंद्रीय विश्वद्यिालय राजनीति करने लगा। सांसद व मंत्री रहे अनुराग ठाकुर की विरासत में जब केंद्रीय विश्वविद्यालयय पलने लगा, तो जदरांगल परिसर की परीक्षाएं अब सुक्खू सरकार में अलग-अलग 'कांगड़ों' में दिखाई देने लगीं। मामला देहरा में उठती इमारतों में दब जाएगा या उपचुनाव की देहरी पर मुख्यमंत्री के वादे से जदरांगल परिसर बच जाएगा। बेशक कांगड़ा पर्यटन की राजधानी बनने का हुनर जानता है, लेकिन एडीवी की योजनाओं में किसका जहर भरता है। प्रदेश का पहला ट्यूलिप गार्डन धर्मशाला की सियासी आबोहवा में उजड़ गया, तो वहां खर्च हुए सात करोड़ पर कौन रहम खाएगा। बीड़-बिलिंग में राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग स्कूल की बनी बनाई इमारत में कब कोर्स चलाया जाएगा। कभी धूमल ने धर्मशाला को खेल राजधानी कहा, लेकिन बजट के बावजूद साई के राष्ट्रीय खेल छात्रावास की योजना उजड़ गई। अब हाई अल्टीट्यूट खेल संस्थान के नाम 27 एकड़ जमीन किससे फरियाद करे। चैतड़ का आई टी पार्क कहीं तो राजनीतिक गुनाहों का देवता बना। देश में प्रवासी पक्षी जिस पौंग झील को 'रामसर' का दर्जा दिला देते हैं, वहां विस्थापितों की चिंता की लकीरें पानी में लहर बन जाती हैं आज भी। बांटा तो कांगड़ा एयरपोर्ट भी बार-बार गया। शकुनि विरोध की तमस में वर्षों से जल रही परियोजना को छाती से लगा कर निश्चित रूप से सुखविंदर सुक्खू ने अपने सीने का फैलाव बताया है।



# ट्रांजेक्शन से जुड़ी फीस से बीमा प्रीमियम तक जीएसटी काउंसिल की बैठक में हुए कई बड़े फैसले

**नई दिल्ली,09 सितंबर (एजेंसियां)।** गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) काउंसिल की 54वीं बैठक में सोमवार को कई अहम ऐलान किए गए हैं। जीएसटी काउंसिल ने 2000 से कम के ट्रांजेक्शन के मर्चेंट फीस पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने के मामले को फिटमेंट कमेटी को भेज दिया है। वर्तमान में पेमेंट एग्रीगेटर्स को 2,000 रुपये से कम की राशि के लेनदेन पर जीएसटी का भुगतान करने से छूट है। मीटिंग के बीच उत्तराखंड वित्त मंत्री ने बताया कि तीर्थ यात्रा पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

इस बीच खबर है कि काउंसिल की बैठक में बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाए जाने के फैसले को टाल दिया गया है। अगली बैठक में इस मामले पर विचार किया जाएगा। खबर है कि जीएसटी काउंसिल ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पर जीएसटी दर की विस्तार से जांच करने के लिए मंत्रियों का एक समूह गठित किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक अभी चल रही है। बता दें कि जीएसटी परिषद की अध्यक्ष वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण हैं और इसमें राज्यों के मंत्री शामिल हैं।

उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने संवाददाताओं से कहा, केदारनाथ, बद्रीनाथ जैसी धार्मिक यात्राओं पर श्रद्धालुओं को ले जाने वाली हेलिकॉप्टर सेवाओं पर कर को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। पहले इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं थी। अब स्पष्टता होगी। अग्रवाल ने कहा कि काउंसिल ने डेबिट और क्रेडिट कार्ड के जरिये 2,000 रुपये तक के छोटे डिजिटल लेनदेन के लिए बिलडेस्क और सीसीएवेन्यू जैसे भुगतान एग्रीगेटरों (पीए) पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने के मुद्दे को कर अनुशंसा समिति के पास भेज दिया है। इस समय भुगतान एग्रीगेटरों को 2,000 रुपये से कम की राशि के लेनदेन पर जीएसटी का भुगतान करने से छूट है। काउंसिल जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के टैक्स पर फिटमेंट समिति की रिपोर्ट पर भी चर्चा कर सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएफसी, कॉनकॉर और राइट्स ने लाभांश की किश्त के 712 रुपए सरकार को दिए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) और राइट्स लिमिटेड ने लाभांश किश्त के रूप में करीब 172 करोड़ रुपये दिए हैं। इन कंपनियों में पीएफसी ने करीब 601 करोड़ रुपये, कॉनकॉर ने 68 करोड़ रुपये और राइट्स लिमिटेड ने 43 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वित्त मंत्रालय के निवेश और लोकसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) तथा राइट्स लिमिटेड से लाभांश किश्त के रूप में क्रमशः लगभग 601 करोड़ रुपये, 68 करोड़ रुपये और 43 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इस तरह कुल मिलाकर सरकार को लाभांश किश्तों के रूप में करीब 172 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं ।

### कच्चा तेल 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर



**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमत पूर्ववत है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में जरूर उतार-चढ़ाव जारी है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.86 रुपये और डीजल 92.44 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.88 डॉलर यानी 1.24 फीसदी की उछाल के साथ 71.94 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.86 डॉलर यानी 1.27 फीसदी की बढ़त के साथ 68.53 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### गूगल पर एक और मुकदमा, विज्ञापनों के एकाधिकार का मामला




**मुंबई ।** विज्ञापनदाताओं के अब दर्शकों तक पहुंचने के लिए टिकटॉक जैसी सोशल मीडिया कंपनियों या पीकॉक जैसी स्ट्रीमिंग टीवी सेवाओं की ओर रुख करने की अधिक संभावना रहती है। गूगल के सर्च इंजन को एक न्यायाधीश द्वारा अवैध एकाधिकार वाला बताए जाने के करीब एक महीने बाद प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी को उसकी विज्ञापन तकनीक को लेकर एक और मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। न्याय विभाग और राज्यों का तर्क है कि गूगल ने ऑनलाइन प्रकाशकों को विज्ञापनदाताओं से मिलाने वाली तकनीक पर एकाधिकार बनाया है और उसे कायम रखा है।सरकार ने अदालती दस्तावेजों में तर्क दिया है कि लेन-देन के खरीद और बिक्री दोनों पक्षों को लेकर सॉफ्टवेयर पर प्रभुत्व रखने से गूगल को प्रकाशकों और विज्ञापनदाताओं के बीच बिक्री के लिए दलाली करने पर एक डॉलर पर 36 सेंट तक अर्जित करने में मदद मिलती है। गूगल का कहना है कि सरकार का मामला पुराने जमाने के इंटरनेट पर आधारित है, जब डेस्कटॉप कंप्यूटर का बोलबाला था और इंटरनेट उपयोगकर्ता यूआरएल फील्ड में बड़ी सावधानी से सही-सही वर्ल्ड वाइड वेब पता टाइप करते थे। विज्ञापनदाताओं के अब दर्शकों तक पहुंचने के लिए टिकटॉक जैसी सोशल मीडिया कंपनियों या पीकॉक जैसी स्ट्रीमिंग टीवी सेवाओं की ओर रुख करने की अधिक संभावना रहती है। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार हाल के वर्षों में, कैलिफोर्निया के माउंटेन व्यू से संचालित दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी के विभाग गूगल नेटवर्क की आय में गिरावट देखी गई है, जो 2021 में 31.7 अरब अमेरिकी डॉलर से घटकर 2023 में 31.3 अरब अमेरिकी डॉलर रह गई है। गूगल नेटवर्क के तहत 'एडसेंस' और गूगल ऐड मैनेजर जैसी सेवाएं शामिल हैं, जो इस मामले के केंद्र में हैं।

### शेयर बाजार ने फिर पकड़ी रफ्तार, सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई छलांग

# निवेशकों को एक दिन में 36 हजार करोड़ का मुनाफा



**नई दिल्ली,09 सितंबर (एजेंसियां)।** पिछले सप्ताह के आखिरी तीन दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने सप्ताह के पहले दिन सोमवार को ही अपनी मजबूती दिखाई। हालांकि कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव के कारण सेंसेक्स और निफ्टी की कमजोरी और बढ़ गई, लेकिन पहले घंटे के कारोबार के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से शेयर बाजार ने मजबूती की राह पकड़ ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.46 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।

सोमवार को दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, एफएमसीजी और फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। ऑयल एंड गैस, मेटल और आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके साथ ही कैपिटल गुड्स, मीडिया, टेलीकॉम, पावर और रियल्टी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार का अंत किया।

सोमवार को शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 36 हजार करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 460.54 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 460.18 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को सोमवार के कारोबार से करीब 36 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

सोमवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,181 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,667 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,371 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 143 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,481 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 888 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,593 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स सोमवार को 210.18 अंक की कमजोरी के साथ 80,973.75 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक 288.88 टूट कर 80,895.05 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने बाजार में लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक में तेजी आ गई। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से सोमवार को कारोबार खत्म होने का थोड़ी देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से करीब 750 अंक उछल कर 469.43 अंक की मजबूती के साथ 81,653.36 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि आखिरी वक्त में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई बिकवाली की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे खिसक कर 375.61 अंक की तेजी के साथ 81,559.54 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने सोमवार को 28.75 अंक लुढ़क कर 24,823.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बन जाने से थोड़ी देर में ही ये सूचकांक 99 अंक टूट कर 24,753.15 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने बाजार में मोर्चा संभाला और चौतरफा लिवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले निचले स्तर से 200 अंक से अधिक की छलांग लगा कर 105.35 अंक की तेजी के साथ 24,957.50 अंक के स्तर तक पहुंच गया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद निफ्टी ने 84.25 अंक की बढ़त के साथ 24,936.40 अंक के स्तर पर कारोबार का अंत किया।

पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.92 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 2.47 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 2.22 प्रतिशत, आईटीसी 2 प्रतिशत और ब्रिटानिया 1.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ सोमवार को टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। ओएनजीसी 3.21 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 2.71 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.28 प्रतिशत, एनटीपीसी 1.25 प्रतिशत और बीपीसीएल 1.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# गोल्ड ईटीएफ में बढ़ा निवेश, लगातार चौथे महीने हुआ इजाफा




**नई दिल्ली,09 सितंबर (एजेंसियां)।** अगस्त के महीने में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में एक बार फिर तेजी दर्ज की गई है। इस दौरान गोल्ड ईटीएफ में 29 टन का अतिरिक्त निवेश हुआ है। इस अतिरिक्त निवेश की वजह से अगस्त के महीने में गोल्ड ईटीएफ की होल्डिंग बढ़ कर 3,182 टन हो गई है। ये लगातार चौथा महीना है, जब निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ में अपना निवेश बढ़ाया है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार नॉर्थ अमेरिका और यूरोप में गोल्ड ईटीएफ में निवेश सबसे अधिक बढ़ा है। इसमें निवेश बढ़ने की वजह से इंटरनेशनल गोल्ड मार्केट में भी सोने की कीमत में तेजी आई है। सोना लगातार तीसरे हफ्ते 2,500 डॉलर प्रति ऑन्स के स्तर के ऊपर कारोबार कर रहा है। इंटरनेशनल गोल्ड मार्केट में सोने के भाव में तेजी आने की वजह से देश के सर्राफा बाजारों में भी सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है।

सोने की तरह ही चांदी में भी लगातार तेजी बनी हुई है। पिछले सप्ताह चांदी 29 डॉलर के स्तर को पार कर गया। चांदी के भाव में आई तेजी के कारण मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी सोने के भाव में तेजी बनी हुई है। पिछले हफ्ते एमसीएक्स पर चांदी का भाव करीब 4 प्रतिशत तक चढ़ गया।

बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन के मुताबिक गोल्ड ईटीएफ में लगातार निवेश बढ़ने के पीछे एक बड़ी वजह डॉलर इंडेक्स में आई गिरावट भी है। गिरते डॉलर के कारण भी सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इसके साथ ही मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और यूक्रेन-रूस जंग की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की मांग में तेजी आई है।

इसी तरह सोलर इंडस्ट्री और इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री के कारोबार में तेजी आने की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की मांग में भी बढ़ोतरी हुई है। इस वजह से गोल्ड ईटीएफ के प्रति दुनिया भर के निवेशकों का रुझान बढ़ा है। मयंक मोहन के मुताबिक अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लेकर फैसला करने वाला है। ब्याज दरों के संबंध में फैसला आने के बाद इंटरनेशनल गोल्ड मार्केट की चाल में भी बदलाव आ सकता है, जिसका असर गोल्ड ईटीएफ में होने वाले निवेश पर भी पड़ेगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### आज शाम पांच...

कि अगर वे 10 सितंबर की शाम 5 बजे या उससे पहले ड्यूटी पर रिपोर्ट करते हैं, तो उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

शीर्ष अदालत के समक्ष सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ को बताया कि पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदर्शनकारी हिंसा कर रहे हैं। राज्य सरकार से पूर्व अनुमति लिए बिना ही विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। पीठ के समक्ष उन्होंने यह भी दावा किया कि विरोध प्रदर्शनों के कारण करीब 23 लोगों की मौत हो गई और छह लाख लोगों को उपचार नहीं मिल पाया है। उन्होंने दलील देते हुए कहा, 23 लोगों की मौत इसलिए हुई, क्योंकि वे (डॉक्टर) काम पर नहीं थे। स्वास्थ्य सेवा प्रणाली ध्वस्त हो सकती है। छह लाख लोगों को उपचार नहीं मिल पा रहा है। रेजिडेंट डॉक्टर ओपीडी में नहीं आ रहे और 1,500 से अधिक रोगियों की एंजियोग्राफी नहीं हो पा रही है।

### प्रभावी लॉजिस्टिक ...

महत्वपूर्ण कारक के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा, दक्ष लॉजिस्टिक्स प्रणाली बलों को तेजी से जुटाने और कम समय में सही जगह पर संसाधन पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिन परिस्थितियों में हमारी सेनाएं काम करती हैं उन्हें ध्यान में रखते हुए, हमें सैनिकों, उपकरणों और आपूर्ति के निर्बाध आवागमन की आवश्यकता है। ज्ञान, नवाचार और सहयोग के माध्यम से हमारी सेनाओं की जरूरतों को कैसे पूरा किया जा सकता है, इस संदर्भ में ज्ञापन बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

श्री सिंह ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के सरकार के विजन में लाभदायक साबित होगा। उन्होंने कहा, अगर हमें लॉजिस्टिक्स में विशेषज्ञता की जरूरत है, तो हमें गति शक्ति विश्वविद्यालय जैसे अपने स्वयं के संसाधनों से इसका प्रशिक्षण हासिल करना चाहिए। अगर हमें उपकरणों की जरूरत है, तो हमें भारत में ही इसका निर्माण करवाना चाहिए। एक मजबूत भारत की नींव आत्मनिर्भर बनकर ही रखी जा सकती है।

रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि समझौता ज्ञापन के वास्तविक मामलों के अध्ययन द्वारा अनुभवात्मक शिक्षा के प्रावधान से तथा सशस्त्र बलों के कर्मियों के नेतृत्व, प्रबंधन तथा परिचालन अनुभव के माध्यम से गति शक्ति विश्वविद्यालय लॉजिस्टिक्स विशेषज्ञों और प्रबंधकों की नई पीढ़ी को आकार देने में मदद करेगा, जो आधुनिक युद्ध की गतिशील आवश्यकताओं को पूरा करेंगे।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्वास व्यक्त किया कि गति शक्ति विश्वविद्यालय अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के द्वारा सशस्त्र बलों को और मजबूत बनाने में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में काम करेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, वायु सेना प्रमुख, सेना प्रमुख, रक्षा सचिव, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और गति शक्ति विश्वविद्यालय के कुलपति सहित रक्षा मंत्रालय और रेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### रक्षा मंत्रालय ने...

और इनसे सुखोई-30 विमानों के बेड़े की संचालन क्षमता को बनाए रखने के लिए वायु सेना की आवश्यकता पूरा होने की उम्मीद है। अनुबंध के अनुसार एचएएल प्रति वर्ष 30 एयरो-इंजन की आपूर्ति करेगा और सभी 240 इंजनों की आपूर्ति अगले आठ वर्षों की अवधि में पूरी कर ली जाएगी।

### ईडी के समन ...

पीठ ने 13 अगस्त को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अभिषेक बनर्जी का पक्ष रखते हुए कहा था कि चूंकि धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 में इस संबंध में कोई विशेष प्रक्रिया नहीं दी गई है, इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के प्रावधानों को समन के संबंध में लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें केवल कोलकाता (जहां कथित तौर पर अपराध हुआ है) में पेश होने के लिए कहा जा सकता है न कि नई दिल्ली में। ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और अधिवक्ता जोहेब हुसैन ने तर्क दिया कि पीएमएलए की धारा 50 सीआरपीसी की धारा 160 के समतुल्य नहीं है और इस मामले में पीएमएलए के प्रावधान लागू होंगे।

### सब कुछ मेड इन ...

प्यार और सम्मान सिर्फ ताकतवर लोगों के लिए नहीं, बल्कि उन सबके लिए जो देश को बनाने में जुटे हैं।

अमेरिका की तरह भारत में भी कोई राज्य दूसरे से सुपीरियर (ताकतवर) नहीं है। कोई धर्म, भाषा किसी दूसरी भाषा से सुपीरियर नहीं है। लोगों के विचारों को उनकी जाति, भाषा, धर्म, परंपरा या फिर इतिहास की परवाह किए बिना जगह दी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा आरएसएस को लगता है भारत एक विचार पर बना है। हमें लगता है कि भारत कई विचारों से मिलकर बना है। चुनाव में लाखों को लगा कि प्रधानमंत्री संविधान पर हमला कर रहे हैं। इसलिए चुनाव के वक्त जब मैंने संविधान हाथ में उठाया तो लोग समझ गए कि भाजपा हमारी परंपरा, भाषा, राज्यों और हमारे इतिहास पर हमला कर रही है।

उन्होंने कहा मैंने संसद में अपने पहले भाषण में अभय मुद्रा का जिक्र किया। भाजपा को यह बर्दाश्त नहीं हुआ। वे इसे समझ नहीं पाए, लेकिन हम इसे समझाकर रहेंगी। चुनाव के बाद लोगों में भाजपा का डर खत्म हो गया। राहुल ने कहा भारतीय राजनीति में सुनना, बोलने से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। सुनने का मतलब है खुद को दूसरे की जगह पर रखना। अगर कोई किसान मुझसे बात करता है तो मैं खुद को उनके रोजमर्रा के जीवन में शामिल करने की कोशिश करूंगा और समझूंगा कि वे क्या कहना चाह रहे हैं। सुनना बुनियादी बात होती है। इसके बाद किसी मुद्दे को गहराई से समझना होता है। हर एक मुद्दे को नहीं उठाना चाहिए। जिस मुद्दे को हम नहीं उठाना चाहते हैं, उसे भी अच्छी तरह से समझना चाहिए। उन्होंने कहा भारत में कम्युनिकेशन के चैनल बंद हो गए थे। लोकसभा में बोलते थे तो वह टेलीविजन पर नहीं चलता था। मीडिया वह नहीं चलाता था, जो हम कहते थे। सब कुछ बंद था। लंबे समय तक हमें समझ नहीं आ रहा था कि जनता से कैसे बात करें। फिर हमने सोचा कि मीडिया हमें लोगों तक नहीं ले जा रहा था तो डायरेक्ट चले जाओ। इसलिए हमने यह यात्रा की। शुरुआत में मुझे घुटनों में दिक्कत हुई। मैंने सोचा यात्रा करने का मैंने यह कैसा फैसला ले लिया, लेकिन कुछ दिनों बाद यह आसान लगने लगा।

उन्होंने कहा नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने वाला स्लोगन भी मेरा नहीं। यात्रा के दौरान एक शख्स मेरे पास आया। उसने मुझसे बोला- मैं जानता हूं आप क्या कर रहे हो। मैंने पूछा क्या कर रहा हूं? तो वह बोला- आप नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहे हो। एक महिला मेरे पास आईं। उन्होंने मेरा हाथ पकड़ा। मैंने पूछा क्या हुआ? उन्होंने कहा कि मुझे मेरा पति मार रहा था। मैं भागकर आई हूं। पुलिस को बताएंगे तो वह और मारेगा। मैंने यात्रा में समझा कि हिंदुस्तान में कई महिलाओं के साथ मारपीट होती है। यात्रा में मुझे लोगों के सेंटिमेंट के बारे में पता चला। मुझे यात्रा में पता चला कि हमारा देश क्या चाहता है और हमारा देश क्या और कैसे महसूस करता है। राहुल ने कहा कि भारत में देवता का मतलब सिर्फ भगवान नहीं होता है। देवता वह शख्स होता है जो अंदर जैसा महसूस करता है, वैसा ही बाहर उसके एक्सप्रेशन दिखते हैं। इसे देवता कहा जाता है। ऐसा ही हमारी पॉलिटिक्स में होता है। खुद के मंसूबों को खत्म कर लोगों के बारे में सोचना चाहिए। जैसा जनता महसूस करती है, वैसे ही नेता एक्सप्रेशन देता है। खुद के आइडिया खत्म कर लोगों के बारे में सोचना ही देवता होना होता है। भगवान राम, बुद्ध, महात्मा गांधी जैसे लीडर्स ऐसे ही थे। यही हिंदुस्तान के नेता और अमेरिका के नेताओं में भी फर्क है।राहुल ने कहा पूरी दुनिया में रोजगार की दिक्कत नहीं है। वेस्ट में रोजगार की दिक्कत है। भारत में भी है, लेकिन चीन में नहीं है। वियतनाम में नहीं है। इसका कारण है। 1950 में अमेरिका प्रोडक्शन का सेंटर माना जाता था। टीवी, कार जैसी चीजें सिर्फ यहीं बनती थीं। इसके बाद प्रोडक्शन चीन में होने लगा।

भारत में रोजगार की समस्या है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमने प्रोडक्शन पर ध्यान नहीं दिया। भारत में सब कुछ मेड इन चाइना है। चीन ने प्रोडक्शन पर ध्यान दिया है। इसलिए चीन में रोजगार की दिक्कतें नहीं हैं। सिर्फ एक-दो लोगों को सारे पोर्ट्स और सारे डिफेंस कॉन्ट्रैक्ट दिए जाते हैं। इसी कारण भारत में मैन्युफैक्चरिंग की स्थिति ठीक नहीं है।

### चीन के पैसों पर...

उनसे आरएसएस की भूमिका के बारे में पूछने की कोई तकनीक है, तो जाकर पूछें या इतिहास के पन्नों में देखें। आरएसएस के बारे में जानने के लिए राहुल गांधी को कई जन्म लेने होंगे। एक देशद्रोही आरएसएस को नहीं जान सकता। जो लोग विदेश में जाकर देश की आलोचना करते हैं, वे आरएसएस को नहीं जान सकते। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी केवल भारत को बदनाम करने के लिए विदेश जाते हैं। राहुल गांधी इस जन्म में आरएसएस को नहीं समझ पाएंगे।

इधर बीजेपी नेता प्रदीप भंडारी ने भी राहुल गांधी भारत में रोजगार की समस्या वाले बयान को लेकर उनपर निशाना साधा है। प्रदीप भंडारी ने कहा, राहुल गांधी चीन के पक्ष में बोलने के लिए इतने उत्सुक हैं और उन्हें भारत का अपमान करने की आदत है। दुनिया जानती है कि अगस्त 2024 तक चीन में 17% युवा बेरोजगारी दर है। तो, सवाल यह है कि - क्या यह सच है? चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ अपने एमओयू के कारण वह हमेशा चीन के पक्ष में बोलते हैं और भारत के पक्ष में नहीं बोलते?

### जम्मू-कश्मीर के...

हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। बरामदगी में दो एके-47 राइफल, विजन डिवाइस के साथ एक एम4 कार्बाइन, एक पिस्तौल, आठ ग्रेनेड, विभिन्न गोला-बारूद, व्यक्तिगत कपड़े और खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

इससे पहले, रात भर चले अभियान में, नौशेरा सेक्टर के लाम इलाके में घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान दो आतंकवादी मारे गए थे। रक्षा सूत्रों ने बताया कि मारे गए दोनों आतंकवादी विदेशी थे और उनकी पहचान और संबद्धता के बारे में आगे की जांच की जा रही है। यह अभियान जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव से ठीक नौ दिन पहले चलाया गया। लाम इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी स्थित नौशेरा सेक्टर में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की खबर है। सेना ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। दोनों आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस और सेना को इनके बारे में इनपुट मिला था। इसके बाद से एलओसी पर अलर्ट जारी किया था।

जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव का ऐलान हो चुका है। यहां 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान किया जाएगा। इसके नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पिछले लोकसभा चुनावों में बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान में हिस्सा लिया था, जिससे पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। पिछले कुछ दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। सुरक्षा एजेंसियां भी उन्हें मुंहतोड़ जवाब दे रही हैं।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, मंगलवार, 10 सितंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# हमें गलती की परवाह किए बगैर बेहिचक हिंदी बोलनी चाहिए : गंगाग्नि राव

## सीएसआईआर-आईआईसीटी में हिंदी पखवाड़ा-2024 का हुआ शुभारंभ





**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रासायनिक क्षेत्र की जानी मानी राष्ट्रीय प्रयोगशाला सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर- आईआईसीटी), हैदराबाद में सोमवार को हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ डॉ. ए. गंगाग्नि राव, मुख्य वैज्ञानिक, आनंद कुमार, प्रशासन नियंत्रक, डॉ. के. राजेंदर रेड्डी, मुख्य वैज्ञानिक, डॉ. एम. चंद्रशेखरम, सेवानिवृत्त मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक अधिकारी चंद्रमोहन टूडू एवं वाई. श्रीनिवास राव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. ए. गंगाग्नि राव ने कहा कि हमें गलती की परवाह किए बगैर हिंदी बोलनी चाहिए। हैदराबाद ऐसी जगह है जहां हिंदी सहजता से बोली, समझी लिखी जाती है। अत: आप सभी कामकाज में हिंदी का बेहिचक प्रयोग करें। सीएसआईआर-आईआईसीटी स्पंदन पत्रिका के माध्यम से जन-जन में वैज्ञानिक चेतना के प्रसार एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों को सामने ला रहा है। प्रशासन नियंत्रक एम. आनंद कुमार ने प्रतिभागियों की अच्छी संख्या देखते हुए सराहना की एवं इन प्रतियोगिताओं को आनंद-आनंद में ज्ञान अर्जित करने का माध्यम बताया। वहीं प्रशासनिक अधिकारी चंद्रमोहन टुडू ने हिंदी पखवाड़ा को हिंदी का महाकुंभ कहा। प्रतियोगिता की शुरुआत करते हुए हिंदी अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार ने संस्थान के सभी सदस्यों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि हम हिंदी के माध्यम से अपने विचार, कार्यों को लोगों के सामने रख सकते हैं। ये प्रतियोगिताएं आपकी क्षमता संवर्धन के लिए है। वहीं कनिष्ठ हिंदी अनुवादक आदर्श कुमार ने प्रतिभागियों को हिंदी प्रतियोगिताओं में सुगमतापूर्वक भाग लेने के तरीके बताते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।




## अग्रवाल समाज मैरेज डेटा कमेटी की विशेष बैठक कल

**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज मैरेज डेटा कमेटी के चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि अग्रवाल समाज मैरेज डेटा कमेटी की रविवार 8 सितंबर की बैठक के निर्णय अनुसार बुधवार 11 सितंबर को केवल बालिकाओं के अभिभावकों से आग्रह किया जाता है कि वे अपनी बालिकाओं के बायोडेटा एवं फोटो समाज कार्यालय 301, राघव रत्ना टॉवर, चिराग़ अली में मध्याह्न 2 बजे से 5 बजे तक लाकर उनके योग्य बालकों के बायोडेटा देखकर संज्ञान ले सकते हैं। जिन्होंने पहले से अपनी बालिकाओं के बायोडेटा समाज में जमा करवाए हैं वे भी इस सेवा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अतः अग्रवाल समाज मैरेज डेटा कमेटी ने सभी बालिकाओं के अभिभावकों से पुनः आग्रह किया है कि समाज द्वारा इस निःशुल्क सेवा का लाभ प्राप्त करें।



अग्रवाल समाज तेलंगाना के कार्यालय में स्थापित भगवान गणेश जी की प्रतिमा की पूजा करते हुए समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुरषोत्तम अग्रवाल, मानद मंत्री कपूर चंद गुप्ता, कार्यालय के मैनेजर पवन डोकानिया, शीतल अग्रवाल, प्रियंका डोकानिया आदि।



वाल्मीकि मंदिर जिंसी चौराह चूड़ी बाजार में पवित्र सावन माह के पूर्ण होने पर वाल्मीकि मंदिर मे भजन कीर्तन किया गया। इसमें श्री हरी भजन मंडली और श्री संत कृपा मंडली ने रामायण भक्ति, विजय ग्रंथ का पाठ किया। इस अवसर पर मंदिर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



श्री गुजराती सेवा मंडल सिकंदराबाद स्कूल में गणेश पूजा करते हुए अध्यक्ष घनश्याम पटेल, मंत्री जनकभ ब्रह्मभट्ट व कमेटी के अन्य सदस्य।

# पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल का 134वां नि:शुल्क मेडिकल कैंप सम्पन्न





**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल द्वारा गोशामहल सेवा दल के सहयोग से 134वां नि:शुल्क मेडिकल कैम्प आगापुरा चार कंदील स्थित इंटीग्रल फाउंडेशन हाई स्कूल में आयोजित किया गया।

अग्रवाल सेवा दल के प्रचार संयोजक अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शिविर में किम्स सनशाइन अस्पताल बेगमपेट, एलसीएस डूंडू आई इंस्टीट्यूट ने सेवा प्रदान की। शिविर में जनरल फिजिशियन, ईसीजी-2डी इको-बीएमडी, आरबीएस, रक्तचाप की जांच की गई। शिविर में एलसीएस डूंडू नेत्र



संस्थान वेस्ट मैरेडपल्ली के चिकित्सकों द्वारा नेत्रों की जांच के पश्चात 134 जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मे दिये गए और 14 के लिए नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की व्यवस्था की गई। दंत की जांच ललिता डेंटल क्लीनिक के डॉ. संजय सूर्यवंशी द्वारा की गई। अवसर पर ईएनटी, आर्थोपेडिक और कार्डियोलॉजी की सेवा प्रदान की।

अवसर पर पित्ती ट्रस्ट के चेयरमैन एवं अग्रवाल सेवा दल के परामर्शदाता शरद बी.पित्ती, अग्रवाल सेवा दल के व कैम्प के संयोजक प्रदीप अग्रवाल, सुरेन्द्र गोयल, रतन गुप्ता, कैलाश केडिया, निखिल राणासरिया, विशेष आमंत्रित तेलंगाना मछुआरा सहकारी समितियां संघ के अध्यक्ष मेट्टू साई कुमार स्थानीय भागीदार, गोशामहल सेवा दल के मोहम्मद रियाज उद्दीन, मनोज सिंह, फरजाना मोहम्मद मसूद, अहमद सैयद यूसुफ, अश्विन कुमार, रजनी कांत, मोहम्मद कमाल, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद गौस, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद इफ्तिखार, मोहम्मद माजिद, सैयद शाहीन शाह, मोहम्मद अफरोज, रहीम पाशा, प्रसाद अब्दुल खानी, रशीद, इंटीग्रल फाउंडेशन हाई स्कूल के प्रधानाध्यापिक डॉ. जॉय अजय जोन्स, शिक्षक मोहम्मद हुसैन उद्दीन, जुवेरिया तफ़ीम, पी. नर्मदा, लतीफ़ा, रेशमा सुल्ताना सहित स्वयंसेवक निर्मला केडिया, सतीश गर्ग, बबीता गर्ग, सुनयना, नरसरैया, राधेश्याम बियानी, समाजसेवी गोपाल सिंह, शंकर लाल यादव, घनश्याम यादव, पित्ती लैमिनेशंस के सदस्य, किम्स सनशाइन अस्पताल बेगमपेट के निहारिका, डॉ. रेवंत, डॉ. संदीप नर्सिंग स्टाफ प्रिया, प्रणिता, सुजा, ज्योति, उदय कुमार, डूंडू अस्पताल के के श्रीनिवासुलु, डी वेंकटेश्वर राव हसन अली खान, ललिता डेंटल क्लिनिक के डॉ. संजय सूर्यवंशी सहित अन्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया। शिविर का 423 से अधिक लोगों ने लाभ लिया।



वाल्मीकि गणेश उत्सव समिति सुलतानशाही में गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूज पाठ करते हुए पी. राजेश वाल्मीकि और अन्य उपस्थित रहे।



रामकोट स्थित कच्छी भवन में दर्श प्रीतेश लोडाया के 8 उपवास की तपस्या के उपलक्ष्य में आयोजित अनुमोदना कार्यक्रम मे उपस्थित केडीओ महिला अध्यक्षा लतावेन मोमाया, केडीओ महाजन अध्यक्ष हेमांग मोमाया, साथ में कच्छी समाज के पंकज सावला, दिनेश गोसर, रिद्धीश जागीरदार, निलेश छेडा, योगेश गोसर, राजीव मामणिया, पराग मारू, मनोज नागडा, विपुल निशर एवं अन्य।

## पुरातन गुरु साहिब आशा सिंह बाग की वार्षिक आम सभा आयोजित

**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पुरातन गुरु साहिब आशा सिंह बाग शहीदान सिंह स्थान, सिख छावनी, हैदराबाद की वार्षिक आम सभा की बैठक सम्पन्न हुई। सरदार मोहकम सिंह हॉल गुरुद्वारा साहिब के विकास के लिए विभिन्न प्रस्ताव पारित किये गये। वार्षिक आय-व्यय का ब्योरा समस्त सदस्यों को बताया गया। वर्ष 2022-2023 एवं 2023-2024 ऑडिट रिपोर्ट भी प्रस्तुत कि गई।

सरदार हरपाल सिंह रंजन ने समस्त सदस्यों को अवगत कराया कि जरनल बॉडी सदस्यता हमेशा खुली रहेगी। सिख छावनी के नगर निवासियों के लिए सदस्यता शुल्क 250 रुपए तथा सिख छावनी से बाहर रहने वाले सभी सिख भाइयों के लिए सदस्यता शुल्क 3100 रुपए होगा। सर्वसमति से यह प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक का संचालन गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव स.जितेन्द्रर सिंह मुन्शी द्वारा किया गया। इस बैठक में लगभग 150 सदस्यों से ज्यादा ने भाग लिया। बैठक के उपरान्त सभी सदस्यों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह रंजन ने आम सभा में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा सरदार गुजराल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# यूपीआई धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने राजस्थान से 13 लोगों को किया गिरफ्तार

**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना साइबराबाद पुलिस ने 04 करोड़ रुपए के यूपीआई धोखाधड़ी में शामिल 20-25 साल की उम्र के 13 सदस्यीय गिरोह को राजस्थान से गिरफ्तार किया है।पुलिस ने केपीएचबी पुलिस, माधापुर और नरसिंगी पुलिस की मदद से रविवार को राजस्थान से गिरोह के सदस्यों को पकड़ा। साइबराबाद के पुलिस उपायुक्त के नरसिम्हा ने सोमवार को यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि यह गिरोह हाई-टेक यूपीआई धोखाधड़ी और धोखाधड़ी योजनाओं में शामिल था। इस गिरोह के सदस्यों ने एक प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रतिष्ठान मेसर्स बजाज इलेक्ट्रॉनिक्स को लगभग 04 करोड़ रुपये का चूना लगाया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से 1.72 लाख रुपये की नकदी के अलावा 50 लाख रुपये के इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जब्त किए गए हैं। साइबराबाद, हैदराबाद और राचकोंडा कमिश्नरेट के साथ-साथ तेलंगाना राज्य के अन्य महानगरीय शहरों के विभिन्न थानों में कई धोखाधड़ी और धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें सभी बजाज इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े थे और कुल मिलाकर 04 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि बजाज इलेक्ट्रॉनिक्स से सूचना मिलने पर शमशाबाद सीसीएस पुलिस और केपीएचबी पुलिस, माधापुर और नरसिंगी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि राजस्थान के कुछ लोग शोरूम में गए थे और महंगे इलेक्ट्रॉनिक्स खरीदे थे। गिरोह में शामिल लोग शोरूम के यूपीआई स्कैनर को राजस्थान के एक साथी के साथ साझा करते थे, जो शोरूम में पैसे ट्रांसफर करता था। माल की डिलीवरी लेने के बाद साथी बैंक में चार्जबैक शिकायत दर्ज कराता था, जिससे लेन-देन उलट जाता था और पैसा गिरोह के खाते में वापस आ जाता था। इन मामलों में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्हें न्यायिक हिरासत के लिए अदालत में पेश किया गया।सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सीसीएस शशांक रेड्डी और कलिंग राव के मार्गदर्शन और पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अपराध के. नरसिम्हा की देखरेख में एम. पवन (पुलिस निरीक्षक), डीआई केपीएचबी, डीआई नरसिंगी और डीआई मदापुर के नेतृत्व में शमशाबाद सीसीएस टीम ने साइबराबाद के पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती के निर्देश पर आरोपियों को गिरफ्तार किया और चोरी की गई संपत्ति बरामद की। साइबराबाद के पुलिस आयुक्त ने टीम की सराहना की और उनके सराहनीय कार्य के लिए उन्हें उचित रूप से पुरस्कृत किया गया।



बहादुरपुरा वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित गणेश मंडप में पूजा करते हुए, नरसैय्या, मुकुंदलाल, दीपक पारीख, कमल नावेंद्र, वेणु अन्ना, गौरव सांघी, श्रीकांत भाई, गुरुनाथ, प्रवीण, संतोष, कमल ओझा, शिवम ओझा, गौरव पारीख, नवीन उप्पला एवं अन्य भक्तगण।

# भारी बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त ट्रैक का पता लगाने के लिए दमरे के छह कर्मचारी सम्मानित

## पिछले 2 वर्षों के प्रदर्शन और उपलब्धियों पर पुस्तिका जारी की



**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने हाल ही में भारी बारिश के दौरान ट्रैक पर दरार का समय पर पता लगाने और एक बड़ी दुर्घटना को रोकने के लिए छह कर्मचारियों को मेरिट का प्रमाण पत्र पुरस्कार प्रदान किया, साथ ही प्रदर्शन और उपलब्धियां (2022-23, 2023-24) उत्कृष्टता के दो गौरवशाली वर्ष पर पुस्तिका भी जारी की। सोमवार 9 सितंबर को रेल निलयम, सिकंदराबाद में सुरक्षा पर समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में एस-सीआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल ने भी सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ भाग लिया। सभी छह मंडलों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में शामिल हुए।इस दौरान दमरे महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने जी. मोहन, ट्रैकमैन/नेक्कोंडा, बी. जगदीश, ट्रैकमैन/महबूबाबाद, के. कृष्णा, ट्रैकमैन/महबूबाबाद, बी. जैलसिंह, ब्रिज मैन/महबूबाबाद, वी. सईदा नाइक, जेई/पीडब्ल्यू/महबूबाबाद, पी. राजा मौली, एसएसई/ पीडब्ल्यू/महबूबाबाद को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट से सम्मानित किया। इन कर्मियों ने हाल की बारिश के दौरान पटरियों पर उल्लंघनों का समय पर पता लगाकर ट्रेन परिचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय पूर्ण समर्पण और सतर्कता बरती जिससे भारी बारिश से बड़ा हादसा टला।दमरे महाप्रबंधक ने इसके लिए रेल कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पुस्तिका विमोचन के दौरान, महाप्रबंधक ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एससीआर ने अब तक का सबसे अधिक सकल मूल राजस्व हासिल किया है। 2022-23 के दौरान 18,976.51 करोड़ रुपये और अगले वित्तीय वर्ष 2023-24 में कमाई के मामले में 20, 339.36 करोड़ रुपए प्राप्त कर इसे पार कर लिया। उन्होंने यह भी कहा कि, इस अवधि के दौरान 1465 रूट किलोमीटर की कुल दूरी के लिए दक्षिण मध्य रेलवे जोन में प्रतिष्ठित अत्याधुनिक स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली अर्थात् कवच तैनात की गई है।

महाप्रबंधक ने कहा कि, एस-सीआर कई पुरस्कारों और प्रमाणपत्रों का प्राप्तकर्ता है जो न केवल क्षणों को खुशी और गर्व से भर देता है बल्कि कार्यबल के बीच नैतिकता को बढ़ावा भी पैदा करता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ज़ोन महान दृष्टि के साथ आगे बढ़ रहा है और प्रत्येक कर्मचारी संगठन में अपना योगदान दे रहा है, वह निश्चित रूप से विकास पथ पर निरंतर प्रगति में एक बड़ा प्रभाव पैदा करने वाला है। महाप्रबंधक ने दक्षिण मध्य रेलवे की उपलब्धियों को व्यापक तरीके से प्रदर्शित करने के लिए बहुमुखी पुस्तिका लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। महाप्रबंधक ने पूरे जोन में ट्रेन परिचालन की सुरक्षा पर एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा से संबंधित वस्तुओं और स्टेशन की सुरक्षा से संबंधित परिसंपत्तियों आदि की उपलब्धता और कार्यप्रणाली पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्षेत्र निरीक्षण तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने फील्ड स्टाफ को प्रावधानों के अनुसार सभी सुरक्षा संबंधी रजिस्टरों और रिकॉर्डों को बनाए रखने और ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित कार्य पद्धतियों का पालन करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने अग्निशामक यंत्र और स्मोक डिटेक्टर आदि सुरक्षा वस्तुओं की उपलब्धता पर चर्चा की।

अरुण कुमार जैन ने सभी डीआरएम को रेलवे बोर्ड के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मालगाड़ियों की औसत गति में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने अधिकारियों को यार्ड में खाली रेकों की सुरक्षा पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का भी निर्देश दिया, ताकि खड़ी ट्रेनों में किसी भी तरह की शरारती गतिविधियों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सभी पर्यवेक्षकों को क्षेत्र स्तर की गतिविधि की लगातार निगरानी करनी चाहिए और किसी भी समस्या पर तुरंत ध्यान देना चाहिए और जल्द से जल्द सुधार करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा मामले से संबंधित शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए और संबंधित अधिकारी को यह जांचने की जरूरत है कि शिकायत का पूरा समाधान किया गया है या नहीं।

# कांग्रेस खोखले वादों से दे रही है लोगों को धोखा : डॉ. के. लक्ष्मण



**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य डॉ. के लक्ष्मण ने हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) की आड़ में दैनिक घोषणाओं के साथ जनता को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की और दावा किया कि कांग्रेस छह गारंटियों और अन्य वादों को पूरा करने में विफल रहने पर जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

सोमवार को नामपल्ली में भाजपा के राज्य मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए डॉ. लक्ष्मण ने आरोप लगाया कि हाइड्रा अपने कानूनी अधिकार और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किए बिना केवल सरकारी आदेश 99 के आधार पर मनमाने ढंग से काम कर रहा है।

उन्होंने राज्य के मंत्रियों और मुख्यमंत्री की दिल्ली के नेताओं के अधीन होने के लिए आल-ोचना की और दावा किया कि जब तक दिल्ली से आदेश नहीं मिलता, वे लोगों की जरूरतों की उपेक्षा कर रहे हैं। डॉ. लक्ष्मण ने मौसमी बीमारियों पर सरकार की ओर से कोई कार्रवाई न किए जाने पर निराशा व्यक्त की और कहा कि गुरुकुलों में छात्रों की मौत के बावजूद कांग्रेस नेता उदासीन बने हुए हैं।

डॉ. लक्ष्मण ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह खबरों में बने रहने के लिए हाइड्रा का इस्तेमाल कर रही है, जबकि अस्पताल डेंगू के मामलों से भरे पड़े हैं। उन्होंने कांग्रेस पर झूठे वादे करने का आरोप लगाया, खास तौर पर किसानों के लिए कर्ज माफी के मामले में, और दावा किया कि कांग्रेस किसानों की पीड़ा को कम करने में विफल रही है, जिससे उन्हें कोई सहारा नहीं मिल रहा है।

इसके अलावा, डॉ. लक्ष्मण ने कांग्रेस सरकार पर राज्य की शिक्षा प्रणाली को गलत तरीके से प्रबंधित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कमी के कारण 1,800 स्कूल बंद हो गए और 600 से अधिक छात्र अस्पताल में भर्ती हैं, जिसमें 40 से अधिक छात्रों की मौत हो गई है। उन्होंने स्थिति को कांग्रेस शासन में व्यापक भ्रष्टाचार का संकेत बताया। विधायकों के दलबदल पर अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए उन्होंने निर्वाचित अधिकारियों द्वारा दूसरी पार्टी के चुनाव चिह्न पर जीतने के बाद पार्टी बदलने की प्रथा की निंदा की।



चूड़ी बाजार में स्थापित भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना करते हुए भाजपा नेता मुकेश कुमार सोनी, सुरेश कुमार सोनी, प्रियंका सोनी, जय श्री सोनी, अभिषेक सोनी, जय लक्ष्मी सोनी, राजवीर सोनी एवं धनलक्ष्मी सोनी।

# सारस्वत ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न



**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सारस्वत ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आयोजित विप्र स्नेह मिलन समारोह सोमवार को बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कार्यक्रम के संयोजक श्याम सुंदर पारीक, बीरबल पंडित ने बताया कि आज ऋषिपंचमी के शुभ अवसर पर सारस्वत ब्राह्मण समाज द्वारा इसामिया बाज़ार में विप्र स्नेह मिलन का आयोजन किया गया जिसमे भगवान परशुराम और मां गायत्री की पूजा अर्चना के पश्चात् कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

सारस्वत समाज के अध्यक्ष दीपक सारस्वत के अध्यक्षीय सम्बोधन के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएचएमसी के डिप्टी कमिश्नर मारुति दिवाकर एवं विशेष अतिथि के रूप में विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय मंत्री भगवान व्यास, प्रदेश अध्यक्ष हरिकिशन ओझा, प्रदेश महामंत्री रामदेव नागला, हैदराबाद चैप्टर के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत व्यास एवं आशीष पंडित ने भाग लिया जिनका स्वागत शाल, हार एवं पगड़ी पहना कर किया गया। अवसर पर अपने सम्बोधन में मारुति दिवाकर ने ब्राह्मण समाज को संगठित होने एवं जागरूक होकर कार्य करने के लिया कहा। भगवान व्यास ने अरुणाचल प्रदेश में भगवान परशुराम की अष्टधातु की 52 फिट ऊँची मूर्ति एवं वहाँ पर सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो पर रौशनी डाली उसके साथ हरिकिशन ओझा ने प्रदेश के सभी ब्राह्मण समाज बंधुओ के विप्र फाउंडेशन से जुड़ने का आग्रह किया एवं सभी ब्राह्मण समाज से अपील करते हुए कहा कि वह आगे आएं और भगवान परशुराम की मूर्ति हेतु अपना सहयोग दें। लक्ष्मीकांत व्यास ने इस आयोजन के लिए सारस्वत समाज का आभार व्यक्त करते हुए हर समाज द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन कर विप्र समाज को जोड़ने पर जोर दिया। आज इस कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान परशुराम की अरुणाचल प्रदेश में स्थापित की जाने वाली मूर्ति के लिए सारस्वत ब्राहमण समाज तेलंगाना द्वारा एक लाख इक्कीस हजार का चैक विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा। अवसर पर विप्र फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस आयोजन एवं सारस्वत समाज द्वारा दिए गए अनुदान के लिए महावीर पारीक, रामनिवास पारीक, नन्दलाल पारीक, मालचंद सारस्वत, दीपक सारस्वत, देवकिशन सारस्वत, रमेश पारीक, दिलीप पारीक, सागर पारीक, राकेश सारस्वत, मंगल पारीक, राजू पारीक, श्याम सुंदर सारस्वत, पंकज सारस्वत, धर्म सारस्वत, प्रियव्रत सारस्वत का शाल द्वारा सम्मान कर आभार प्रकट किया एवं आज के कार्यक्रम का संचालन प्रियव्रत सारस्वत ने किया एवं श्याम सुदर सारस्वत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आज के कार्यक्रम में दीपक सारस्वत, श्याम सुंदर सारस्वत, रमेश पारीक भगवान व्यास, हरिकिशन ओझा, रामदेव नागला, लक्ष्मीकांत व्यास, मदन गोपाल व्यास, आशीष पंडित, प्रदीप खंडेलवाल, भरत चांडा, आनंद शर्मा, रामनिवास पारीक, महावीर पारीक, मालचंद सारस्वत, लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित, मदन राजपुरोहित, धर्म सारस्वत, बीरबल पंडित, संजय इन्दोरिया, राजू पारीक, श्रीनिवास पंडित एवं अन्य गणमान्य विप्र ब्राह्मण बंधू उपस्थित रहे।

# पीआरएसआई के नए ईसी ने कार्यभार संभाला




**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) हैदराबाद चैप्टर ने पत्रकारिता शिक्षक और वरिष्ठ संचार पेशेवर डॉ. एस. रामू की अध्यक्षता वाली उसी संस्था को दो और वर्षों के लिए तेलंगाना में जनसंपर्क और कॉर्पोरेट संचार पेशेवरों की सेवा के लिए फिर से चुना। 2022-23 के लिए सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरस्कार के विजेता डॉ. एस.रामू और ईसी सदस्यों की उनकी टीम को कल रात यानी 8 सितंबर, 2024 को पोट्टी श्रीरामुलु तेलुगु विश्वविद्यालय में आयोजित पीआरएसआई की वार्षिक आम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से फिर से चुना गया। डॉ. बीआर अंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर के.यादागिरी को लगातार तीसरी बार सचिव चुना गया है। डॉ. रामू और यादगिरी ने कहा, हम पेशेवरों को लगातार बदलती तकनीकी प्रगति के अनुरूप अपने कौशल को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम केंद्र और तेलंगाना सरकारों के कार्यक्रमों और योजनाओं को प्रचारित करने में सबसे आगे हैं। उन्होंने पत्रकारों के लंबे समय से लंबित मुद्दों को हल करने के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और सूचना मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी की सराहना की और कहा कि पत्रकारों के जुड़वां होने के नाते पीआर पेशेवरों को भी भविष्य में सरकारी समर्थन की आवश्यकता है।

बी.महेश (स्पीड इंफ्रा) वी.भुजंगा राव (कॉटन एसोसिएशन) को क्रमशः उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के रूप में फिर से नियुक्त किया गया है। सेंट जोसेफ डिग्री और पीजी कॉलेज में एक संकाय सदस्य अपर्णा राजहंस संयुक्त सचिव हैं।

अन्य कार्यकारी समिति के सदस्यों में राजेश कल्याण, पीआरओ, दक्षिण मध्य रेलवे, चौधरी श्रीनिवास राव (एनएमडीसी), डॉ. वी. सुधाकर (पीआरओ, पीजेटीएस कृषि विश्वविद्यालय), पी. लिंगा रेड्डी (टी-सैट्स), पीएसआर मूर्ति (बैंकिंग) ) और डॉ साजिदा खान (टीवी और फिल्म उद्योग) शामिल हैं। पीआरएसआई की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजिता पाठक, सचिव पीएलके मूर्ति और उपाध्यक्ष (दक्षिण) यूएस सरमा ने नई टीम को बधाई दी।

# श्री गायत्री संस्कृत वेद विद्यालय में गणपति उत्सव जारी



**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गायत्री वेद फाउंडेशन द्वारा संचालित श्री गायत्री संस्कृत वेद विद्यालय मोईनाबाद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाउंडेशन के अध्यक्ष पुरूषोत्तम शर्मा के कर कमलों से गणेश चतुर्थी पर भगवान विनायक की मूर्ति स्थापित कर गणपति उत्सव आरंभ हुआ। गणपति उत्सव के अंतर्गत हर दिन भगवान विनायक का अभिषेक, अनेक पदार्थों से सहस्त्रार्चन, श्री संकटनाशनं गणेश स्तोत्र एवं गणपत्यथर्वशीर्ष स्तोत्र की अष्टोत्तरशत पाठ किया जा रहा है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में फाउंडेशन के महामंत्री विशेष शर्मा ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को अपने घर लाने, उनकी पूजा अर्चना करने से, व्यक्ति को जीवन में उत्तम स्वास्थ्य सफलता और समृद्धि मिलती है।

इस अवसर पर फाउंडेशन के समस्त अधिकारी एवं सदस्यगण, विद्यालय के प्रधान अध्यापक वेद मूर्ति पंडित आदित्य पाठक, अध्यापक वेद मूर्ति पंडित आकाश शुक्ला एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** परिषद मुख्यालय के निर्देश के अनुपालन में आज सोमवार को राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, हैदराबाद के सम्मेलन कक्ष में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की देखरेख में संस्थान स्तर पर त्रैमासिक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन डॉ. गोलि पेंचल प्रसाद, प्रभारी सहायक निदेशक के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशफाक अहमद, हिन्दी प्रभारी ने किया।

प्रथम सत्र में डॉ. गोलि पेंचल प्रसाद ने अतिथि वक्ता और संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया। कार्यशाला में अतिथि वक्ता डॉ.रम्भा सिंह, अनुवाद अधिकारी, पाउडर धातु विज्ञान और नई सामग्री के लिए अंतराष्ट्रीय उन्नत अनुसंधान केंद्र, हैदराबाद ने संसदीय राजभाषा समिति निरीक्षण प्रश्नावली में आने वाली समस्या और उसका समाधान विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। साथ ही उन्होंने अनुवाद के तकनीकी पहलुओं तथा अनुवाद के विभिन्न टूल्स के बारे में भी चर्चा की। दूसरे सत्र में अतिथि वक्ता अजय एम. जोशी, उप महानिदेशक एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना- विज्ञान केंद्र, भारत सरकार, हैदराबाद ने देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता के विषय पर व्यापक व्याख्यान दिया। उन्होंने तिमाही रिपोर्ट कैसे भर जाए और सहयोग फाइलों में कैसे शेयर किया जाए उसके तकनीकी प्रयोग के बारे में भी जानकारी दी।

संस्थान के सभी प्रतिभागियों ने व्याख्यान को ध्यानपूर्वक सुना। इस कार्यक्रम में संस्थान के लगभग 45 अधिकारी एवं कर्मचारी गण ने भाग लिया। अंत में, हिन्दी सहायिका ने प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रभारी सहायक निदेशक की अनुमति से राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

# द्वितीय अखंड रामचरितमानस पारायण पाठ भव्यता के साथ जारी



**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री जगन्नाथमठ माधव दास के तत्वावधान में श्री रंगनाथ मंदिर नैमिषारण्य धाम में अष्टाव वैकुंठ तीर्थ प्रदेश में एक वर्षीय द्वितीय अखंड रामचरितमानस पारायण पाठ का आयोजन भव्यता के साथ जारी है। जिसमें भाग्यनगर से ऑनलाइन पर भक्त जुड़कर संकल्प लेर हे हैं और पूजा-अर्चना में भागीदार बन रहे हैं।

इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण कैलाशचंद्र मनियार परिवार ने भी अपना नाम नामांकित कराया। वैश्य समाज द्वारा श्री जगन्नाथ स्वामी विद्याश्रम में सेवा पूजा एवं सेवा की गई। साथ ही मलकपेट से मर्दा परिवार द्वारा इलाहाबाद कुंभ में एक भागवत पारायण का यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। महेंद्र गुप्ता परिवार ने अपनी मां के द्वारा श्री जगन्नाथ गौ सेवा संस्थान में गांव पूजा कराकर पुण्य के भागी बने। लखनऊ (उत्तर प्रदेश) से चंद्रमौली शुक्ला द्वारा दूसरी बार मठ में आकर स्वामी जी की समाधि के दर्शन लाभ प्राप्त किया। माता अरुणा किशोर अग्रवाल परिवार द्वारा प्रतिदिन अपने परिवार द्वारा एवं सभी को अवगत करा कर इस पुण्य रामचरितमानस पारायण पाठ में भाग लेने के लिए प्रोत्साहन कर रही हैं और उनके नाम अंकित करवा रही हैं। उक्त पारायण पाठ को प्रत्यक्ष रूप में श्री जगन्नाथ मठ महंत एवं रंगनाथ मंदिर के संचालक अच्युत रामानुजाचार्य करवाया जा रहा है एवं सभी भक्तों को आशीर्वाद प्रदान कर रहे हैं । मार्गदर्शन के रूप में शोभाचंद शिव राम लोया, कैलाश नारायण भांगड़िया, गोपाल सोनी, दिन बंधु अग्रवाल, वीना काबरा, नीरज यादव, द्वारका प्रसाद शर्मा एवं श्री जगन्नाथ मठ परिवार का सहयोग सराहनीय है ।

रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में एनआईए का खुलासा

# मुस्लिम युवाओं की डार्क वेब-क्रिप्टो के जरिए आईएस में भर्ती की हुई साजिश

**बेंगलुरु, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में चार आरोपियों के खिलाफ जो आरोपपत्र दायर किया है, उसमें अहम खुलासा हुआ है। मुस्लिम युवाओं को गुमराह कर उन्हें वैश्विक आतंकी संगठन आईएसआईएस में शामिल करने के लिए बड़ी साजिश रची जा रही थी। सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों से बचने के लिए ये आतंकी डार्क वेब, क्रिप्टो मुद्रा व टेलीग्राम की मदद ले रहे थे।



एनआईए ने सोमवार को हाई प्रोफाइल बेंगलुरु रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में चार आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। इन आरोपियों में मुसाविर हुसैन शाजिब, अब्दुल मथीन अहमद ताहा, माज मुनीर अहमद और मुजम्मिल शरीफ शामिल हैं। इनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए), विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और पीडीएलपी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया गया है। ये चारों आरोपी आरसी-01/2024/एनआईए/बीएलआर मामले में फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। इस साल एक मार्च को आईटीपीएल बंगलूरू के ब्रुकफील्ड स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए आईईडी विस्फोट में नौ लोग घायल हो गए थे। होटल की संपत्ति को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा था।

एनआईए ने 3 मार्च को इस मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस केस में विभिन्न राज्य पुलिस बलों और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय कर कई तकनीकी पहलुओं की जांच की थी। जांच से पता चला है कि शाजिब ही वह शख्स था, जिसने कैफे में बम रखा था। वह, ताहा के साथ, 2020 में अल-हिंद मॉड्यूल आतंकी संगठन का भंडाफोड़ होने के बाद से फरार था। एनआईए द्वारा की गई व्यापक तलाशी के कारण उन्हें रामेश्वरम कैफे विस्फोट के 42 दिन बाद पश्चिम बंगाल में उनके ठिकाने से गिरफ्तार किया गया। कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के रहने वाले दोनों व्यक्ति आईएसआईएस के साथ जुड़े हुए थे। उन्होंने पहले सीरिया में आईएसआईएस क्षेत्रों में हिजरत करने की साजिश रची थी।

ये दोनों व्यक्ति भोले-भाले मुस्लिम युवाओं को आईएसआईएस विचारधारा के प्रति कट्टरपंथी बनाने में सक्रिय रूप से शामिल थे। माज मुनीर अहमद और मुजम्मिल शरीफ ने ऐसे दर्जनों युवाओं का माइंड वॉश किया था। ताहा और शाजिब ने धोखाधड़ी से प्राप्त भारतीय सिम कार्ड और भारतीय बैंक खातों का उपयोग किया। सुरक्षा एजेंसियों की पकड़ में न आने पाएं, इसके लिए उन्होंने डार्क वेब की मदद ली। इसी की मदद से उन्होंने विभिन्न भारतीय और बांग्लादेशी पहचान पत्र वाले दस्तावेजों को डाउनलोड किया था। जांच से यह भी पता चला है कि ताहा को एक पूर्व दोषी शोएब अहमद मिर्जा ने लश्कर-ए-तैयबा बंगलूरू साजिश मामले में भगोड़े मोहम्मद शहीद फैसल से मिलवाया था। इसके बाद ताहा ने अपने हैंडलर फैसल को अल-हिंद आईएसआईएस मॉड्यूल मामले के आरोपी महबूब पाशा और आईएसआईएस दक्षिण भारत के अमीर खाजा मोहिदीन और बाद में माज मुनीर अहमद से मिलवाया। इन सभी ने मिलकर आईएसआईएस विचारधारा के मुताबिक आतंक को आगे बढ़ाने की साजिश रची थी। आतंकी वारदात को अंजाम देने के लिए ताहा और शाजिब को उनके हैंडलर द्वारा क्रिप्टो मुद्राओं के माध्यम से वित्त पोषित किया गया था। ताहा ने विभिन्न टेलीग्राम आधारित पी2पी प्लेटफार्मों की मदद से फिएट में बदल दिया। जांच में आगे पता चला है कि आरोपियों ने इस धनराशि का इस्तेमाल बंगलूरू में हिंसा की विभिन्न घटनाओं को अंजाम देने के लिए किया था। इनमें 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन राज्य भाजपा कार्यालय, मल्लेश्वरम, बंगलूरू पर एक असफल आईईडी हमला भी शामिल था। इसके बाद दो मुख्य आरोपियों ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट की योजना बनाई थी।

# एशिया ज्वेल्स प्रदर्शनी 13 से



**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** एशिया ज्वेल्स शो 2024, दक्षिण भारत की सबसे ग्लैमरस और बेहतरीन ज्वैलरी प्रदर्शनी में से एक है। इस बार यह हैदराबाद शहर में होटल ताज कृष्णा, बंजारा हिल्स, में आगामी 13, 14, 15 सितंबर को सुबह 10.30 बजे से रात 8.00 बजे तक अपना 52वां संस्करण आयोजित कर रहा है। यह ग्रैंड ज्वैलरी फेयर बंजारा हिल्स स्थित होटल ताज कृष्णा में लगेगा। यह शो बहुत ही खास है क्योंकि एशिया ज्वेल्स शो हैदराबाद में अपना 7वां संस्करण पेश करेगा, इस एक्सपो में देश भर के शीर्ष चुने हुए ज्वेलर्स द्वारा पहले कभी न देखी गई रचनात्मक और मास्टर पीस ज्वेलरी डिज़ाइन को एक ही छत के नीचे प्रदर्शित किया जाएगा।

इस संदर्भ में सोमवार 09 सितंबर को अभिनेत्री प्रांतिका दास, अभिनेत्री सिरी पापा, प्रज्ञा अय्यागरी (मिस सुपरनैशनल एशिया-2023) और ज्वैलरी लवर्स ने एशिया ज्वेल्स 2024 के डेट अनाउंसमेंट इवेंट में बेहतरीन वेडिंग और ब्राइडल ज्वैलरी का प्रदर्शन किया। एशिया ज्वेल्स शो एक खास इवेंट है जिसमें एक्सक्लूसिव और हाई-एंड फाइन ब्रांडेड गोल्ड, डायमंड, पोल्की, फ्यूजन, ट्रेडिशनल ज्वेलरी आदि प्रदर्शित की जाती है। इस इवेंट में फाइन गोल्ड ज्वेलरी, डायमंड ज्वेलरी, प्लेटिनम ज्वेलरी, ट्रेडिशनल ज्वेलरी, वेडिंग ज्वेलरी, प्रेशियस स्टोन ज्वेलरी, कुंदन, जड़ाऊ और पोल्की ज्वेलरी जैसे कुछ लेटेस्ट कलेक्शन प्रदर्शित किए जाते हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए हरीश सचदेव मुख्य आयोजक एशिया ज्वेल्स शो ने कहा कि एशिया ज्वेल्स शो हैदराबाद शहर में देश के प्रसिद्ध 50 ज्वेलरी ब्रांड्स को प्रदर्शित करने वाली बेहतरीन ज्वेलरी प्रदर्शनियों में से एक है। आगामी विवाहोत्सव के मौसम के लिए अपने आभूषणों की खरीदारी करें या उन्हें पहले से बुक करें और सभी भावी दूल्हे और दुल्हनों के लिए, इस तरह का मेला एक ऐसी जगह है जहाँ आपको बेहतरीन आभूषण, डिज़ाइन और कीमती पत्थर एक ही छत के नीचे मिल जाएँगे। यह दक्षिण भारत में उत्तम और विश्व स्तरीय आभूषण खरीदने के लिए एक आदर्श स्थान है।



विकास गार्मेन्ट्स के उद्घाटन समारोह में भाग लेने पहुंचे जामबाग डिविजन के पार्षद राकेश जायसवाल, बेगम बाजार के पार्षद जी. शंकर यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री मनोज एवं गोविंद राठी का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

# संकट मोचन दक्षिण वीर हनुमान मंदिर में पूजा एवं हवन कार्यक्रम जारी

**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री संकट मोचन दक्षिण मुखि वीर हनुमान मंदिर, सीआर नगर, कोतवालगुड़ा आनंद कन्वेंशन के समीप हिमायत सागर में चातुर्मास के लिए श्री अयोध्या धाम से पधारे महाराज श्री श्री 108 स्वामी गोपालाचारी जी विराजे हैं।



यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में मंदिर के पुजारी पंडित लाल शुक्ला एवं विनीत शुक्ला महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर में प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को रात्रि में सम्पुट सहित हनुमान चालीसा का पाठ, आरती एवं हवन जारी है। नगर के धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कर महाराज के दर्शन एवं पूजा-अर्चना, हवन में भाग लेने का आग्रह किया।

# चेतना एक आत्म सम्मेलन का नन्दोत्सव सम्पन्न



**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** चेतना एक आत्म सम्मेलन द्वारा नन्दोत्सव भव्य रूप से मनाया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में चेतना एक आत्म सम्मेलन की अध्यक्षा रमा बाजोरिया ने बताया कि लोअर टैंक बंड स्थित जगदीश मंदिर में नन्दोत्सव के अंतर्गत राधा-कृष्ण के भजन, कृष्ण जन्म, दही हांडी उत्सव, बाल लीलाएं तथा राधा-कृष्ण रास प्रस्तुत किया गया। इस



अवसर पर सभी सदस्यों ने सुंदर गोपाल-राधा की वेष-भूषा में सज-धज कर कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में बालक-बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। जन्मोत्सव पर बधाई दी गई। नृत्य कला में प्रथम पुरस्कार मेघा रानी और अनुपमा, द्वितीय पुरस्कार सोनल एवं अतिथि और विनीता ऋति विशेष सुमन अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, लता सारडा, रमा गुप्ता, प्रेम लता अग्रवाल, बालिकाओं में प्रथम वी. संघी एवं द्वितीय पुरस्कार सहज और निमिश को दिया गया। सुंदर वेष-भूषा के लिए सत्वनती सरायवाला को दिया गया। विशेष कृष्ण बने कियारा को भी पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम के सहयोगी थे- तारा सारडा, शोभा राठी, विजय बंग, लता सारडा, मेघा अग्रवाल। सभी ने कार्यक्रम की सुंदर व्यवस्था की । नन्दोत्सव में निर्मला संघी, कौशल्या सोनी, पूजा गुप्ता, उर्मिला आदि ने भी भाग लिया।



श्रीबालाजी फ्रेंड्स एसोसिएशन मिट्टी का शेर, चारकामन में स्थापित श्री गणेश महाराज की प्रतिमा की पूजा अर्चना के बाद उपस्थित नितेश, विकास, विवेक नारायण, पंकज वर्मा, रूपेश, अर्णव, अमृता, नेहा, तन्वी, नीतिन, कृष एवं अन्य।



केबीआर पार्क में इच्छा पूर्ति गणेश भगवान की पूजा के सोमवार के मुख्य यजमान सुचित्रा जी थे। पूजा-अर्चना में संयोजक राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार सरायवाला, गोपाल बल्दवा, अशोक सरायवाला, विजय कुमार तुंबी, आनंद कुमार, प्रवीण अग्रवाल, अशोक लखोटिया, श्रीनिवास यादव, के. प्रकाश गौड़, वी. श्रीनिवास, कृष्ण मूर्ति, रामूलू गौड़, वेंकटेश गौड़, इन्द्रपाल सिंग, मंसाराम अग्रवाल, अजय कुमार, आनंद कुमार, बुरुगु रवींद्र, के. शिव कुमार, बालुदु, माया अग्रवाल आदि उपस्थित थे।


शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, M MAHESWARI Spouse of Service No. 14439942W Hav(OPR) SURESH KUMAR K, R/o.Vill and Po:Pasumather, Teh:Katpadi, Dist:Vellore, Tamilnadu-632506 have changed my name from **M MAHESWARI** to **S MAGESHWARI** vide affidavit dt:9-9-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME AND DOB**

I, K VANDA MANI Mother of Service No. 14439942W Hav(OPR) SURESH KUMAR K, R/o.Vill and Po:Pasumather, Teh:Katpadi, Dist:Vellore, Tamilnadu - 632506 have changed my name and DOB from **K VANDA MANI**, DOB:**06-07-1953** to **VENDAMANI K**, DOB:**01-01-1963** vide affidavit dt:9-9-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, Service No. 14439942W Hav(OPR) SURESH KUMAR K, R/o. Vill and Po::Pasumather, Teh:Katpadi, Dist:Vellore, Tamilnadu-632506 that my son name is changed from **HEMATH KUMAR** to **S HEMANTH KUMAR** and daughter name is changed from **SHARMILA** to **S SHARMILA** vide affidavit dt:9-9-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, ANUSRI DAS spouse of Service No.JC 677810A Nb/Sub MILTON DEY, R/o. Vill and Po:Nagartala, Teh:Canning, Dist:South 24 Parganas, West Bengal - 743376 have changed my name from **ANUSRI DAS** to **ANUSRI DEY DAS** vide affidavit dt:9-9-2024 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad

**CHANGE OF NAME**

I, POOVATHY J is legally dependent Mother of Service No. 17007849W, Rank: NK/AUTO TECH 'A' VEH, Name: JEYAKUMAR J. Unit: 2 TRG BN 1 EME CENTER, SECUNDERABAD, Residing at H.NO. 2/68, Vill: VELLAKULAM, PO: VELLAKULAM, Teh: KALLIGUDI, Dist: MADURAI, State: TAMIL NADU, Pin:625701, I have Changed my name From **POOVATHY J** to **J POOPATHY**, My Date of Birth 03-04-1971, Affidavit Singed By advocate and Notary G. Samuel, Bsc, LLB

**CHANGE OF NAME**

I, Service No. 6941586X Hav KARAKAVALASA RAMESH BABU, R/o.Vill:Gopalapuram, Po:Labara, Teh:Pathapatnam, Dist:Srikakulam, Andhra Pradesh-532213 that my daughter name is to be changed from **K PAVANI** to **KARAKAVALASA PAVANI** and Son name is to be changed from **K JITENDRA** to **KARAKAVALASA JITENDRA** vide affidavit dt:9-9-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.


## शेयर मार्केट



बीएसई : 81,559.54
+375.61 +0.46%) ↑
एनएसई :24,936.40
84.25 (0.34%) ↑

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 73,570/- (प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 84,055/- (प्रति किलोग्राम)

# प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना में 23 लाख से अधिक कृषक शामिल

**नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** छोटे और सीमांत किसानों की पेंशन के लिए आरंभ की गयी प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना में अभी तक 23 लाख 38 हजार से अधिक कृषक शामिल हो चुके हैं।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण योजना ने सोमवार को यहां बताया कि छह अगस्त तक 23.38 लाख किसान प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना में शामिल हो चुके हैं। इस योजना में बिहार 3.4 लाख से अधिक पंजीकरण के साथ सबसे आगे है जबकि झारखंड 2.5 लाख से अधिक पंजीकरण के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में 2.5 लाख, छत्तीसगढ़ में दो लाख और ओडिशा में 1.5 लाख से अधिक किसानों का पंजीकरण हैं। दो हेक्टेयर तक की खेती योग्य भूमि वाले और राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश भूमि रिकॉर्ड में सूचीबद्ध सभी किसान इस योजना के तहत लाभ के लिए पात्र हैं।

मंत्रालय के अनुसार 12 सितंबर 2019 को शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना देश भर के सभी छोटे और सीमांत किसानों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। यह वृद्धावस्था पेंशन योजना एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है। इसके अंतर्गत पात्र छोटे और सीमांत किसानों को 60 वर्ष की आयु होने के बाद 3,000 रुपये की एक निश्चित मासिक पेंशन दी जाती है। पात्र होने के लिए, किसान 60 वर्ष की आयु होने की अवधि में पेंशन कोष में मासिक योगदान करते हैं, जिसमें केंद्र सरकार भी योगदान देती है।

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना में छोटे और सीमांत किसान पेंशन कोष में मासिक सदस्यता देकर नामांकन कर सकते हैं। इसमें 18 से 40 वर्ष की आयु के किसानों को 60 वर्ष की आयु तक 55 रुपये से 200 रुपये प्रति माह के बीच योगदान करना होगा। इस योजना में पारिवारिक पेंशन का प्रावधान है। पारिवारिक पेंशन लाभ केवल पति और पत्नी के लिए है।

# विदेशी बंदियों को निर्वासित करने की किस तरह की योजना बना रहा असम

**नई दिल्ली, 09 सितंबर (एजेंसियां)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को असम सरकार को नोटिस जारी कर पूछा कि वह राज्य के ट्रांजिट कैंप में बंद 200 से अधिक विदेशियों को निर्वासित करने की किस तरह की योजना बना रहा है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ट्रांजिट कैंप में बंद घोषित विदेशियों को निर्वासित करने के बारे में असम राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की एक रिपोर्ट पर असम सरकार से जवाब मांगा। पीठ ने पूछा, ट्रांजिट कैंप में बंद विदेशियों को किस तरह से निर्वासित किया जा सकता है? केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 14 अगस्त को शीर्ष अदालत के समक्ष एक हलफनामा दायर कर कहा था कि ट्रांजिट कैंप में करीब 211 घोषित विदेशी नागरिक हैं। पीठ ने शीर्ष अदालत रजिस्ट्री से असम विधिक सेवा प्राधिकरण की रिपोर्ट को रिकॉर्ड में रखने को कहा और यह सुनिश्चित करने को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार विदेशी नागरिकों को निर्वासित करने के लिए संयुक्त प्रयास करें।


**शुभ लाभ** का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/- | Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ........
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date ........ Drawn ........
Name of the Executive........
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10x10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS Hyderabad Balanagar

# तेलंगाना के आईआईएचटी का नाम कोंडा लक्ष्मण बापूजी के नाम पर रखा जाएगा : रेवंत

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को हर साल दो साड़ियां दी जाएंगी




**हैदराबाद 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने सोमवार को यहां भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएचटी) का उद्घाटन किया और कहा कि इसका नाम तेलंगाना आंदोलन के लिए अपना बलिदान देने वाले कोंडा लक्ष्मण बापूजी के नाम पर रखा जायेगा।श्री रेड्डी ने ललिता कलाथोरनम में आईआईएचटी का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह देश का छठा ऐसा संस्थान होगा जिसकी स्थापना हथकरघा क्षेत्र में नयी विधियों और नवीनतम विकास में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से की गयी है ताकि हथकरघा उद्योग को कपड़ा उद्योग के अन्य क्षेत्रों से चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने तेलंगाना में आईआईएचटी की स्थापना पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि पहले छात्रों को हथकरघा पाठ्यक्रम करने के लिए आंध्र प्रदेश और ओडिशा जाना पड़ता था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पिछले एक दशक में तेलंगाना में इस तरह का संस्थान स्थापित करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। रेड्डी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से चर्चा के बाद आईआईएचटी स्थापित करने की अनुमति दी गई। समय की बर्बादी न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए इस साल तेलुगु विश्वविद्यालय में कक्षाएं शुरू होंगी और अगले साल संस्थान को कौशल विश्वविद्यालय में स्थानांतरित करने की योजना है।

मुख्यमंत्री ने प्रत्येक छात्र को 2,500 रुपये मासिक वजीफा देने की भी घोषणा की।

उन्होंने लंबित बकाया राशि में 290 करोड़ रुपये जारी करने के साथ बुनकरों को समर्थन देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। सरकार राज्य में स्वयं सहायता समूहों के 63 लाख सदस्यों में से प्रत्येक को सालाना दो साड़ियाँ वितरित करने की भी योजना बना रही है, जिसमें स्थानीय बुनकरों को सालाना 30 लाख साड़ियों का ऑर्डर दिया जाएगा।

इसके अलावा, रेड्डी ने आश्वासन दिया कि बुनकरों के 30 करोड़ रुपये के हथकरघा ऋण माफ किए जाएंगे, जिससे वे कर्ज मुक्त हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आईआईएचटी का नाम तेलंगाना आंदोलन के लिए अपने बलिदान के लिए पहचाने जाने वाले नेता कोंडा लक्ष्मण बापूजी के नाम पर रखा जाएगा और अधिकारियों को इसे लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। कपड़ा और कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने भी कार्यक्रम में बात की और किसानों और बुनकरों दोनों के लिए सरकार की प्राथमिकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि हथकरघा क्षेत्र के लिए तकनीकी चुनौतियां एक बड़ा मुद्दा हैं और हथकरघा उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने महज 10 दिनों के भीतर आईआईएचटी की त्वरित स्थापना का उल्लेख किया और पुष्टि की कि आईआईएचटी को जल्द ही कौशल विश्वविद्यालय में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। राव ने मुख्यमंत्री के प्रयासों, विशेष रूप से रेवंत रेड्डी की कम उम्र में सभी समुदायों की सेवा करने के प्रति समर्पण की प्रशंसा की।

## रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए अपील की

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने राज्य में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए सभी से अपना समर्थन देने का आह्वान किया है। उन्होंने गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), कॉर्पोरेट कंपनियों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्तियों से आगे आकर योगदान देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने राहत उपायों में सामूहिक प्रयास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जोर दिया, बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए जितना हो सके उतना मदद करें। यह मानवता दिखाने का समय है। तेलंगाना मुख्यमंत्री राहत कोष में दान ऑनलाइन बैंकिंग, चेक, डिमांड ड्राफ्ट या यूपीआई भुगतान ऐप का उपयोग करके क्यूआर कोड को स्कैन करके किया जा सकता है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत योगदान करने की इच्छुक कॉर्पोरेट संस्थाएँ भुगतान के लिए दिए गए दूसरे क्यूआर कोड का उपयोग कर सकती हैं।

# स्पीकर कार्यालय को दल बदलने वाले विधायकों पर 4 सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का आदेश



**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय को दल बदलने वाले विधायकों की अयोग्यता पर चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया। अदालत ने चेतावनी दी कि यदि इस समय सीमा के भीतर कोई निर्णय नहीं लिया जाता है, तो वह मामले को स्वत: संज्ञान में लेगी और सुनवाई फिर से शुरू करेगी।

बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) पार्टी की ओर से चुने गए कई विधायक कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। जवाब में, बीआरएस विधायक पी. कौशिक रेड्डी और केपी विवेकानंद गौड़ ने भाजपा विधायक एलेटी महेश्वर रेड्डी के साथ मिलकर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दलबदलू विधायकों- दमन नागेंद्र, तेलम वेंकटराव और कडियम श्रीहरि को अयोग्य ठहराने की मांग की। याचिकाकर्ताओं ने कार्यवाही के दौरान सुप्रीम कोर्ट के फैसलों, विभिन्न राज्यों के फैसलों और दलबदल अधिनियम के प्रावधानों का हवाला दिया। हाईकोर्ट की बेंच, जिसने कई मौकों पर दलीलें सुनी थीं, ने मामले को अपने फैसले के लिए सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया था। अदालत के फैसले का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था और कई लोग इसके नतीजे को देखने के लिए उत्सुक थे। बेंच ने आखिरकार स्पीकर के कार्यालय सचिव को चार सप्ताह के भीतर दलबदलू विधायकों के मुद्दे को सुलझाने का निर्देश दिया। दल बदलने वाले विधायकों में दानम नागेंदर (खैरताबाद), प्रकाश गौड़ (राजेंद्रनगर), गूडेम महिपाल रेड्डी (पटनचेरु), काले यादैया (चेवेल्ला), अरीकेपुड़ी गांधी (शेरिलिंगमपल्ली), बंदला कृष्णमोहन रेड्डी (गडवाल), एम. संजय कुमार (जगतियाल), पोचारम श्रीनिवास रेड्डी (बांसवाड़ा), तेलम वेंकटराव (भद्राचलम) और कडियम श्रीहरि (थाना घनपुर) शामिल हैं।

## हरीश राव ने अयोग्यता याचिका पर तेलंगाना उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया



**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस नेता टी. हरीश राव ने दलबदलू बीआरएस विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर तेलंगाना उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए इसे लोकतंत्र की जीत बताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला कांग्रेस पार्टी की अलोकतांत्रिक नीतियों और दलबदल से संबंधित कार्रवाइयों के लिए एक कड़ी फटकार है।

एक बयान में, हरीश राव ने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले ने उन विधायकों की अयोग्यता को बरकरार रखा है जो अपनी पार्टियों से दलबदल कर गए थे, जिससे उनके संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि बीआरएस इन उपचुनावों में विजयी होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि विधानसभा अध्यक्ष अगले चार हफ्तों के भीतर उच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार काम करेंगे।

# मीडिया अकादमी के अध्यक्ष ने सभी पात्र पत्रकारों को आवास का आश्वासन दिया

**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मीडिया अकादमी के अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी ने आश्वासन दिया कि सभी पात्र पत्रकारों को सरकारी नियमों के अनुसार आवास मिलेगा।

उन्होंने यह बयान सोमवार को बशीर बाग में तेलंगाना यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (टीयूडब्ल्यूजे) कार्यालय में आयोजित एक समारोह के दौरान दिया, जहां कलुकुरी रामुलु को टीयूडब्ल्यूजे का राज्य उप महासचिव नियुक्त किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में, श्रीनिवास रेड्डी ने रामुलु को उनकी नई भूमिका के लिए बधाई दी और पत्रकारों के लिए आवास प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने जवाहर लाल नेहरू सोसाइटी को भूमि आवंटन के लिए 18 साल के संघर्ष का हवाला दिया, इस बात पर जोर देते हुए कि प्रत्येक कार्यरत पत्रकार, चाहे वह किसी भी हाउसिंग सोसाइटी में मान्यता या सदस्यता रखता हो, सरकार के नियमों के तहत आवास के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होगा।

रेड्डी ने कुछ पत्रकारों द्वारा उठाई गई चिंताओं को भी संबोधित किया जो किसी भी हाउसिंग सोसाइटी के सदस्य नहीं हैं, उन्हें आश्वासन दिया कि उनके आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने पत्रकारों के मुद्दों को संबोधित करने में संघ की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, पिछले प्रयासों को याद किया जिसके परिणामस्वरूप पत्रकारों को जुबली हिल्स, बंजारा हिल्स और गोपनपल्ली जैसे क्षेत्रों में आवास हासिल हुआ। उन्होंने कहा कि मान्यता सुविधा सहित ये उपलब्धियाँ संघ के संघर्षों के माध्यम से संभव हुईं। कार्यक्रम में बोलते हुए, टीयूडब्ल्यूजे के राज्य अध्यक्ष के वी. अली ने संघ को मजबूत करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग से रामुलु की नियुक्ति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य भर में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकारों को एकजुट करने के लिए जल्द ही एक विशेष इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। अली ने महिला पत्रकारों की भूमिका को बढ़ाने के लिए एक विशेष विंग के गठन की भी घोषणा की।

# कांग्रेस सरकार सभी वादे पूरे करेगी : कुमार

**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बी. महेश कुमार ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस सरकार राज्य में अपने सभी वादे पूरे करेगी।श्री कुमार ने कुतबुल्लापुर से खम्मम जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखायी। इस अवसर पर उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान विपक्ष की आलोचना पर निराशा जतायी। उन्होंने राज्य को 7.5 लाख करोड़ रुपये के कर्ज के साथ छोड़ने के लिए पिछले मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की आलोचना की।




उन्होंने कहा कि मौजूदा मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए वादों को लागू करते हुए अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए काम कर रहे हैं।

महेश कुमार ने दोहराया कि कांग्रेस द्वारा किए गए हर वादे को लागू किया जाएगा और कहा कि कांग्रेस के नौ महीने के शासन के दौरान सरकार के प्रदर्शन से लोग संतुष्ट हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि नेता और कार्यकर्ता सरकार से और भी अधिक मेहनत करने का आग्रह कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में अधिकांश सीटें जीतेगी और पार्टी सरकार के साथ मिलकर काम करेगी।

## नए अध्यक्ष के सामने टीपीसीसी पदाधिकारियों की नियुक्ति में बड़ी चुनौती

**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सत्तारूढ़ कांग्रेस ने लंबे विचार-विमर्श के बाद तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के नए अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, लेकिन उसके सामने राज्य पदाधिकारियों की नियुक्ति और मंत्रिमंडल विस्तार के रूप में एक बड़ी चुनौती है। हाल ही में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने पार्टी के वफादार कार्यकर्ता बोम्मा महेश कुमार गौड़ को टीपीसीसी का नया अध्यक्ष चुना है। जल्द ही गौड़ कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता और पार्टी की संबद्ध शाखाओं के प्रमुखों के रूप में अपनी टीम के पदाधिकारियों की नियुक्ति करेंगे। हालांकि, पार्टी के भीतर बदलते माहौल को देखते हुए महेश गौड़ के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति करना एक बड़ी चुनौती होगी। मंत्रियों के सत्ता केंद्र होने के कारण नए टीपीसीसी प्रमुख को पदाधिकारियों के चयन में कठिन विकल्प चुनने होंगे और सामाजिक संतुलन भी सुनिश्चित करना होगा।




# गणेश चतुर्थी से गणेश विसर्जन तक प्रतिदिन अन्न प्रसाद का आयोजन

**हैदराबाद, 09 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** लव फॉर काऊ फाउडेशन द्वारा शनिवार 07 सितम्बर से मंगलवार 17 सितम्बर 2024 तक प्रतिदिन सायं 7.30 से 8.30 बजे तक होस्टल की 200 युवतियो के साथ साथ अन्यों के लिए अन्न प्रसाद का आयोजन कोठी स्थित पूर्व ताजमहल होटल मिथिला कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है।

आज यहाँ लव फॉर काऊ फाउंडेशन द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गणेश नवरात्री के पावन अवसर पर फाउंडेशन द्वारा अन्न प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप में स्वामी नारायण गुरूकुल के ट्रस्टी नानजीभाई पटेल, पुलिस विभाग के पूर्व डीसीपी ए.के. वाजपेयी, प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरीयल फाउण्डेशन की संस्थापक मंत्री रिद्धीश जागीरदार, श्री गुजराती प्रगती समाज के कार्यकारीणी सदस्य दिनेश गोसर, समाजसेवी महेन्द्र अग्रवाल, समाज सेवी रमेश



मजेठिया, श्री गुजराती ब्रह्म समाज अध्यक्ष तरूण महेता, मंत्री अजय ओजा, गौरक्षा दल के भवानी सिंह आदि ने भाग लिया।रिद्धीश जागीरदार ने अवसर पर बताया कि लव फॉर काऊ फाउंडेशन संस्था द्वारा गौसेवा कार्यक्रमो के साथ साथ विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमो का आयोजन करती है। जिसमें जरूरतमंदो की सहायता करना मुख्य है। संस्था विगत कई वर्षों से दशहरा, दीपावली क्रिसमस एवं रमजान ही नहीं बल्की भारत मे मनाये जाने वाले सभी त्योहार व पर्व के अवसर पर भी विभिन्न क्षेत्रों में नि:शुल्क पोशाक, कम्बल, भोजन वितरण, स्वास्थ्य किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है।उन्होने आगे कहा कि आज संस्था द्वारा फाउंडेशन के चेरमेन जसमतभाई पटेल ने उनके काम्प्लेक्स मे स्थित होस्टल की युवतीयो से कहा कि अगर वह लोग रोज भगवान गणेश के दर्शन, पूजा के पश्चात गौसेवा अंतर्गत रोज एक रुपए डोनेशन बॉक्स में डालेंगी तो उनके लिए गणेश नवरात्री के अंतर्गत रोज रात्री अन्न प्रसादम का आयोजन किया जायेगा। जिसे स्वीकारते हुए सभी युवतीयो ने यह आश्वासन दिया की वह रोज रात्री भगवान के दर्शन एवं गौमाता के लिए एक रूपये दान करने के बाद ही रात्री भोजन ग्रहण करेंगी।

SEVEN HILLS BANK
सेवन हिल्स को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लि.
Regd. No. TA-1452 HO : 15-9-372/13, Mahaboob Gunj, Siddiamber Bazar, Hyderabad-500 012.

ELECTION NOTICE
(UNDER RULE 22-B OF THE TCS RULES, 1964)

All the members of the Seven Hills Co-operative Urbank Bank Ltd., Regd. No. TA-1452, Mahaboob Gunj, Hyderabad, are hereby informed that the Elections to the Managing Committee of the Bank are ordered by the State Co-operative Election Authority, Telangana State, Hyderabad vide proceedings Rc.No. 3050/HYD/SCEA/2024, dated : 04-09-2024 which is to be held on 23-09-2024 through General Meeting. Detailed election programme is shown below :

DETAILED PROGRAMME

| DATE | TIME | PROGRAMME |
|---|---|---|
| 12-09-2024 13-09-2024 17-09-2024 | 11 am to 3 pm | Filing of Nomination for the post of Managing Committee Members |
| 18-09-2024 | 11 am onwards | Scrutiny of Nominations & Publications of Valid list of Nominations |
| 19-09-2024 | Upto 5 pm | Withdrawal of Nominations |
| | After 5:30 pm | Publication of Final List of Nominations |
| Venue : Seat of the Society i.e. at H.No. 15-9-372/13, 1st Floor, Mahaboob Gunj, Nampally(M), Hyderabad District-500 012 (Telangana) | | |
| 23-09-2024 | 9 am to 4 pm | POLLING (By Secret Ballot) |
| | After Polling | Counting & Declaration of Results |
| Venue : Baheti Bhavan, Beside Rajdhani Hotel, Siddiamber Bazar, Hyderabad (TG) | | |

The Nomination forms may be obtained from the Election Officer or the person authorised by him on written requisition on 12-09-2024, 13-09-2024 & 17-09-2024
*For Further details, contact the Election Officer. Cell : 8121880199
Date : 09-09-2024
Sd/- S.CHANDRA MOHAN REDDY
Deputy Registrar / Election Officer
Note : The members are requested to bring Photo Identity Cards issued by the Bank or other proof of Photo Identity for the purpose of Identification at Polling Station.




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.